RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 237
नई दिल्ली, मंगलवार, 4 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





खालिस्तानी विचारधारा भारत या सहयोगी देशों के लिए ठीक नहीं
राष्ट्रीय-11


# प्रफुल्ल पटेल व तटकरे राकांपा से निष्कासित

- शरद पवार ने उठाया कदम, जवाबी कार्रवाई में पटेल ने बनाई नई टीम तटकरे को पार्टी की महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष, अजित पवार को विधायक दल का नेता नियुक्त किया
- राकांपा ने अजित पवार, आठ अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका दायर की, नोटिस जारी किए

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



मुंबई में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में छगन भुजबल, प्रफुल्ल पटेल तथा सुनील तटकरे के साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार।

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने अपने कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते सोमवार को निष्कासित कर दिया। इन दोनों नेताओं ने अजित पवार की बगावत में उनका साथ दिया है। राकांपा प्रमुख शरद पवार ने यह कदम अजित पवार के एकनाथ शिंदे-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में बतौर उपमुख्यमंत्री शामिल होने के बाद उठाया है। अजित पवार के साथ आठ अन्य विधायकों ने भी रविवार को मंत्री पद की शपथ ली थी, जिनमें तटकरे की बेटी अदिति भी शामिल हैं। इस बीच, राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष पद से हटाए जाने के तुरंत बाद प्रफुल्ल पटेल ने सोमवार शाम को जयंत पाटिल की जगह लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे को पार्टी की महाराष्ट्र इकाई का प्रमुख नियुक्त करने की घोषणा की। पटेल ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार को पार्टी विधायक दल का नेता भी नियुक्त किया। राज्यसभा सदस्य पटेल को पिछले महीने राकांपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

पटेल ने यहां प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने पाटिल को तटकरे को प्रभार सौंपने के बारे में सूचित किया था। उन्होंने कहा कि अजित पवार राकांपा विधायक दल के नेता होंगे। पटेल ने कहा, आज गुरु पूर्णिमा है, हम सभी चाहते हैं कि शरद पवार हमें आशीर्वाद देते रहें। इस दौरान अजित पवार ने कहा कि उन्हें राकांपा के अधिकतर विधायकों का समर्थन प्राप्त है और उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर पार्टी विधायक जयंत पाटिल और जितेंद्र आव्हाड को सदन से अयोग्य घोषित करने का अनुरोध किया है। इससे पहले पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने शरद पवार को पत्र लिखकर दोनों सांसदों को उनकी संसद सदस्यता से अयोग्य घोषित कराने के लिए कदम उठाने की मांग की है। शरद पवार ने ट्वीट किया, मैं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते पार्टी विरोधियों गतिविधियों को लेकर सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल के नाम राकांपा सदस्यों की पंजी (रजिस्टर) से हटाने का आदेश देता हूं। साथ ही, उन्होंने राज्यसभा सदस्य पटेल को भी ट्वीट में टैग किया, जिन्हें पिछले महीने ही राकांपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। पवार ने तटकरे को भी अपने ट्वीट में टैग किया है। बाद में, राकांपा प्रमुख ने पटेल और तटकरे को नोटिस जारी किया तथा कहा कि उनके कृत्य पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के लिए उन्हें अयोग्य करार दिए जाने लायक हैं। (शेष पेज 9)

## शिंदे को लेकर जारी अटकलों को भाजपा ने किया खारिज

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार के महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो जाने के बाद वह शिवसेना नेता व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को किनारे लगा सकती है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने दावा किया है कि शिंदे लंबे समय तक मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय में दावा किया है कि भाजपा महाराष्ट्र में (48 में से) 45 से अधिक लोकसभा सीटें जीतना चाहती है और उसे लगता है कि शिंदे इस दिशा में कुछ नहीं कर सकते। (शेष पेज 9)

## शरद पवार ने किया शक्ति प्रदर्शन



महाराष्ट्र के कराड में सोमवार को जनसभा को संबोधित करते शरद पवार।

- कहा-अजित पवार की बगावत को मेरा आशीर्वाद प्राप्त नहीं

**पीएनएस/एजेंसी।** सतारा

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को इन अटकलों को खारिज कर दिया कि उनके भतीजे अजित पवार की बगावत को उनका आशीर्वाद प्राप्त है। राकांपा प्रमुख ने पार्टी पर अपना अधिकार प्रदर्शित करने के लिए शक्ति प्रदर्शन किया है। उनके भतीजे की बगावत के चलते पार्टी सबसे बड़े संकट का सामना कर रही है। उन्होंने पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा जिले में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने कुछ नेताओं की हरकतों की परवाह किए बिना राकांपा को मजबूत करने और पार्टी कार्यकर्ताओं का विश्वास बढ़ाने के लिए राज्यव्यापी यात्रा शुरू की है। यह पूछे जाने पर कि रविवार को अजित पवार द्वारा की गई बगावत को क्या उनका आशीर्वाद प्राप्त था, राकांपा प्रमुख ने कहा, यह कहना तुच्छ बात है। केवल तुच्छ और कम बुद्धि वाले ही ऐसा कह सकते हैं। मैंने राज्य का दौरा करने और कार्यकर्ताओं में जोश भरने की एक योजना तैयार की है। कुछ नेताओं ने जो किया है उससे उन्हें हताश नहीं होना चाहिए।

इससे अलग, सतारा जिले के कराड में राकांपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र एवं देश में साम्प्रदायिक विभाजन पैदा करने वाली ताकतों का मुकाबला करने की जरूरत है। (शेष पेज 9)

# आदिवासियों को यूसीसी से रखें बाहरः सुशील मोदी

- संसदीय पैनल की बैठक में कांग्रेस, द्रमुक व शिवसेना (उद्धव) ने यूसीसी पर विचार-विमर्श की प्रक्रिया के समय को लेकर उठाए सवाल

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**भाजपा** सांसद सुशील कुमार मोदी ने उनकी अध्यक्षता में हुई एक संसदीय समिति की बैठक में समान नागरिक संहिता बनने की स्थिति में पूर्वोत्तर एवं अन्य क्षेत्रों के आदिवासियों को इसके दायरे से बाहर रखने की वकालत की है। वहीं, कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने इस विवादित मुद्दे पर विचार-विमर्श शुरू करने के विधि आयोग के कदम पर सवाल उठाया।

सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस, द्रमुक सहित ज्यादातर विपक्षी दलों के सदस्यों ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर जोर दिए जाने को अगले लोकसभा चुनाव से जोड़ा। बैठक में शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि कई देशों में समान नागरिक संहिता है और उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों एवं समुदायों की चिंताओं पर भी ध्यान देने को कहा। राउत ने इस विषय पर विचार-विमर्श की प्रक्रिया शुरू करने के समय को लेकर भी सवाल उठाए।

कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा और द्रमुक सांसद पी विल्सन ने यूसीसी पर लोगों और अन्य हितधारकों से सुझाव आमंत्रित करने के विधि आयोग के कदम पर सवाल उठाते हुए अलग-अलग लिखित बयान सौंपा। बैठक में विधि आयोग का प्रतिनिधित्व उसके सदस्य सचिव के विस्वाल ने किया। तन्खा और विल्सन ने कहा कि परिवार कानून में सुधार को लेकर 31 अगस्त 2018 के विधि आयोग के परिचर्चा पत्र को देखा है और इसमें यूसीसी को इस स्तर पर न तो जरूरी और न ही वांछनीय बताया गया है। कांग्रेस सांसद एवं समिति के सदस्य विवेक तन्खा ने अपने ट्वीट में संसदीय समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार मोदी को तीन जुलाई को लिखा पत्र साझा किया। पत्र में तन्खा ने कहा कि परिवार कानून में सुधार को लेकर 31 अगस्त 2018 के परिचर्चा पत्र को देखने के बाद उनका मानना है कि इस परिचर्चा पत्र को सभी पक्षकारों के विचारार्थ अधिसूचित किया गया था और इसलिए लोगों की राय प्राप्त करने के बाद एक रिपोर्ट तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि एकरूपता लाने से संविधान के कई प्रावधानों और खास तौर पर छठी अनुसूची और अनुच्छेद 37 (ए) से (आई) का उल्लंघन होगा। (शेष पेज 9)

# एलजी ने 400 विशेषज्ञों को किया बर्खास्त

- दिल्ली सरकार पर भर्ती में अनियमितता बरतने व नियमों का उल्लंघन करने का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उपराज्यपाल** वीके सक्सेना ने दिल्ली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में नियुक्त किए गए करीब 400 विशेषज्ञों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। भर्ती में अनियमितता और नियमों के उल्लंघन को बर्खास्तगी की वजह बताया गया है। इस फैसले से उपराज्यपाल और सत्तारूढ़ आप के बीच टकराव बढ़ने की आशंका है।

उपराज्यपाल कार्यालय ने एक बयान में कहा कि ये विशेषज्ञ गैर-पारदर्शी तरीके से और सक्षम प्राधिकारी की अनिवार्य मंजूरी के बिना नियुक्त किए गए थे। बयान में कहा गया कि नियुक्तियों में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा निर्धारित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य आरक्षण नीति का भी पालन नहीं किया गया। अरविंद केजरीवाल सरकार की ओर से इस मामले में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। एलजी कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने दिल्ली सरकार द्वारा विभिन्न विभाग एवं एजेंसियों में फेलो/सलाहकार/उप सलाहकार/विशेषज्ञ/वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी/परामर्शदाता आदि के रूप में नियुक्त लगभग 400 निजी व्यक्तियों की सेवाओं को तुरंत समाप्त करने के सेवा विभाग के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है। इसमें कहा गया कि सेवा विभाग ने पाया कि ऐसे कई निजी व्यक्ति पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापनों में निर्धारित शैक्षिक और कार्य पात्रता मानदंडों को भी पूरा नहीं करते हैं। बयान में यह भी आरोप लगाया गया कि संबंधित प्रशासनिक विभागों ने भी इन निजी व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत कार्य अनुभव प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता को सत्यापित नहीं किया और कई मामलों में हेराफेरी पाई गई।

# प्रधानमंत्री ने मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की

- कहा-जनता को विकास कार्यों से अवगत कराएं सदस्य

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्रिपरिषद में फेरबदल की अटकलों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने विगत नौ वर्षों में कई विकास कार्य किए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, राजधानी स्थित प्रगति मैदान के नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष में हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों से अगले नौ महीनों में लोगों को केंद्र सरकार के कार्यों के बारे में जानकारी देने के लिए हरसंभव प्रयास करने को कहा।

सितंबर में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन इसी सम्मेलन कक्ष में किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि बैठक में 2047 तक बुनियादी ढांचे से लेकर बजट के आकार तक कई क्षेत्रों में भारत की संभावित विकास यात्रा पर एक प्रस्तुति भी दी गई। वर्ष 2047 में भारत अपनी स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष मनाएगा। सूत्रों ने कहा कि इससे भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो जाएगा। मोदी ने 2023 से 2047 तक के सफर को देश के लिए अमृत काल बताया। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने वैश्विक चुनौतियों का जिक्र किया और देश के विकास की सराहना की। सूत्रों ने कहा कि विदेश और रक्षा समेत विभिन्न मंत्रालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई सचिवों ने बैठक के दौरान अपने विचार रखे, जिसमें मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा को भी अभूतपूर्व सफलता के लिए रेखांकित किया गया। करीब साढ़े चार घंटे तक चली बैठक में उनकी मिस्र यात्रा पर भी प्रकाश डाला गया। सूत्रों ने बताया कि इस बात पर भी चर्चा की गई कि बजटीय आवंटन को सही तरीके से कैसे लागू किया जाए। बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, मंत्रिपरिषद के साथ एक सार्थक बैठक, जहां हमने विभिन्न नीतिगत मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने बैठक से जुड़ी तस्वीरें भी साझा कीं। मंत्रिपरिषद की बैठक में, कुछ मंत्रालय आमतौर पर अपने काम के बारे में एक प्रस्तुति देते हैं, जिसमें प्रधानमंत्री अपने विचार साझा करते हैं। प्रधानमंत्री ने बैठक को संबोधित भी किया। हालांकि, उन्होंने क्या कहा, इसके बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई। इस साल केंद्रीय मंत्रिपरिषद की यह दूसरी बैठक है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी ही एक बैठक जनवरी में आम बजट पेश होने से पहले की थी। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में 2024 के आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति पर भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2021 में आखिरी बार अपने मंत्रिपरिषद में फेरबदल और विस्तार किया था। इसके बाद उन्होंने कुछ मौकों पर कुछ मंत्रियों के विभागों में बदलाव किया था। वर्ष 2021 के मंत्रिपरिषद में फेरबदल और विस्तार के तहत मोदी ने 36 नए चेहरों को जगह दी थी, जबकि 12 तत्कालीन मंत्रियों की पद से छुट्टी कर दी थी। जिन मंत्रियों की छुट्टी की गई थी, उनमें डीवी सदानंद गौड़ा, रविशंकर प्रसाद, रमेश पोखरियाल निशंक, प्रकाश जावड़ेकर, संतोष गंगवार, बाबुल सुप्रियो, हर्षवर्धन प्रमुख थे। इस मंत्रिपरिषद विस्तार में मोदी ने अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया और भूपेंद्र यादव जैसे नेताओं को शामिल किया था, जबकि अनुराग ठाकुर, किरेन रीजीजू और मनसुख मांडविया को पदोन्नत किया था। सूत्रों का कहना है कि आगामी चुनावों के मद्देनजर इस बार के मंत्रिपरिषद विस्तार में सरकार और संगठन के बीच तालमेल बैठाने के प्रयास के तहत कुछ कैबिनेट मंत्रियों को संगठन में जगह दी सकती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से मांगा विज्ञापन खर्च का ब्योरा

- आरआरटीएस परियोजना को धनराशि देने में असमर्थता जताने पर आप सरकार को सर्वोच्च अदालत में कड़ी फटकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना के निर्माण के लिए धन देने में असमर्थता जताने को लेकर दिल्ली सरकार को सोमवार को फटकार लगाई और उसे पिछले तीन वित्तीय वर्षों में विज्ञापनों पर खर्च किए गए धन का ब्योरा देने का निर्देश दिया। यह धनराशि आरआरटीएस खंड के निर्माण के लिए दी जानी है। रेपिड रेल राष्ट्रीय राजधानी को राजस्थान और हरियाणा से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है। न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने आप सरकार को दो सप्ताह के भीतर विज्ञापन पर खर्च का ब्योरा देते हुए एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ का यह निर्देश उस वक्त आया जब दिल्ली सरकार के वकील ने पीठ को बताया कि धन की कमी है। इसके साथ ही दिल्ली सरकार ने वित्तीय मदद करने में असमर्थता व्यक्त की। अदालत ने कहा कि आप चाहते हैं कि हम यह जानें कि आपने कौन सी राशि कहां खर्च की? विज्ञापन के लिए सारी धनराशि इस परियोजना में खर्च की जाएगी। क्या आप इस तरह का आदेश चाहते हैं? क्या आप ऐसा चाहते हैं? पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार ने साझा परियोजना के लिए धन देने में असमर्थता जताई है। चूंकि इस परियोजना में धन की कमी एक बाधा है, इसलिए हम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (एनसीटीडी) सरकार की ओर से एक हलफनामा चाहते हैं, जिसमें विज्ञापन के लिए खर्च किए गए धन का ब्योरा दिया गया हो। (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर सरकार से ताजा स्थिति रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को मणिपुर सरकार को जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में पुनर्वास सुनिश्चित करने और कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी वाली एक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। इस बीच, राज्य सरकार ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से कहा कि हालात में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है, इसलिए अब कर्फ्यू की अवधि 24 घंटे में घटा कर पांच घंटे कर दी गई है। पीठ ने मुद्दे पर याचिकाओं की सुनवाई 10 जुलाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा, हमें केवल यह बताइए कि पुनर्वास शिविरों, कानून व्यवस्था और हथियारों की बरामदगी के सिलसिले में क्या कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पीठ ने अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा, इसमें पुनर्वास शिविरों, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाए गए कदम और हथियारों की बरामदगी जैसे विवरण होने चाहिए।

# अनुच्छेद 370 पर पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ 11 को करेगी सुनवाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्ववर्ती** जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के करीब चार साल बाद प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ केंद्र सरकार के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 11 जुलाई को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर सोमवार को जारी एक नोटिस के अनुसार, पांच न्यायाधीशों की पीठ दिशानिर्देश पारित करने के लिए आईएएस अधिकारी शाह फैसल द्वारा दायर याचिका सहित अन्य याचिकाओं पर 11 जुलाई को सुनवाई करेगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी शामिल हैं। वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी फैसल अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में अव्वल आने वाले पहले कश्मीरी हैं। उन्हें संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद एक साल से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया था। उन्होंने सेवा से इस्तीफा दे दिया था और जनवरी 2019 में एक राजनीतिक पार्टी जम्मू कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट की शुरुआत की थी। सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया था और पेशे से डॉक्टर फैसल को बाद में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय में तैनात किया गया था। फैसल ने अनुच्छेद 370 पर सरकार के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका भी दायर की थी। पांच अगस्त, 2019 को, केंद्र ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर इसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। अनुच्छेद-370 समाप्त करने के केंद्र के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में कई याचिकाएं दायर की गई थीं। फैसल ने पिछले साल अप्रैल में एक आवेदन दायर कर उन सात याचिकाकर्ताओं की सूची से अपना नाम हटाने का आग्रह किया था।

## तेजस्वी, लालू, राबड़ी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने नौकरी के बदले जमीन लेने संबंधी घोटाले से जुड़े मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव तथा पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले में यह दूसरा आरोपपत्र है और इसमें 14 अन्य लोगों के भी नाम शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह मामले में पहला आरोपपत्र दाखिल होने के बाद सामने आए दस्तावेजों और सबूतों के आधार पर दाखिल किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि यादव परिवार के सदस्यों के अलावा, सीबीआई ने मामले में एके इन्फोसिस्टम्स और कई बिचौलियों को भी नामजद किया है। आरोपपत्र विशेष सीबीआई अदालत में दाखिल किया गया। अधिकारियों ने कहा कि दूसरा आरोपपत्र इसलिए दाखिल किया गया क्योंकि प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल होने तक आरोपियों की कथित भूमिका के संबंध में जांच पूरी नहीं हो सकी थी।

# हुडा सिटी सेंटर स्टेशन अब मिलेनियम सिटी सेंटर होगा

- डीएमआरसी ने की घोषणा, दस्तावेजों, संकेतक बोर्ड्स, घोषणाओं आदि में नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**मेट्रो** के सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक गुरुग्राम के हुडा सिटी सेंटर का नाम बदलकर अब मिलेनियम सिटी सेंटर किया जाएगा। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने सोमवार को कहा कि येलो लाइन पर स्थित हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन अब मिलेनियम सिटी सेंटर के नाम से जाना जाएगा। नाम बदलने को लेकर कुछ समय के लिए भ्रम की स्थिति बन गई थी, क्योंकि सोमवार को पहले डीएमआरसी ने कहा था कि स्टेशन का नाम हुडा सिटी सेंटर से बदलकर गुरुग्राम सिटी सेंटर किया जाएगा। कई घंटे बाद इस बारे में बयान जारी कर डीएमआरसी ने स्थिति स्पष्ट की।

उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली के समयपुर बादली से हरियाणा में गुरुग्राम को जोड़ने वाले 49 किलोमीटर लंबे येलो लाइन कॉरिडोर पर यह मेट्रो का अंतिम और टर्मिनल स्टेशन है। गुरुग्राम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एक आईटी और वाणिज्यिक केंद्र है, जिसे मिलेनियम सिटी के नाम से जाना जाता है। गुरुग्राम और दिल्ली आपस में जुड़े हुए शहर हैं और दोनों शहरों से हर रोज बड़ी संख्या में पेशेवरों की आवाजाही मेट्रो के जरिए होती है। इसलिए येलो लाइन दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की सबसे व्यस्त लाइनों में से एक है। डीएमआरसी ने पहले ट्वीट कर कहा था कि येलो लाइन पर हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर गुरुग्राम सिटी सेंटर करने का फैसला लिया गया है। इसके अनुसार, सभी आधिकारिक दस्तावेजों, संकेतक बोर्ड्स, घोषणाओं आदि में नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसे धीरे-धीरे बदला जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि केंद्र तथा हरियाणा सरकार की ओर से स्टेशन का नाम बदलने का अनुरोध किया गया था। कुछ घंटों बाद, डीएमआरसी ने एक और ट्वीट किया, जिसमें कहा गया कि येलो लाइन पर हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलने के संबंध में पहले की गई घोषणा में आंशिक संशोधन करते हुए अब सक्षम अधिकारियों ने स्टेशन का नाम बदलकर मिलेनियम सिटी सेंटर करने का निर्णय लिया है। डीएमआरसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सभी आधिकारिक दस्तावेजों, साइनेज और घोषणाओं आदि में नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसे धीरे-धीरे पूरा किया जाएगा।

# डीईआरसी अध्यक्ष को शपथ दिलाने नहीं पहुंचीं आतिशी

## बीमारी को कारण बताया, उपराज्यपाल ने इस मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को पत्र लिखकर जताई नाराजगी

● बदलते घटनाक्रम के बीच अब बृहस्पतिवार को शपथ ग्रहण का किया जाएगा आयोजन


उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल। (फाइल फोटो)

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लंबे विवाद के बाद दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के नए चेयरमैन उमेश कुमार गुरुवार को शपथ लेंगे। इससे पहले उनका शपथ ग्रहण समारोह सोमवार शाम छह बजे होना था लेकिन दिल्ली सरकार की बिजली मंत्री आतिशी मर्लेना डीईआरसी अध्यक्ष के शपथ समारोह में नहीं जा सकीं। इसकी वजह बताई गई कि मंत्री बीमार हैं।

कुमार के शपथ नहीं लेने से उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने नाराजगी जताई है। एलजी ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। अब नए डीईआरसी अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह आगामी बृहस्पतिवार को पुनर्निर्धारित किया गया है।

उपराज्याल ने अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र में कहा कि आपको याद होगा कि 27 जून को मैंने आपसे कहा था कि डीईआरसी के अध्यक्ष जस्टिस (रिटायर्ड) उमेश कुमार का शपथ समारोह बिना देर किये आयोजित किया जाना चाहिए। इसके बाद आपकी ऊर्जा मंत्री ने सलाह दिया था कि 3 जुलाई को उनके कार्यालय में शाम 6 बजे उनका शपथ समारोह हो सकता है और उन्होंने न्यायमूर्ति (अवकाश प्राप्त) उमेश कुमार से भी उनकी राय मांगी थी। इस पर अपनी सहमति जताते हुए कुमार 3 जुलाई को दिल्ली पहुंच गए।

हालांकि, तब ही अचानक ऊर्जामंत्री के कार्यालय की तरफ से सूचना दी गई कि मंत्री बीमार पड़ गई हैं और अब शपथ समारोह 6 जुलाई को उनके चैंबर में आयोजित किया जाएगा। यह बड़ा हैरान करने है कि कुमार को इसकी जानकारी नहीं दी गई। यह जानते हुए भी कि वो इस काम के लिए यहां आए हैं। आज के डिजिटल जमाने में मंत्री का अनुपस्थित रहना हैरान करने वाला है।

एलजी ने पत्र में लिखा है कि जस्टिस (रिटायर्ड) उमेश कुमार ने बताया है कि वो 3 जुलाई या 4 जुलाई को शपथ ग्रहण के लिए मौजूद रहेंगे। एलजी ने इस खत में कहा है कि डीआईआरसी के अध्यक्ष पद पर (रिटायर्ड) उमेश कुमार को शपथ दिलाने के लिए ऊर्जा मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेस या वीडियो कॉल के जरिए जुड़ सकती है। अगर वो यह कर पाने में असमर्थ हैं तो आपके द्वारा अधिकृति किये गये कोई भी अन्य मंत्री इस समारोह में शामिल होकर उन्हें शपथ दिला सकते हैं। किसी कारणवश ये दोनों उपलब्ध नहीं है तो उनकी गैर मौजूदगी में मुख्य सचिव डीईआरसी अध्यक्ष को शपथ दिला सकते हैं।

इस बीच दिल्ली सरकार ने एक बयान में कहा, बिजली मंत्री आतिशी सोमवार को कार्यालय आई थीं और उनके कार्यक्रम में डीईआरसी के नामित अध्यक्ष को शपथ दिलाने का कार्यक्रम भी शामिल था। हालांकि, उन्हें अचानक स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो गई, जिसके कारण उनकी सभी बैठकें और आधिकारिक कार्यक्रम (डीईआरसी के नामित अध्यक्ष को शपथ दिलाने सहित) स्थगित करने पड़े। अब नए डीईआरसी अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह आगामी बृहस्पतिवार को पुनर्निर्धारित किया गया है।

इससे पहले भी उपराज्यपाल सक्सेना ने 27 जून को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर पूर्व न्यायाधीश कुमार को पद की शपथ दिलाने में अनावश्यक देरी को लेकर चिंता जताई थी।

मालूम हो कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश कुमार को 21 जून को डीईआरसी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। आम आदमी पार्टी की सरकार ने उच्चतम न्यायालय में उनकी नियुक्ति को चुनौती दी थी। सेवा पर नियंत्रण से जुड़े केंद्र के अध्यादेश के बाद डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति दिल्ली सरकार और उपराज्यपालय वी के सक्सेना के बीच हालिया टकराव का कारण बनी है। आप ने इस अध्यादेश को भी शीर्ष अदालत में चुनौती दी है।

# सिसोदिया को नहीं मिली राहत जमानत हुई याचिका खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में पूर्व डिप्टी सीएम अभी रहेंगे जेल में

शराब घोटाले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को अदालत से कोई राहत नहीं मिली है।

उच्च न्यायालय ने मामले में आरोपी सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दिल्ली सरकार में प्रभावशाली पद पर रहे हैं। जमानत मिलने पर गवाहों को प्रभावित करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। वह इस स्टेज पर पर जमानत के योग्य नहीं है। अदालत सिसोदिया के अलावा उद्योगपति अभिषेक बोइनपल्ली, बेनॉय बाबू और विजय नायर की याचिकाओं पर भी फैसला सुनाया है। अदालत ने इनकी भी याचिका खारिज कर दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्जधन शोधन के मामले में ये सभी सह-आरोपी हैं। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सिसोदिया को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि वह जमानत के लिए ट्रिपल टेस्ट का आदेश पारित नहीं कर सकते, क्योंकि अदालत को कई मुद्दों पर विचार करना होता है।

# प्रौद्योगिकी, अनुसंधान के बिना प्रगति संभव नहीं : जयशंकर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


भाजपा जनसंपर्क अभियान के तहत सोमवार को बकौली गांव में एनआईटी छात्रों को संबोधित करते विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

● भाजपा जनसम्पर्क अभियान के तहत विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एनआईटी छात्रों को स्थानीय एवं वैश्विक घटनाक्रम को समझने का दिया सुझाव

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि कोई भी देश अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी को अपनाए बिना प्रगति नहीं कर सकता।

मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा के जनसम्पर्क अभियान के तहत बकौली गांव स्थित एनआईटी दिल्ली के छात्रों से संवाद करते हुए जयशंकर ने विद्यार्थियों को स्थानीय एवं वैश्विक घटनाक्रम को समझने का सुझाव दिया।

विदेश मंत्री ने कोविड महामारी और यूक्रेन युद्ध का पेट्रोलियम और खाद्य पदार्थों की कीमतों पर पड़ने वाले प्रभावों का जिक्र करते हुए कहा, वैश्विकरण ने अंदर और बाहर की दीवारों को ध्वस्त कर दिया है और आपको समझना होगा कि आपके आसपास क्या घटित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी को अपनाए बिना प्रगति नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में कई बदलाव हुए हैं। उनकी हाल की अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा, उनकी एक अलग छवि है, खास तौर पर लोकतांत्रिक दुनिया में उनकी (मोदी) एक वरिष्ठ अनुभवी और विश्वसनीय नेता की छवि है। प्रधानमंत्री मोदी के विचारों और उनके निर्णयों का प्रभाव है। अपनी विदेश यात्राओं में प्रधानमंत्री मोदी 140 करोड़ भारतीयों की ताकत और उनकी प्रतिभाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## ट्रक की टक्कर से आठवीं कक्षा के छात्र की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के नांगलोई इलाके में सोमवार को सड़क पार कर रहे सरकारी स्कूल आठवीं कक्षा के छात्र की एक ट्रक की टक्कर लगने से मौत हो गई। यह दुर्घटना तब हुई जब मनीराम विद्यालय से घर लौट रहा था। पुलिस ने मामले में आरोपी चालक चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

पुलिस उपायुक्त हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हादसे के संबंध में नांगलोई थाने में दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पीसीआर से सूचना मिली। सिंह ने कहा कि मौके पर पहुंची पुलिस को छात्र मृत अवस्था में मिला। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ट्रक चालक को पकड़ लिया गया है और वाहन को जब्त कर लिया गया है।

# दिल्ली में होगा वंदे भारत ट्रेनों का रख-रखाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● मुख्यमंत्री केजरीवाल ने शकूरबस्ती में नए मेंटेनेंस शेड के निर्माण के लिए 78 पेड़ों को हटाने को दी मंजूरी



वंदे भारत ट्रेनों के लिए शकूर बस्ती में बनाया जाना है नया ट्रेन मेंटेनेंस शेड। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वंदे भारत ट्रेनों के लिए नए मेंटेनेंस शेड के निर्माण का रास्ता साफ कर दिया है। नया रखरखाव शेड बनाने के लिए निर्माण स्थल से 70 पेड़ ट्रांसप्लांट, 8 पेड़ हटाए जाएंगे। बदले 780 नए पौधे लगाए जाएंगे। पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर बनी गाइडलाइन के अनुसार निर्माण एजेंसी नए पौधों लगाने की शर्त के साथ इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

रेलवे ने शकूबस्ती में एक नए मेंटेनेंस ट्रेन शेड के निर्माण का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, पेड़ों के एक पैच की वजह से कार्यस्थाल के निर्माण कार्य में बाधा पैदा हो रही है। इसके चलते रेलवे ने अधिकारियों के माध्यम से दिल्ली सरकार के पर्यावरण और वन विभाग को एक प्रस्ताव बनाकर दिया था। इसके जरिए साइट को खाली करने के लिए 8 पेड़ों को हटाने और 70 पेड़ों के ट्रांसप्लांट करने की मंजूरी मांगी गई थी। रेलवे के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे के महत्व को देखते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय हित में पेड़ों के पैच को साफ करके काम में तेजी लाने के लिए अपनी सहमति दी है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रेलवे को आधुनिक बुनियादी ढांचे की सख्त जरूरत है। इस मंजूरी से देश को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

## संक्षिप्त समाचार


केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के फैशन डिजाइन विभाग फैशन शो में भाग लिया।

### केआर मंगलम यूनिवर्सिटी को मिला प्रशंसा पुरस्कार

**नई दिल्ली।** स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन के फैशन डिजाइन विभाग ने हाल ही में आगरा विकास प्राधिकरण के सहयोग से वर्ल्ड डिजाइनिंग फोरम द्वारा आयोजित एक फैशन शो में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभाशाली छात्रों ने अपने परिधानों का प्रदर्शन किया, जिसमें भारतीय फैशन के इतिहास को खूबसूरती से चित्रित किया गया। इस शो में नेहल चौदसमा, रीना ढाका और सब्यसाची सत्पथी जैसे प्रतिष्ठित डिजाइनरों और मशहूर हस्तियों ने भाग लिया। केआर मंगलम विश्वविद्यालय के उभरते डिजाइनरों का समर्पण, जुनून और कड़ी मेहनत उनके मंत्रमुग्ध कर देने वाले संग्रह में स्पष्ट थी, जो फैशन इतिहास की समृद्ध टेपेस्ट्री से प्रेरित थी। शो के बाद छात्रों को वर्ल्ड डिजाइनिंग फोरम के सीईओ द्वारा ही सर्टिफिकेट दिए गए और केआर मंगलम यूनिवर्सिटी को एक प्रशंसा पुरस्कार दिया गया।

### मयूर विहार में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में मयूर विहार पॉकेट-1 मेट्रो स्टेशन के समीप अमीचंद चौक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। शव पर बाहरी चोट के कोई निशान नहीं पाए गए हैं। पुलिस को फिलहाल मामले में किसी साजिश का संदेह नहीं है। पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ ने बताया कि रविवार को मयूर विहार पुलिस थाने को सूचना मिली कि अमीचंद चौक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। फॉरेंसिक विशेषज्ञों और अपराध दल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल मोर्चरी में रखा गया है।

# बुजुर्गों के लिए खुलेंगे कई मनोरंजन केंद्र

● रिक्रिएशन सेंटर में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ की होगी मुफ्त जांच, इनडोर गेम और योग की व्यवस्था की जाएगी : आनंद


विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य और माहौल देने के लिए बड़ी संख्या में खुलेंगे मनोरंजन केंद्र। यहां बुजुर्गों के स्वास्थ और मनोरंजन के लिए इनडोर गेम और योग करने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा बैठक स्थल बनाएंगे और स्वास्थ्य शिविर में मुफ्त जांच की जाएगी।

समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह रिक्रिएशन सेंटर की स्थिति पर रिपोर्ट तैयार करें और इनकी संख्या बढ़ाने की दिशा में संभावनाएं तलाशें। वर्तमान में वरिष्ठ नागरिकों के लिए दिल्ली के 11 जिलों में 90 से अधिक मनोरंजन सेंटर बने हुए हैं।

## एनएचआरसी ने दिल्ली सरकार को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उस खबर पर दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है जिसमें कहा गया है कि दृष्टिबाधितों के एक स्कूल के 35 छात्र जर्जर इमारत में पढ़ने के लिए मजबूर हैं, जहां वास्तव में कोई आवश्यक शैक्षणिक और आवासीय सुविधाएं नहीं हैं।

पंचकुइयां इलाके में इस गैर मान्यताप्राप्त स्कूल को एनजीओ चलाता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक बयान में कहा कि माना जाता है कि इसे 1939 में लाहौर में स्थापित किया गया था, लेकिन 1947 में इसे मध्य दिल्ली में वर्तमान स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया।

# एमसीडी ने पहली बार 1,113 करोड़ रुपये का हाउस टैक्स वसूला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● आप ने किया दावा, निगम की सत्ता में आते ही 400 करोड़ की रिकॉर्ड तोड़ बढोतरी हुई

आम आमदी पार्टी के विधायक व एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद मात्र तीन महीनों में एमसीडी में पहली बार 1113 करोड़ के संपत्ति कर में 400 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बढोतरी हुई है।

जबकि भाजपा के शासन काल में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 539 करोड़ और केवल 100 करोड़ की बढ़ोतरी के साथ वर्ष 2022-23 में 695 करोड़ का हाउस टैक्स कलेक्शन था। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों ने साबित कर दिया है कि अरविंद केजरीवाल पर उनका भरोसा अब भी कायम है। पाठक ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि अगले 3-4 सालों में एमसीडी को सरकार की तरह बजट के लिए किसी पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा और एमसीडी भी फायदे में काम करेगी।

# यौन उत्पीड़न-रोधी कानून का दायरा सीमित नहीं : कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● हाईकोर्ट ने कहा-कामकाजी माहौल महिलाओं के लिए भी उतना ही सुरक्षित होना जरूरी है, जितना कि पुरुषों के लिए



उच्च न्यायालय ने कहा है कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम और निवारण) अधिनियम, 2013 (एसएचडब्ल्यू अधिनियम) के दायरे को बिल्कुल भी सीमित नहीं किया जा सकता।

अदालत ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि एक महिला कर्मचारी का उसके ही कार्यालय या विभाग में काम करने वाले किसी अन्य कर्मचारी द्वारा यौन उत्पीड़न किया जाता है। तब ही यह एसएचडब्ल्यू अधिनियम के दायरे में आएगा, बल्कि यह उन मामलों में भी लागू होगा, जहां आरोपी कर्मचारी किसी अन्य स्थान पर कार्यरत है।

अदालत ने कहा कि कामकाजी माहौल महिलाओं के लिए भी उतना ही सुरक्षित होना जरूरी है, जितना कि पुरुषों के लिए। इसने कहा, किसी महिला द्वारा कार्यस्थल पर उसकी सुरक्षा से समझौता किए जाने की या उसे खतरा होने की आशंका जताना भी हमारे संवैधानिक लोकाचार की दृष्टि से अपमानजनक है। न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) द्वारा पारित उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के अधिकार क्षेत्र को चुनौती देने वाली एक आईआरएस अधिकारी की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

आईसीसी ने अधिकारी को नोटिस जारी कर उन्हें पेश होने के लिए कहा था। एक महिला अधिकारी ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत की है। एसएचडब्ल्यू अधिनियम में ऐसा कुछ भी नहीं है जो इसके दायरे को केवल उन मामलों तक सीमित करता है जहां एक महिला कर्मचारी का उसके ही कार्यालय में काम करने वाले किसी अन्य कर्मचारी द्वारा यौन उत्पीड़न किया जाता है। यह उन मामलों में भी लागू होगा, जहां आरोपी कर्मचारी किसी अन्य स्थान पर कार्यरत है। कैट ने भी ऐसा ही माना और हम इससे पूरी तरह सहमत हैं।

उच्च न्यायालय 2010 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिस पर केंद्रीय मंत्रालय के एक अलग विभाग में कार्यरत एक अधिकारी ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता ने अपने विभाग की आईसीसी में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद अधिकारी को समिति से एक नोटिस मिला, जिसमें उन्हें उपस्थित होने के लिए कहा गया।

## डीयू शिक्षकों ने वेतन संकट सुलझाने की लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शिक्षकों के एक समूह ने सोमवार को कुलपति योगेश सिंह से कुछ कॉलेज में वेतन और पेंशन के व्यापक संकट को हल करने की गुहार लगाई है।

कुलपति को लिखे एक पत्र में विश्वविद्यालय की अकादमिक और कार्यकारी परिषदों के सदस्यों समेत डीयू के 10 संकाय सदस्यों ने कहा कि संकट स्थाई और तदर्थ शिक्षकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कुछ कॉलेज में अतिथि शिक्षकों को भी बीते पांच महीने से भुगतान नहीं किया गया है। पत्र में कहा गया है, जुलाई शुरू होने के बावजूद सभी को जून के वेतन का इंतजार है।

# थम नहीं रहे भाव, टमाटर पहुंचा 140 रुपये किलो

## बारिश के चलते दो सप्ताह में ही बिगड़ गया रसोई का बजट, 15 दिन में दाम आ सकते हैं जमीन पर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



टमाटर की कीमतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर के शहरों में इसके खुदरा दाम 140 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गए हैं। कीमतें बढ़ने का प्रमुख कारण बारिश के चलते उत्पादक केंद्रों से आपूर्ति बाधित होना बताया जा रहा है। दो सप्ताह पहले टमाटर 25 से 30 रुपये प्रति किलो बिक रहा था। अचानक चढ़े भाव से रसोई का बजट गड़बड़ा गया है।

एशिया की सबसे बड़ी थोक फल और सब्जी मंडी आजादपुर मंडी में टमाटर की थोक कीमतें सोमवार को गुणवत्ता के आधार पर 60-120 रुपए प्रति किलोग्राम के बीच थीं। रविवार को मदर डेयरी का सफल बिक्री केंद्र टमाटर 99 रुपए प्रति किलो बेच रहा था। एक ऑनलाइन खुदरा विक्रेता सोमवार को टमाटर हाइब्रिड 140 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव पर बेच रहा था। बिगबास्केट पर टमाटर का दाम 105-110 रुपए प्रति किलोग्राम रहा।

आजादपुर टमाटर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कौशिक ने बताया कि बारिश के कारण प्रमुख उत्पादक केंद्रों से आपूर्ति बाधित होने की वजह से टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है।

बारिश के कारण पड़ोसी राज्य हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आई आपूर्ति जल्दी खत्म हो गई।

अब हिमाचल प्रदेश दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए एकमात्र आपूर्तिकर्ता है। उन्होंने कहा कि इस पहाड़ी राज्य में भी भारी बारिश हो रही है, जिससे तोड़ाई और परिवहन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को महाराष्ट्र और कर्नाटक के उत्पादक केंद्रों से आपूर्ति नहीं मिल पा रही है, क्योंकि बारिश के कारण वहां कीमतें ऊंची चल रही हैं।

कौशिक ने कहा कि 25 किलोग्राम के एक क्रेट की कीमत 2,400 से 3,000 रुपए के बीच है। उत्पादक केंद्रों पर प्रति किलोग्राम टमाटर की कीमत 100-120 रुपए प्रति किलोग्राम है। व्यापारी इतनी ऊंची दरों पर इस जिंस को दिल्ली लाने का जोखिम नहीं उठा सकते।

उन्होंने कहा कि अगले 15 दिन में दक्षिणी राज्यों में बारिश की स्थिति में सुधार होने पर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में टमाटर की आपूर्ति सुधरने की उम्मीद है। तब तक टमाटर के दाम अधिक रहेंगे। कौशिक कृषि उपज विपणन समिति आजादपुर के सदस्य भी हैं।

दिल्ली-एनसीआर में ही नहीं बल्कि देश के दूसरे हिस्सों में भी टमाटर की कीमतें आसमान छू गई हैं। सरकार का कहना है कि टमाटर की कीमत में वृद्धि मौसम की वजह से है। इस समय आमतौर पर कीमतें बढ़ती हैं। अगले 15 दिन में टमाटर के दाम नीचे आ जाएंगे।

## दोगुना टैक्स वसूल कर आप जनता को दे रही धोखा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि जब लाखों लोग कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी से हाउस टैक्स भर रहे है तब आप मेयर चुनाव से पूर्व किए गए अपने वायदों को पूरा करने में विफल क्यों साबित हो रही हैं। मेयर शैली ऑबराय द्वारा कहना कि दिल्ली नगर निगम ने 2022 की तुलना में 2023-24 की पहली चौथाई में दुगना हाउस टैक्स अर्जित करके रिकॉर्ड कायम किया है, जनता का ध्यान समस्याओं से हटाने का षडयंत्र है। रिकॉर्ड तोड़ टैक्स कलेक्शन जनता की जागरुकता का प्रमाण है न कि आप का गर्वनेंस मॉडल। निगम चुनाव से पूर्व हाउस टैक्स माफी का वादा करने के विपरित दुगना टैक्स वसूलकर जनता से धोखा क्यों कर रही है।

# केजरीवाल विकास के रुपयों का कर रहे दुरुपयोग : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


प्रेसवार्ता को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उच्चतम न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया है जिसमें कोर्ट ने केजरीवाल सरकार को आईना दिखाते हुए कहा है कि विज्ञापन के लिए पैसे हैं जनता की सुविधा के लिए नहीं है।

सचदेवा ने कहा की न्यायालय ने केजरीवाल सरकार से पिछले 3 सालों में विज्ञापन पर खर्च किये गए पैसों की विस्तृत जानकारी मांगी है। उन्होंने कहा कि एक आरटीआई के मुताबिक केजरीवाल सरकार ने पिछले पांच सालों में 1868 करोड़ रूपये विज्ञापन पर खर्च किया है यानि एक करोड़ 20 लाख रुपये प्रति दिन।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि रैपिड रेल से ट्रांस यमुना का बहुत बड़ा फायदा होना है पर केजरीवाल सरकार उसमें देरी कर रही है। इतना ही नहीं पर्यावरण क्षतिपूर्ति के नाम पर इकट्ठा किया गया पैसा कहां है, यह जनता जानना चाहती है। सेस का कितना पैसा इकट्ठा हुआ है ये बताये और कहां इस्तेमाल हुआ ये भी बताये। सचदेवा ने कहा की प्रगति मैदान टनल प्रोजेक्ट में 20 फीसदी आर्थिक योगदान दिल्ली सरकार को देना था लेकिन उन्होंने नहीं दिया।

# मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में हुआ स्टार्टअप-20 शिखर कार्यक्रम का आगाज



गुरुग्राम में आयोजित स्टार्टअप-20 शिखर सम्मेलन का शुभारंभ करते केंद्रीय कॉमर्स एवं इंडस्ट्री राज्य मंत्री सोमप्रकाश, साथ में अन्य अधिकारी व अतिथि।



गुरुग्राम में आयोजित स्टार्टअप-20 शिखर सम्मेलन में मौजूद विदेशी प्रतिनिधि।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### केंद्रीय कॉमर्स एवं इंडस्ट्री राज्य मंत्री सोमप्रकाश ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारम्भ

### दो दिवसीय स्टार्टअप-20 कार्यक्रम में पहुंचे हैं कई देशों के प्रतिनिधि

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में सोमवार से दो दिवसीय जी-20 स्टार्टअप शिखर सम्मेलन का आगाज हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2016 स्टार्टअप इंडिया की पहल की थी। जिसके चलते आज देश में नए स्टार्टअप बन रहे हैं। नए इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित हो रहे हैं।

केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री सोम प्रकाश ने स्टार्टअप भारत के नेशनल एसेस्ट्स है और आज के स्टार्टअप भविष्य की फॉरच्यून-500 कंपनियां होंगी। हरियाणा की मेजबानी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि जी-20 के देशभर में आयोजित हो रहे विभिन्न सम्मेलनों की श्रृंखला में हरियाणा के गुरुग्राम को यह दूसरा बड़े स्तर का सम्मेलन आयोजित करने का अवसर मिला है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जी-20 में स्टार्टअप को शुरू करना भारत का एक महत्वपूर्ण कदम है। शिखर सम्मेलन के दौरान पत्रकार वार्ता में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने कहा कि स्टार्टअप-20 कि स्टार्टअप के लिए एक सक्षम वातावरण को बढ़ावा देने और नवाचार और उद्यमिता में एक वैश्विक नेता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ब्राजील ने भी इस स्टार्टअप 20 सम्मेलन को जारी रखने की सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप भारत के नेशनल एसेस्ट्स हैं, जिसके दम पर युवाओं को जहां रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं, वहीं औद्योगिक विकास भी हो रहा है।

### स्टार्टअप-20 एक मील का पत्थर: अमिताभ कांत

**सम्मेलन** में संबोधित करते हुए भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि इस सम्मेलन में जी-20 के सभी देशों के प्रतिनिधियों और देश के बड़े स्टार्टअप से जुड़े युवा भी शामिल हो रहे हैं। अपने विचार सांझा करते हुए उन्होंने पूरी दुनिया में रोजगार सृजन व आर्थिक विकास के लिए नए स्टार्टअप के महत्व पर बल देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बाद दो मीलियन लोग गरीबी रेखा के नीचे चले गए हैं।

75 से ज्यादा देश ग्लोबल डेड क्राईसिस झेल रहे हैं। ऐसे में हमें पूरी दुनिया के साथ नई तकनीकों को सांझा कर नए स्टार्टअप खड़े करने होंगे। नए स्टार्टअप के जरिए ही हम नई नौकरियां पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें पूरे विश्व के संशाधनों को एक साथ मिलाकर नए स्टार्टअप तैयार करने होंगे और दुनिया में रोजगार व आर्थिक तरक्की के नए रास्ते खोलने होंगे।



स्टार्टअप शिखर सम्मेलन की लांचिंग करते अतिथि।

### स्टार्टअप की पूरी क्षमता को उजागर करना

**पत्रकार** वार्ता में अमिताभ कांत ने स्टार्टअप 20 के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप 20 एंगेजमेंट ग्रुप वैश्विक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की यात्रा में एक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि यह शिखर सम्मेलन एक साथ काम करने वाले देशों में हमारे सभी समावेशी स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के साथ हमारे नागरिकों के लिए एक परिवर्तनकारी और उन्नत भविष्य के लिए आधार तैयार करता है।

### हम टिकाऊ भविष्य की दिशा में रास्ता बनाएंगे

**स्टार्टअप** 20 के अध्यक्ष डॉ. चिंतन वैष्णव ने शिखर सम्मेलन के प्रभाव के प्रति अपना उत्साह साझा करते हुए कहा कि स्टार्टअप 20 शिखर सम्मेलन स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। 22 देशों के 600 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ, एकत्र हुए गुरुग्राम में, हम स्टार्टअप 20 शिखर यात्रा के सफल पहले प्रमुख मील के पत्थर और सहयोग, परामर्श और अटूट दृढ़ संकल्प के महीनों का जश्न मना रहे हैं। साथ मिलकर, हम स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक संपन्न और टिकाऊ भविष्य की दिशा में एक रास्ता बनाएंगे। उन्होंने कहा कि 2024 में स्टार्टअप 20 एंगेजमेंट ग्रुप में अपनी भागीदारी जारी रखने का ब्राजील का निर्णय इस पहल के वैश्विक महत्व को और मजबूत करता है। ब्राजील और अन्य सभी देशों की निरंतर प्रतिबद्धता नवाचार को बढ़ावा देने और वैश्विक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने के प्रति उनके समर्पण का उदाहरण है।

## संक्षिप्त समाचार

### गर्भवती महिला या कोई मरीज वार्ड से बाहर मिला तो नपेंगे गार्ड




**गुरुग्राम।** सरकारी अस्पतालों में अक्सर फर्श पर, बाथरूम में महिलाओं की डिलीवरी होने के घटनाएं खूब होती हैं। बीते सप्ताह के गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में भी जच्चा-बच्चा वार्ड से बाहर फर्श पर ही एक महिला की डिलीवरी हुई। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल प्रशासन ने अब आदेश जारी किए हैं कि कोई भी गर्भवती महिला या फिर किसी अन्य वार्ड का मरीज बेड से गायब नहीं मिलना चाहिए। वार्डों में तैनात गार्ड को यह जिम्मेदारी दी गई है। जारी आदेशों में कहा गया है कि सभी गार्ड अपनी ड्यूटी के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि कोई गर्भवती महिला अस्पताल की चाहरदीवारी के अंदर कहीं भी घूमती या फर्श पर लेटी, बैठी ना मिले। अगर कोई गर्भवती महिला दिखाई दे तो उसको तुरंत लेबर रूम में छोड़कर आएं। ड्यूटी पर उपस्थित नर्सिंग अधिकारी तथा डॉक्टर को भी सूचित करें। गार्ड इस बात का भी ध्यान रखें कि अस्पताल में दाखिल मरीज बेड छोड़कर इधर-उधर न घूमे। अगर किसी गार्ड की ड्यूटी के समय ऐसा होता है तो उस गार्ड के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल के अधिकारियों का कहना है कि सामान्य तौर पर महिलाएं वार्ड से बाहर घूमने लग जाती हैं। इस दौरान लेबर पेन होने पर उनकी डिलीवरी फर्श पर हो जाती है। ऐसी घटनाओं में सीधे स्टाफ को दोषी ठहराया जाता है, जबकि लेबर रूम में दाखिल गर्भवती महिलाएं अपनी मर्जी से बाहर घूमने निकल जाती हैं। ऐसा ही बीते रोज एक महिला के साथ भी हुआ। वह घूम रही थी, इसी दौरान उसे लेबर पेन हुआ और उसकी डिलीवरी हो गई। लेबर रूम के अलावा ऐसे फर्श पर शिशु की डिलीवरी होना उसकी सेहत के लिए भी सही नहीं है। दिनभर लोग वहां से आते-जाते हैं। उसके जूते-चप्पलों से मिट्टी आदि भी वहां लगी रहती है। हालांकि बीच-बीच में सफाई होती रहती है। फिर भी ऐहतियात बरती बहुत जरूरी है।

### बिजली निगम अधिकारियों को सप्लाई कट को छोटा करने के आदेश

**सोहना।** बिजली की लाइनों पर खुली तारों को बदलने की समय सीमा जल्द ही निरधारित होगी। शहरवासियों को बिजली के लगने वाले लंबे कटों से जल्द ही छुटकारा मिलेगा। शहर में बिजली निगम द्वारा चलाया गया लाइनों पर खुली तारों को बदले के कार्य के दौरान सप्लाई के लग रहे लंबे कटो में कटौती की जाएगी। हाल में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक लाइनों पर तारों को बदलने के दौरान कट लग रहे है। इतने लंबे कट लगने से जहां जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं कारोबारियों के कारोबार प्रभावित हो रहे है। उमष भरी गर्मी में नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में बैठे इलेक्ट्रोनिक से संबंधित दुकानदारों की दुकानदारी ठप हो गई है। उपभोक्ताओं के खराब हुए पंखे कूलर ठीक नहीं हो रहे है। बिजली के लगने वाले लंबे कटों से सरकारी विभागों में बिना सप्लाई के कामकाज प्रभावित हो रहा है। पुलिस थाना से लेकर सभी सरकारी विभागों के कंप्यूटर पर होने वाला कार्य नहीं हो पा रहा है। विभागों के कार्यालय में लगे इंवेटर दो से तीन घंटा में समाप्त हो जाने से कर्मचारी पूरा दिन हाथ पर हाथ रखकर बिजली आने का इंतजार करते रहते है। जब बिजली की सप्लाई को चालू करते है। तब तक उनकी छुट्टी का समय हो जाता है। बिजली निगम के एक्सइएन से बात करते हुए सप्लाई में लगने वाले कटों को कम करने को कहा है। लाइनों पर कार्य के समय कटौती करने के कहा गया है। ताकि गर्मी के मौसम में नागरिकों को अधिक परेशानी न हो।

### कार्य में कोताही बरतने वाले कर्मचारी व अधिकारी बक्शा नहीं जाएगा



**सोहना।** शहर में जलभराव समस्या निपटने व नालों की सफाई के कार्यों को प्राथमिकता देने के आदेश जारी। प्रोपर्टी कर की खामियों को दूर करते हुए वसूली का कार्य पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। कार्य में कोताही बरतने पर कर्मचारी को बक्सा नहीं जाएगा। नगर परिषद की नवनियुक्त कार्यकारी अधिकारी निशा शर्मा ने सोमवार को परिषद कार्यालय में तैनात कर्मचारी तथा अधिकारियों के साथ पहली बार बैठक की। बैठक में टैक्निकल विंग के सभी कर्मचारी व अधिकारियों ने भाग लिया। करीब 30 मिनट तक चली बैठक के बाद कार्यकारी अधिकारी निशा शर्मा ने बताया कि जनसमस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। शहर में जलभराव, नालों की सफाई व कूड़ा का उठाव समय पर होगा। किसी भी कार्य में कोताही बरतने वाले कर्मचारी से लेकर अधिकारी को बक्सा नहीं जाएगा। आम नागरिकों को उनके कार्य के लिए बार-बार चक्कर कटाने वाले कर्मचारी व अधिकारी को किसी भी सूरत में नहीं छोड़ा जाएगा। भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करते हुए नागरिकों के कार्य समय पर किए जाएंगे। निशा शर्मा ने अपने कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों को जनता से संबंधित कार्यो को प्राथमिकता देने की बात कही है।

### अदालत ने नाबालिग के संग दुष्कर्म के आरोपी छात्र को भेजा जेल

**सोहना।** अदालत ने 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को जेल भेजा। आरोपी को रविवार की शाम को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार युवक कक्षा 11वीं में पढ़ता है। मामले में संलिप्त दूसरा आरोपी फरार। सदर थाना सोहना थाना क्षेत्र की दो नाबालिग किशोरियों को दो युवक अपनी-अपनी बाइक पर बैठाकर घूमाने के लिए 19 जून को लेकर गए थे। दोनों ही नाबालिग किशोरियों के संदिग्ध हालत में लापता होने पर परिजनों में हडकंप मच गया था। जानकारी के अनुसार इसी सूचना सदर थाना पुलिस को दी गई। परिजनों ने पुलिस को लापता हुई किशोरियों को लेकर जाने वाले नामजद दो दोनों युवकों के खिलाफ शक के आधार पर मामला दर्ज कराया दिया था। 21 जून को परिजन दोनों लडकियों को अपने स्तर पर तलाश कर सदर थाना में पुलिस को सौंप दिया। पीड़िता किशोरियों ने पुलिस को आरोपी युवकों पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। जिसमें से किरन की खेड़ली निवासी सहबाज को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा आरोपी फरार है।

## राजस्थान की जनता चाहती है सत्ता परिवर्तन: चंद्रमणि भारद्वाज



मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत लोगों से मुलाकात करते चंद्रमणि भारद्वाज व अन्य कार्यकर्ता।

### अल्पकालीन विस्तारकों के समक्ष जनता का बीजेपी की तरफ रुझान

### राजस्थान के चित्तौड़गढ मंडल में प्रवास पर हैं चंद्रमणि भारद्वाज

**नोएडा।** मध्यप्रदेश के भोपाल में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा अल्पकालीन विस्तारक के रूप में प्रेरित करके देशभर में मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत पार्टी, सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने के लिए भेजा। इसी कड़ी में गौत्तमबुद्ध नगर जिला से आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह कुमावत, मंडल महामंत्री प्रभु लाल के साथ कार्यकर्ता अल्पकालीन विस्तारक बनकर राजस्थान के चित्तौड़गढ में प्रवास पर हैं।

चित्तौड़गढ जिला के तहत बेगू विधानसभा क्षेत्र में चेंची मंडल में जनता के बीच जाकर चंद्रमणि भारद्वाज भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, नमो ऐप, सरल ऐप के बारे में लोगों को जानकारी देकर जागरुक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गौत्तमबुद्ध नगर लोकसभा से 10 कार्यकर्ता प्रवास पर पहुंचे हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा हैं, हर विधानसभा से दो कार्यकर्ताओं को प्रवास के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत करना ही कार्यकर्ताओं के लिए जीत का मंत्र है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा और सांसद डा. महेश शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए देशभर में प्रवास पर हैं। चंद्रमणि भारद्वाज ने कहा कि जहां-जहां भी जनता के बीच वे जा रहे हैं, जनता का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है। राजस्थान में लोग जहां कांग्रेस सरकार की कुनितियों से दुखी है, वहीं भाजपा से विकास की उम्मीद लगाए बैठी है।

## नियमों का पालन कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं : बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### भारत विकास परिषद, लाल बहादुर शास्त्री शाखा का पारिवारिक मिलन

**बोधराज** सीकरी के संरक्षण में भारत विकास परिषद लाल बहादुर शास्त्री शाखा का पारिवारिक मिलन समारोह हुआ। जिसमें सुशांत लोक-1 की लाल बहादुर शाखा के सदस्यों ने परिवार सहित बड़े उत्साह से हिस्सा लिया।

इस अवसर पर बोधराज सीकरी ने कहा कि नियमों का पालन करके समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं। भारत विकास परिषद का यही ध्येय है। समाज को कुछ देने के उद्देश्य से काम करने की भावना हमारे भीतर होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रधान राजीव छाबड़ा के नेतृत्व में नेताली छाबड़ा ने किया। कार्यक्रम में अनिल बंसल (अध्यक्ष, भारत विकास परिषद, दक्षिण हरियाणा), विवेकानंद तिवारी (उपाध्यक्ष, भारत विकास परिषद, दक्षिण हरियाणा) और अरुण अग्रवाल ने मार्गदर्शन दिया। परिषद में पहले सत्तर सदस्य थे।



गुरुग्राम में भारत विकास परिषद लाल बहादुर शाखा के पारिवारिक मिलन समारोह में शिरकत करते बोधराज सीकरी व अन्य।

कल मुख्य संरक्षक बोधराज सीकरी ने 25 सदस्यों को शपथ दिलवाई। इस दौरान अनिल बंसल ने परिषद के संकल्प और ध्येय पर चर्चा की। अन्य गणमान्य अतिथियों में ओम कथूरिया, विद्या सागर दीवान उद्योगपति व अन्य दायित्वधारियों के साथ पहले ज्योत प्रज्वलित की गई। राष्ट्र गीत से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ और राष्ट्र गान से समापन हुआ। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना और हरियाणवी लोक गीत को नृत्य के साथ प्रस्तुत किया गया। नीलम वत्स ने राजस्थानी लोक नृत्य घूमर किया। उसके उपरांत कार्यक्रम का केंद्र बिंदु बना पंजाबी गिद्दा जो की शाखा की प्रमुख महिलाओं द्वारा किया गया, जिसमें सुरेश सीकरी, सोनिया सचदेवा, विनु छाबरा, अशिमा भार्गव, सीमा चावला, सोनिया चावला, पूनम सचदेवा, नीलम वत्स, कपिला अग्रवाल, सोनू जैन, प्रीति भाटिया ने हिस्सा लिया। सभी अतिथिगणों में अत्याधिक उत्साह के कारण दो बार पंजाबी गिद्दा किया गया। कार्यक्रम में प्रधान राजीव छाबड़ा ने पूरे वर्ष की उपलब्धि बताई और कोषाध्यक्ष रमेश नरूला ने पूरे वर्ष का आय-व्यय का हिसाब दिया। सचिव सतीश चावला ने भी अपना मार्गदर्शन दिया।

## अल्पकालीन विस्तारक धर्मेन्द्र भारद्वाज ने थानागाजी विधानसभा में जोर-शोर से किया प्रचार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**थानागाजी** विधानसभा में प्रतापगढ़ मंडल के अल्पकालीन विस्तारक धर्मेंद्र भारद्वाज ने अपने प्रतापगढ़ मंडल से सभी शक्ति केंद्र प्रभारी-सहप्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर सभी बूथ पर मेरा बुथ सबसे मजबूत करने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

मंडल अध्यक्ष हरलाल प्रजापति एवं उनकी टीम के साथ शीघ्र ही बूथ कमेटी, पन्ना प्रमुख की नियुक्ति करने के लिए बात की। मंगलवार 4 जुलाई को दोपहर 3 बजे मंडल की बड़ी बैठक को लेकर भाजपा मंडल पदाधिकारियों से बात की। संगठन द्वारा बताई गई हर बात को पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को बारीकी से बताया। नमो ऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, सरल ऐप्स एवं वाट्सएप ग्रुपों की जानकारी दी, ताकि केंद्र एवं प्रदेश कार्यालय से भेजी गई हर सूचना को मंडल के हर पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख एवं हर कार्यकर्ता तक प्रतिदिन पहुंचे। सभी पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि सभी मिलकर इस पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सफल बनायेंगे। इन बैठकों के बाद प्रतापगढ़ मंडल के अल्पकालीन विस्तारक धर्मेन्द्र भारद्वाज के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष हरलाल



थानागाजी विधानसभा में प्रचार करते अल्पकालीन विस्तारक।

प्रजापति, भैरू सिंह गुर्जर, कान्हा राम सैनी, हेमंत भारद्वाज, कैलाश, लीलाराम प्रजापति, ओमप्रकाश, रोहतास, शशिकांत शर्मा एवं सभी पदाधिकारियों ने प्रतापगढ़ मंडल के मुख्य बाजार में संपर्क से समर्थन के तहत प्रचार-प्रसार किया और मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल के तहत केंद्र सरकार की सभी उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

## खेलो गुरुग्राम का पोर्टल हुआ चालू, खिलाड़ी 7 जुलाई तक करे ऑनलाइन पंजीकरण: प्रदीप सिंह

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खेलो** गुरुग्राम में ग्रामीण ग्राम पंचायत तथा शहरी नगर परिषद व निगम के माध्यम से अपना पंजीकरण 7 जुलाई तक करा सकेंगे। पंजीकरण ऑनलाइन किया जाएगा। जिसके लिए पोर्टल खोल दिया गया है।

हरियाणा उदय के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिलो में शुरु खेल और राज्य को हराभरा बनाने के लिए पौधारोपण अभियान की शुरुआत की जा रही है। जिला गुरुग्राम में यह कार्यक्रम खेलों गुरुग्राम के नाम से शुरुआत की जा रही है। खेलों गुरुग्राम में टीम व एकल स्तर के खेल ग्राम पंचायत व शहरी क्षेत्र में शुरुआत की जा रही है। टीम वाले खेलों में क्रिकेट, बालीवाल और रस्सा-कस्सी वाले शामिल है। एकल में 200, 400 और रिले दौड़ को शामिल किया है। जिसमें 15 वर्ष अधिक उम्र वाला युवा से लेकर 45 वर्ष का व्यक्ति भाग ले सकता है। खिलाड़ी अपना पंजीकरण जिसके लिए -(खेलो गुरुग्राम . इन)- पोर्टल को खोल दिया गया है।



**खंड स्तर से जाएंगी दो-दो टीम :** खेलो गुरुग्राम में खेलों की शुरुआत पंचायत स्तर से शुरु होकर खंड स्तर पर होगी। उसके बाद खंड से प्रत्येक खेल की दो-दो टीम जिला स्तर पर भाग लेंगी। एकल खेलों में प्रत्येक खेल के 4-4 खिलाड़ी जिला स्तर पर भाग लेंगे। 29 अग्रस्त को गुरुग्राम में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर फाइन गेम कराएं जाएंगे।

**खेल विभाग का सहयोग :** खेलो गुरुग्राम में जिला खेल विभाग अपना पूरा योगदान देगा। ग्राम पंचायत से लेकर खंड और जिला स्तर पर खेल विभाग ही खेलों की रुपरेखा तैयार करेगा। कौन सी टीम कब और किससे खेलेगे। यह सब योजना नियमानुसार खेल विभाग के अधिकारी बनाने के बाद मैदान में कराएंगे।

**ग्रीन हरियाणा :** ग्रीण हरियाणा के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत, सरकारी विभागों के कार्यालय और नगर परिषद व निगम पार्षद अपने-अपने वार्ड में अधिक से अधिक पौधारोपण कराएगा। जिसमें सबसे ज्यादा पौधे अधिक उम्र वाले त्रिवेणी वाले पौधों को महत्व दिया जाएगा। जिससे आक्सीजन का स्तर पर्यावरण में बढ़ सके।

खेलों की रुप रेखा को अंतिम रुप देने के बाद पोर्टल को खोल दिया है। भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना शुरु कर दिया है। ग्राम पंचायतों से 5 हजार पौधों की मांग अब तक आ चुकी है।

**( प्रदीप सिंह-जिला नॉडल अधिकारी खेलो गुरुग्राम )**

## डेरा श्रद्धालुओं ने देश-विदेश में हर्षोल्लास से मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

### जीएसएम सेवादार बहन-भाईयों सहित देश-प्रदेश की साध-संगत ने रखा उपवास

प्रवीन शर्मा। सिरसा

**गुरु** पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को शाह सतनाम जी धाम में विशेष नामचर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें आस-पास व दूरदराज से काफी संख्या में डेरा सच्चा सौदा से जुड़ी साध-संगत ने शिरकत की।

इस अवसर पर रूह दी बहन हनीप्रीत इन्सां ने भी विशेष रूप से मौजूद रही। नामचर्चा कार्यक्रम में पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की अच्छी सेहत, दीर्घायु और जल्द से जल्द डेरा सच्चा सौदा में पधारने की अरदास करते हुए बहन हनीप्रीत इन्सां सहित जीएसएम सेवादार बहन-भाईयों तथा नामचर्चा में लाइव जुड़ी देश-विदेश की साध-संगत ने उपवास रखकर गुरू पूर्णिमा पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया। इसके अलावा इस पावन वेला पर साध-संगत की ओर से पौधारोपण, रक्तदान सहित अन्य मानवता भलाई के कार्य कर जरूरतमंद लोगों की सहायता की गई। इस अवसर पर रिकॉर्डिड वचनों में गुरु जी ने साध-संगत को गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए फरमाया कि गुरु शब्द अपने आप में एक बहुत बड़ा शब्द है।



गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु।

गु का मतलब अंधकार होता है और रु का मतलब प्रकाश, जो अज्ञानता रूपी अंधकार में ज्ञान का दीपक जला दे। बदले में किसी से कुछ ना ले, वहीं सच्चा गुरू होता है। गुरू की जरूरत हमेशा से थी, है और हमेशा रहेगी। खास करके रूहानियत, सूफियत, आत्मा-परमात्मा की जहां चर्चा होती है, उसके लिए गुरू तो अति जरूरी है।

समाज में हमेशा से गुरु उस्ताद की जरूरत पड़ती आई है। जब बच्चे का जन्म होता है तो उसका पहला गुरू, उस्ताद उसकी मां होती है। खिलाना, पिलाना, नहाना, पहनाना, यहां तक कि मल मूत्र भी साफ करना। मां जैसा गुरू दुनियावी तौर पर दूसरा नहीं होता। फिर बारी आती है बच्चा चलना सीखता है। बहन-भाई, बाप गुरू का रूप धारण करना शुरू कर देते हैं। बाप अपने बच्चे को दुनियावी शिक्षा देता है। दुनिया में कैसे रहना है? क्या करना है, क्या नहीं करना चाहिए? अपना अनुभव उसकी झोली में डालते हैं, अगर कोई लेना चाहे तो।

क्योंकि ये कलियुग का दौर है, यहां बच्चे की अपनी गृहस्थी हुई नहीं कि मां-बाप के अनुभव को ठोकर मार देता है, इसलिए अनाथ आश्रम बनते जा रहे हैं और भरते जा रहे हैं। लेकिन बात गुरू की, तो वो गुरू बाप भी होता है जो शिक्षा देता है, आगे बढ़ाता है। फिर कॉलेज, यूनिवर्सिटी और आगे से आगे गुरू बदलते जाते हैं और इन्सान दुनियावी शिक्षा में ट्रेंड होता जाता है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के लिए नागरिक दें अपना फीडबैक

**गुरुग्राम।** केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा किए जाने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के लिए सिटीजन फीडबैक आमंत्रित किए गए हैं। गुरुग्राम के नागरिक अपने शहर के बारे में अपना फीडबैक देकर अपने शहर को स्वच्छता रैंकिंग दिलाने में अपना योगदान दें।

फीडबैक देने के लिए ऑनलाईन पोर्टल पर जाएं तथा कुछ आसान सवालों के जवाब देते हुए अपने शहर की स्वच्छता के बारे में मंत्रालय को अवगत करवाएं। सिटीजन फीडबैक-2023 के तहत स्वच्छता प्रश्नों की सीरीज में आपके शहर के बारे में कुछ सवाल पूछे जाएंगे। इनमें मुख्य रूप से क्या आपके घर से प्रतिदिन कचरा उठाया जाता है, क्या आप कचरा गीला व सूखा अलग-अलग करके कचरा उठाने वाले को सौंपते हैं, क्या आपको अपना आसपास का क्षेत्र साफ-सुथरा लगता है तथा क्या आपको पता है कि आप गूगल पर निकटतम सार्वजनिक शौचालय को खोज सकते हैं आदि सवालों के जवाब दिए जाने हैं।

# मेडिकल स्टोर की आड़ में करता था नशे के इंजेक्शन का कारोबार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्रभारी श्यामवीर की टीम ने नशे के इंजेक्शन की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम विशाल है। वह मूल रुप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के गांव डूडां बिहरा का तथा वर्तवान में फरीदाबाद के सेक्टर-55 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का रहने वाला है। सब इंस्पेक्टर जसबीर सिंह, मुख्य सिपाही विक्रम, सिपाही प्रवीण और सिपाही विकास की टीम ने सूचना से आरोपी को मंगला मेडिकल स्टोर से काबू किया है। आरोपी से इंजेक्शन के संबंध में लाइसेंस पेश करने की बात कही तो वह पेश नहीं कर पाया। टीम द्वारा मौके पर सूचना से ड्रग इंस्पेक्टर संदीप गहलान को बुलाया गया। जिन्होंने इंजेक्शनों के एनडीपीएस एक्ट की जद में आना बताया। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मेडिकल पर पिछले कई वर्ष से नौकरी करता है। एक साल से नशे के इंजेक्शन मेडिकल के मालिक की सलाह पर बेचने का काम करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# तीन करोड़ से चमकेगा दशहरा मैदान, लगेंगे एमएलडी संयंत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**नगर** निगम मुख्यालय बीके चौक के पास स्थित दशहरा मैदान में जल्द हरियाली नगर आएगी। आसपास के लोगों को धूल की समस्या से भी निजात मिल सकेगी। निगम दशहरा मैदान की चहारदीवारी साथ दो एमएलडी का सीवर शोधन संयंत्र (एसटीपी) लगवाने जा रहा है। एजेंसी को कार्य सौंप दिया गया है। इस पर करीब तीन करोड़ रुपये खर्च होंगे।

दशहरा मैदान में धार्मिक आयोजनों के साथ अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। करीब 15-20 एकड़ में फैले इस ग्राउंड में हरियाली का अभाव है और धूल उड़ती रही है। ग्राउंड के एक और बीके नागरिक अस्पताल और दूसरी ओर ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल है। ऐसे में नगर निगम ने पिछले साल दशहरा मैदान में दो एमएलडी का सीवर शोधन संयंत्र लगाने की योजना तैयार की थी। इसे वायु गुणवत्ता प्रबंधन के तहत मिले पैसे से लगवाया जा रहा है। निगम के अनुसार संयंत्र में मृदा जैविक प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा। दूसरी ओर इसका पानी पास के रोज गार्डन में भी उपयोग में लाया जा सकता है। नगर निगम के कार्यकारी अभियंता मुख्यालय नितिन कादियान ने बताया कि एसटीपी लगाने के लिए जगह उपलब्ध करा दी गई है।

### सीवर ओवरफ्लो की समस्या से मिलेगी राहत

**दशहरा** ग्राउंड में एसटीपी बनने से एनआईटी तीन, एनआईटी पांच व मेडिकल कॉलेज समेत आसपास के क्षेत्रों में सीवर ओवरफ्लो की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। वहीं एमएलडी के एसटीपी से सीवर का पानी शोधित कर बागवानी समेत अन्य कार्यों में लाया जा सकेगा। संयंत्र लगाने के लिए दशहरा ग्राउंड की जमीन पर राहुल कॉलोनी के साथ अवैध कब्जों को निगम ने हाल में हटवाया था। इसके बाद इस पर काम आगे बढ़ा है।

# पलवल के शहरी क्षेत्र में कोई सड़क व गली कच्ची नहीं रहेगी : दीपक मंगला

### नगर परिषद के अलग-अलग क्षेत्रों में 12 स्थानों पर ढाई करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**विधानसभा** पलवल के शहरी क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक गति दी गई है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सोमवार को विधायक दीपक मंगला ने नगर परिषद के अलग-अलग क्षेत्र में विभिन्न 12 स्थानों पर करीब ढाई करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। विधायक दीपक मंगला ने सोमवार को विधानसभा पलवल के शहरी क्षेत्र में नगर परिषद द्वारा करवाए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों जैसे- गलियों, पार्क, चौपाल व धर्मशाला के विधिवत शिलान्यास किए।

दीपक मंगला ने वार्ड नंबर-02 कैलाश नगर में लगभग 38 लाख रुपए की लागत से नाले से शास्त्री स्कूल तक बनने वाले गली, लगभग 24 लाख रुपए की लागत से वार्ड नंबर-04 कैलाश नगर में शास्त्री स्कूल से पानी की टंकी तक गली निर्माण, लगभग 12 लाख 24 हजार रुपए की लागत से वार्ड नंबर-06 में इस्लामाबाद रोड से समुंदर सिंह तक की गली निर्माण कार्य, लगभग 42 लाख 68 हजार रुपए की लागत से वार्ड नंबर-08 में इस्लामाबाद से श्मशान घाट तक तथा श्मशान घाट से लोहागढ़ तक गली निर्माण, लगभग 09 लाख 22 हजार रुपए की लागत से वार्ड नंबर-09 में प्रकाश फौजी से इंद्रपाल हरिनगर गली निर्माण, लगभग 20 लाख रुपए की लागत से वार्ड नंबर-11 में महर्षि बाल्मीकी पार्क के नवीनीकरण कार्य, लगभग 11 लाख 71 हजार रुपए की लागत से वार्ड नंबर-22 देव नगर में स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में इंटर लॉकिंग टाइल कार्य, लगभग 24 लाख 48 हजार रुपए की लागत से वार्ड नंबर-24 काशीपुर में एससी चौपाल निर्माण कार्य, लगभग 11 लाख 70 हजार रुपए की लागत से वार्ड नंबर-24 पंचवटी कॉलोनी में तीर्थ शर्मा वाली गली निर्माण, लगभग 18 लाख 77 हजार रुपए की लागत से वार्ड नंबर-24 पंचवटी कॉलोनी में शमशेर सिंह नेहरा वाली गली के निर्माण, लगभग 19 लाख 75 हजार रुपए की लागत से वार्ड नंबर-24 पंचवटी कॉलोनी में पंडित भोले राम, पंडित श्याम व जिंदल नर्सिंग होम वाली गली को इंटरलॉकिंग के माध्यम से पक्का करवाने तथा इन गलियों में दोनों ओर नालियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

विधायक ने विकास कार्यों के शुभारंभ के दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र पलवल में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व तथा केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के अथक प्रयास से चहुंमुखी विकास कार्य करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि यहां के स्थानीय लोगों की यह बहुत पुरानी मांगे थी, जिन्हें पूरा करवाने के लिए आज शुभारंभ किया गया है।

जल्द ही यह निर्माण कार्य पूरे कर दिए जाएंगे। इनके पूरा होने पर लोगों को अवश्य ही आवागमन में सुविधा होगी। विधायक ने कहा कि पलवल शहर सड़क, रेल, मैट्रो तथा हवाई मार्ग के माध्यम से दूसरे क्षेत्रों के साथ कनेक्टिविटी में बहुत आगे बढ़ चुका है। आने वाले समय में शहर का स्वरूप बदला हुआ दिखाई देगा। मुख्यमंत्री हरियाणा के नेतृत्व में पूरे प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से सबका साथ-सबका विकास की तर्ज पर विकास कार्य पूरे किए जा रह हैं और इन सभी विकास कार्यों को पूरा करवाने में धन की कोई कमी आडे नहीं आने दी जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रमों में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने विधायक दीपक मंगला सहित अन्य अतिथियों का फूलमालाएं पहनाकर व पगडी बांधकर भव्य स्वागत किया। वार्ड के लोगों ने इस मौके पर विधायक के समक्ष बिजली, पानी, सडक्, साफ-सफाई आदि की मांगे भी रखी, जिन्हें जल्द पूरा करवाने का विधायक दीपक मंगला ने आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर नगर परिषद के चेयरमैन यशपाल, वाइस चेयरमैन मनोज बंधू, पलवल मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष अमन भारद्वाज, वीरपाल दीक्षित, हरेंद्र सिंह तेवतिया, वार्ड पार्षद तेजपाल तेवतिया, हरकिशन तेवतिया, जितेंद्र तेवतिया, अविनाश शर्मा, आजाद पाठक, देवेंद्र सिंह, रविंद्र खेडी, करण सिंह, मेघश्याम शर्मा, नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता जीतराम व हर्ष सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लक्की सिंगला एडवोकेट बने हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के युवा प्रदेश महामंत्री



**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन ने अपनी कार्यकारिणी में विस्तार करते हुए बल्लभगढ़ निवासी युवा समाजसेवी लक्की सिंगला एडवोकेट को अपना युवा प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। लक्की सिंगला ने अपनी इस नियुक्ति पर उमेश अग्रवाल राष्ट्रीय महामंत्री व पूर्व विधायक गुरुग्राम, राजीव जैन प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मीडिया सलाहकार मुख्यमंत्री हरियाणा एवं मुनीश गोयल युवा प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि वो वैश्य समाज की मजबूती के लिए पूरे प्रदेश के युवाओं को जागृत कर संस्था के साथ जोड़ने का काम करेंगे। जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उससे भी आगे बढ़कर वो समाज को पूरे प्रदेश में संगठित करते हुए नई ताकत देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर को संगठन द्वारा जींद में वैश्य संकल्प रैली निकाली जाएगी, जिसमें आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों के लिए वैश्य समाज के प्रतिनिधि को लेकर राजनीतिक पार्टियों से टिकटों की मांग की जाएगी। जिंसको लेकर युवा टीम पूरे हरियाणा प्रदेश में निमंत्रण देने का काम करेगी। गौरतलब है की लक्की सिंगला एडवोकेट ने 21 वर्ष की उम्र में ही सामाजिक संगठनों के साथ जुड़ कर समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। युवाओं के हक की लड़ाई लड़ना और उनकी बात को उच्च स्तर पर पहुंचाने के लिए लक्की सिंगला ने संघर्ष की एक लंबी यात्रा तय की है। साल 2015 से अनेक सामाजिक, राजनीतिक संगठनों से जुड़े हुए लक्की सिंगला ने साल 2016 में हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान से आयोजित अग्रसेन जयंती के आयोजन के लिए पूरे हरियाणा प्रदेश के कस्बों व शहरों से 10 दिवसीय मोटरसाइकिल पर निकाली गई एकता यात्रा में फरीदाबाद का प्रतिनिधित्व किया। 2017 में भिवानी में आयोजित जयंती में भी पूरे हरियाणा का भ्रमण किया, उसके बाद जब भी संगठन ने जो भी जिम्मेदारी जहां भी लगाई, वो पूरी करने की कोशिश की और सदैव सभी के सुख दुखमें आगे रहे। हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व बल्लभगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ नेता मनोज अग्रवाल ने कहा कि लक्की सिंगला की इस नियुक्ति से युवाओं में समाज के प्रति जागृति बढ़ेगी। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि वह इस नवीन जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए वैश्य समाज को धरातल पर और अधिक मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे।

# युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर परिवार पर चाकू से हमला





**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** में सेक्टर-56 में मॉर्निंग वॉक के लिए मां के साथ निकली युवती के साथ मनचले ने छेड़छाड़ की। जिसका उसने विरोध किया तो पहले उस पर पत्थर से हमला कर दिया। जब मां निशा ने विरोध किया तो आरोपी ने मां पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसके चलते मां-बेटी घायल हो गए। उन्हें बल्लभगढ़ के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया हे, लेकिन आरोपी आकाश ने राजीव कॉलोनी स्थित उनके घर पहुंचकर उसकी बहन कंचन पर चाकू से हमला कर दिया। जिसे बचाने के लिए उसके पिता कांता प्रसाद और भाई श्रवण दौड़े आए तो आरोपी ने उन्हें भी चाकू से हमला करके घायल कर दिया और फरार हो गया। वहीं युवती ने बताया कि आरोपी इससे पहले भी उसके साथ कई बार छेड़छाड़ कर चुका है, जिसकी शिकायत वे दो बार कर चुके हैं, लेकिन पुलिस ने आरोपी आकाश के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। आज भी जब उन पर हमला हुआ तो उन्होंने पुलिस को लगभग पांच बार डायल 112 मिलाया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। मामले में थाना प्रभारी अनूप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों के बयान दर्ज करके आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज लिया। आरोपी की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी हैं।

# पलवल में बहू ने ससुर को पीटा, 40 हजार छीने

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

### बुजुर्ग को बचाने आई नौकरानी और उसकी बेटी पर भी हमला

**न्यू कॉलोनी** में एक महिला ने अपने ससुर को दौड़ा-दौड़ा कर लोहे के पाइप से पीटा। हमले में उसे चोटें लगी हैं। महिला ने बुजुर्ग को बचाने आई नौकरानी और उसकी बेटी से भी मारपीट की। आरोप है कि महिला ने बुजुर्ग की जेब से 40 हजार रुपए निकाल लिए। कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित ससुर की शिकायत पर उसकी बहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार न्यू कॉलोनी निवासी किशन चंद्र ने शिकायत दी। इसमें उसने बताया कि वह बैंक से 40 हजार रुपए निकाल कर लाया, लेकिन जब उसने घर पहुंच कर गेट खोला तो उसकी बहू चारू गर्ग ने उस पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया। महिला ने उसके हाथ व पैरों पर वार किए। वह घर से बाहर आ गया, लेकिन उसकी बहू बीच सड़क उस पर हमला करती रही। किशन चंद ने बताया कि नौकरानी मुकेश बीच-बचाव करने आई, लेकिन चारू ने उस पर भी हमला किया। नौकरानी मुकेश की बेटी आई तो आरोपी महिला ने युवक बुलाकर उनकी भी पिटाई करा दी। पीड़ित का आरोप है कि मकान उनका है, लेकिन बहू उन्हें और उनके बेटे को घर में नहीं घुसने देती। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।

# 1.215 किलोग्राम गांजे सहित तस्कर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी की टीम ने अवैध नशा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मंगल और सतपाल का नाम शामिल हैं। दोनों संजय कॉलोनी फरीदाबाद के रहने वाले हैं। आरोपी मंगल को क्राइम ब्रांच टीम ने आशियाना फ्लैट सेक्टर-56 के पास से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गांजा को सतपाल नाम के व्यक्ति से 12000/- रु में बेचने के लिए खरीद कर लाया था। वह मजदूरी का काम करता है, पैसे के लालच में गांजा बेचना चहाता था। आरोपी पर पूर्व में भी शराब तस्करी का मामला दर्ज है।

# जितेंद्र जोगी जिला प्रमुख व सागर डागर बने अभाविप के जिला संयोजक



**पलवल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा का चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग रेवाड़ी में हुआ। जिसमें हरियाणा प्रांत के सभी जिलों से प्रमुख कार्यकर्ता व प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं अभ्यास वर्ग में विशेष रूप उपस्थित राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकांत, क्षेत्रीय संगठन मंत्री विजय प्रताप व आनंद श्रीवास्तव, प्रांत संगठन मंत्री श्याम कुशवाह आदि उपस्थित रहे। अभाविप के प्रांत अभ्यास वर्ग में छात्रों को सिखाया ज्ञान, शील, एकता का मंत्र और कार्यकर्ताओं को एबीवीपी की कार्य पद्धति एवं विचारधारा का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थी परिषद की नवीन कार्यकारणी के दायित्वों की घोषणा भी की गई। जिसमें पुष्पेंद्र ठाकुर को फरीदाबाद व पलवल दोनों जिले का पुनः विभाग संयोजक और पलवल जिला प्रमुख जितेंद्र जोगी व संयोजक सागर सिंह डागर, व्यवस्था प्रमुख जितेश कौशिक को दायित्व दिया गया। इस अवसर पर पलवल जिले से हितेश वशिष्ठ, शिवम मेहरा, अमन गुप्ता वर्ग में उपस्थित रहे।

# 25 प्रतिशत धड़क रहे दिल को ट्रांसप्लांट से रफ्तार

### एकॉर्ड अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने सफल ट्रांसप्लांट कर मरीज को दिया नया जीवन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल की किडनी ट्रांसप्लांट टीम ने हृदय की बीमारी से जूझ रही 28 वर्षीय युवती का सफल किडनी ट्रांसप्लांट कर नया जीवन दिया है। ऑपरेशन के दौरान मरीज का दिल करीब 25 प्रतिशत धड़क रहा था। ऐसे में जान जाने का रिस्क ज्यादा था।

इस सफल ट्रांसप्लांट के लिए अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय और नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार ने डॉ. सौरभ जोशी और डॉ. वरुण कुमार कटियार की टीम को बधाई दी। किडनी की बीमारियों बहुत लक्षण पैदा नहीं करती हैं। इसलिए लोग इलाज को टालते रहते हैं। इसका असर संपूर्ण शरीर पर पड़ता है। ऐसी ही कहानी दिल्ली निवासी गुलफिशा की है। जिसका किडनी फेलियर के कारण हार्ट भी फेलियर हो चला और वह बहुत बीमार रहने लगी। इसलिए ये जरुरी था कि उन्हें यूरिया से मुक्त किया जाए। यह उचित दवा और डायलिसिस के द्वारा ही संभव था। लेकिन कम उम्र के लोगों के लिए ट्रांसप्लांट एक बेहतर विकल्प है। गुलफिशा का ट्रांसप्लांट संभव नहीं था, क्योंकि उसका हार्ट कमजोर था। ऐसे में उचित दवा और अच्छी डायलिसिस देकर सबसे पहले उसके स्वास्थ्य को बेहतर किया गया। हार्ट नॉर्मल होते ही अस्पताल यूरोलॉजी डिपार्टमेंट हेड डॉ. सौरभ जोशी और डॉ. वरुण कुमार कटियार की टीम ने ट्रांसप्लांट को अंजाम दिया। करीब चार घंटे चले ऑपरेशन के बाद नई किडनी लगाते ही यूरिन तत्काल रूप से बनने लगा और धीरे-धीरे क्रिएटनीन नॉर्मल होने लगा। गुलफिशा को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अब वह डायलिसिस से मुक्त हो गई हैं। उनके हार्ट ने फिर से बेहतर काम करना शुरू कर दिया गया। वह अब एक स्वस्थ जिंदगी जी रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**फरीदाबाद।** गुरुद्वारा श्री सिंह सभा सेक्टर-15 फरीदाबाद में थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों की दीर्घ आयु व उनके स्वस्थ जीवन के लिए शबद कीर्तन का आयोजन ठाकुर परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्तिथ रागियों ने मधुर वाणी से कीर्तन कर सबको निहाल किया। थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों की लंबी व स्वस्थ आयु की अरदास की। विकास ठाकुर व निहारिका की बेटी खुशी का जन्मदिन था। विकास व निहारिका इच्छा थी कि वो अपनी बेटी का जन्मदिन थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के साथ मनायें। उन्होंने अपनी बेटी का जन्मदिन उन सभी थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के साथ मनाया, जिनका जन्म जुलाई माह में हुआ था। उनका मानना है अपनी खुशियों का बांटने से खुशियां लौटकर दोगुनी आती हैं। इस अवसर पर थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों को सुविधापूर्वक रक्त चढ़ाने के लिए फिल्टर दिए गए। जिसमें इनरव्हील क्लब 301, उद्योगपति एचके बतरा, उद्योगपति बीआर भाटिया, इंटरनेशनल इनरव्हील एसोसिएशन काउंसिल की मेंबर अनीता जैन, इनरव्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन की पूर्व प्रधान संदीपिका वशिष्ठ का विशेष सहयोग रहा। सभी के लिए लंगर की व्यवस्था की गई थी। बच्चों को ठाकुर परिवार द्वारा उपहार दिए गए। इस विशेष कार्यक्रम में फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के प्रधान बी दास, महासचिव रविंद्र डुडेजा, हरीश रतरा, जेके भाटिया, नीरज कुकरेजा, सुरेंद्र डुडेजा, कशिश भाटिया, बलदेव राज भाटिया, समाज सेवक मनोज भाटिया की उपस्तिथि रही।

### फरीदाबाद के सारांश बने यंगेस्ट स्टोरी टैलर



**फरीदाबाद।** सेक्टर-55 के रहने वाले डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के छात्र सारांश गोयल मात्र छह वर्ष की उम्र में स्टोरी टैलिंग प्रतियोगिता जीतकर यंगेस्ट स्टोरी टैलर बन गए हैं। यह प्रतियोगिता दो जुलाई को गुरुग्राम के होटल डबल ट्री हिल्टन में एमपावर किड्स पर्सनेलिटी स्कूल एवं टैड-एड स्टुडेंट टॉक्स ने संयुक्त रूप से आयोजित कराई थी। जिसमें देश विदेश से कई प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया था। अपनी जीत पर सारांश ने कोच प्रियंका बहल का धन्यवाद किया।

### अग्रवाल वैश्य समाज ने लोगों को कपड़े के थैले वितरित किए



**फरीदाबाद।** पौधे लगाओ, पर्यावरण बचाओ-देश बचाओ अभियान के अंतर्गत अग्रवाल वैश्य समाज वार्ड नंबर-34 के प्रधान नरेंद्र जैन व उनकी टीम के सदस्यों ने ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र के गांव वजीरपुर एवं मवई में लोगों को कपड़ों के थैले वितरित किए। पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। साथ ही उन्होंने प्लास्टिक बैग इस्तेमाल नहीं करने के बारे में जानकारी दी। नरेंद्र जैन ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज की शाखाएं पूरे देश में लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, पर्यावरण को बचाने तथा लोगों से प्लास्टिक बैग को प्रयोग न करने की शपथ दिलाकर उन्हें कपड़े व जूट के बैग बांट रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश संगठन मंत्री केदारनाथ के नेतृत्व में अग्रवाल वैश्य समाज फरीदाबाद के पदाधिकारी निरंतर सामाजिक कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर ब्रह्मानंद शर्मा, रोहित गिरिधर, जतिन गर्ग, शोभित शर्मा, ऋषभ जैन खास तौर पर मौजूद थे।

### नन्हे बच्चों ने नो प्लास्टिक यूज को लेकर चलाया अभियान




**फरीदाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर सेक्टर-9-10 रोड स्थित हाई होप्स स्कूल के नन्हे बच्चों ने प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान बच्चों ने सेक्टर-12 टाउन पार्क जाकर हाथों में स्लोगन लिखी पोस्टर व तख्तियां लेकर लोगों से प्लास्टिक का न प्रयोग करने की अपील की। बच्चों ने टाउन पार्क आए लोगों से आह्वान किया कि वह पर्यावरण को प्रदूषित करने वाली प्लास्टिक का बहिष्कार करके कपड़े व कागज से बने बैग का प्रयोग करें। इस अवसर पर स्कूल की निदेशिका ऋचा मेहता ने बताया कि दुनियाभर में हर साल तीन जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है, इसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में जागरुकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक की थैलियां प्रदूषण फैलाती हैं, वन्य जीवन को नुकसान पहुंचाती हैं और डिकंपोज होने में सैकड़ों साल लेती हैं। जिसकी वजह से इको सिस्टम को बड़ा नुकसान होता है। अंतरर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाने का उद्देश्य सामूहिक चेतना पैदा करना और लोगों, समुदायों व व्यवसायों को प्लास्टिक बैग पर अपनी निर्भरता को कम करने, टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देने तथा स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### स्वास्थ्य जांच शिविर में 200 ग्रामीणों ने करवाई जांच



**फरीदाबाद।** श्री श्याम मित्र मंडल एवं सर्वोदय हेल्थ केयर के सहयोग से तिगांव मेन बाजार के शिव मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजनकर्ता श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान अनुज गर्ग, स्वर्णकार समाज तिगांव के प्रधान सचिन वर्मा ने बताया कि शिविर में 200 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर की शुरुआत जिला पार्षद अनिल पाराशर, सरपंच विक्रम प्रताप नागर, पूर्व सहायक एडवोकेट जनरल हरियाणा विकास वर्मा, ब्लॉक समिति सदस्य जसवंत अधाना, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश वर्मा, पवन नागर, ब्लॉक समिति के पूर्व सदस्य तेज सिंह अधाना, रामपाल अधाना, जयकिशन वर्मा, सुरेश मित्तल, राजेंद्र मित्तल, अशोक कौशिक, मनोज पाराशर ने की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व सहायक एडवोकेट जनरल हरियाणा विकास वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य जांच सेवा का कार्य है, जो सभी को जागरूकता के साथ स्वस्थ रखने का संदेश है। लोगों को ऐसे शिविरों में जाकर अपने स्वास्थय की जांच अवश्य करवानी चाहिए। इस अवसर पर सर्वोदय हेल्थ केयर के डॉ. दीपक, डॉ. नीतू, इरशाद, रेनू, रीना, विवेक ने ग्रामीणों की शुगर, कोलेस्ट्राल, थायराइड, बीपी की जांच और ईसीजी की। ग्रामीणों को स्वस्थ्य रहने के सुझाव भी दिए गए।

## फ्रांस में उपद्रव
### नस्ली भेदभाव

**फ्रांस** में जारी हालिया उपद्रव ने वहां नस्ली भेदभाव की असलियत उजागर कर दी है। जनता में गुस्सा भड़कने के कारण लगभग एक हफ्ते तक चले दंगों के बाद अराजकता वाली स्थिति पैदा हो गई है। इसकी शुरुआत अल्जीरियाई मूल के लड़के नाहेल की फ्रांसीसी पुलिसकर्मी द्वारा हत्या से हुई। आरोप था कि नाहेल के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था और उसने ट्रैफिक सिग्नल का उल्लंघन किया था। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान ने शांति की अपील की है तथा भारी संख्या में पुलिसबल तैनात किए गए हैं। फ्रांस अब पहले की तरह शांतिपूर्ण देश नहीं है। वहां आम जनता में व्याप्त निराशा अक्सर हिंसक प्रदर्शनों में बदल जाती है और इस बार उसने एक पूर्ण दंगे का रूप ले लिया है। फ्रांस को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा जीवन्त समाज के लिए जाना जाता रहा है, पर हाल में वहां भड़की दंगों की लहर ने सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। पेरिस की सड़कों से लेकर मार्सिलेज़ की बस्तियों तक विरोध प्रदर्शनों और हिंसा ने शांति भंग कर दी है। इससे इन घटनाओं के पीछे छिपे कारणों व इरादों के बारे में सवाल पूछे जा रहे हैं। दंगों की आग भड़कने का एक प्रमुख कारण फ्रांस में सामाजिक असमानता तथा आर्थिक अशांति है। हालांकि, फ्रांस को उच्चस्तरीय जीवनशैली के लिए जाना जाता है, पर समाज के विभिन्न वर्गों के बीच इस भारी असमानता व्याप्त है। अनेक प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि संपदा और अवसरों का वितरण अत्यधिक विकृत है। इससे जनसंख्या के एक बड़े हिस्से को



अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए कठोर संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में बेरोजगारी, रोजमर्रा का बढ़ता खर्च तथा समुचित आवासीय सुविधाओं तक सीमित पहुंच जैसे मुद्दों ने निराशा और गुस्सा पैदा किया है जो अंततः अराजकता व उपद्रवों का कारण बनता है। उपद्रव का एक अन्य महत्वपूर्ण तत्व बेरोजगारी और हाशियाकरण है।

रोजगार की संभावनाओं में कमी तथा मुख्यधारा समाज से पृथक्करण की भावना ने अनेक युवाओं को निराश और गुस्सा कर दिया है। वे अक्सर दंगों को अपनी कठिनाइयां व्यक्त करने का माध्यम समझते हैं और इस बहाने परिवर्तन के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास करते हैं। पुलिस की क्रूरता तथा अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ कथित भेदभाव ने उपद्रव भड़काने में बड़ी भूमिका निभाई है। कानून-व्यवस्था लागू करने वाली एजेंसियों द्वारा खासकर वंचित लोगों की बस्तियों में बल के अत्यधिक प्रयोग से अन्याय की भावना पैदा होती है और गुस्सा व्यापक रूप से भड़कता है। 'नस्ली प्रोफाइलिंग' तथा दुर्व्यवहार के आरोपों ने समुदायों तथा कानून-व्यवस्था एजेंसियों के बीच विभाजन और गहरा किया है। इससे सामाजिक अशांति का खतरनाक माहौल तैयार होता है। अनेक अन्य देशों की तरह फ्रांस भी व्यापक राजनीतिक व सामाजिक विभाजनों का सामना कर रहा है। सरकार के प्रति विश्वास की कमी, विशिष्ट राजनीतिक वर्गों से निराशा तथा नीति-निर्माताओं के बीच संवादहीनता जैसी स्थितियों के कारण विरोध प्रदर्शनों व दंगों में वृद्धि हुई है। इन कार्रवाइयों के माध्यम से लोग यथास्थिति से निराशा अभिव्यक्त करते हुए सार्थक परिवर्तनों की मांग करते हैं। फ्रांस में दंगों की हालिया लहर सामाजिक मुद्दों संबंधी गंभीर समस्यायें उजागर करती है। इन पर ध्यान देकर कार्रवाई की जरूरत है। सामाजिक असमानता, आर्थिक अशांति, युवाओं की बेरोजगारी, पुलिस अत्याचार, राजनीतिक विभाजन तथा सोशल मीडिया की शक्ति ने अशांति भड़काने में सहयोग किया है। इन मुद्दों के समाधान के लिए सरकार, सिविल सोसाइटी तथा नागरिकों के समान व समग्र प्रयासों की जरूरत है।

# कृषि-वानिकी से खेती को बढ़ावा

**कृषि-वानिकी से न केवल कृषि क्षेत्र की परिस्थितिकी सुधरती है, बल्कि इससे किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति भी सुधर सकती है।**



बीकेपी सिन्हा



अरविंद कुमार झा



कृषि वानिकी का सरल भाषा में अर्थ 'टिकाऊ भूमि-प्रयोग प्रबंधन व्यवस्था' है। इसमें खाद्यान्नों की वार्षिक फसलों के साथ ही बहुवर्षीय पेड़ों, झाड़ियों, पाम, बांस, आदि तथा उसी भूमि पर मवेशी पालन का प्रबंधन शामिल है। कृषिवानिकी का रास्ता वास्तव में वन नीति द्वारा ही साफ किया गया जिसमें वनों की जमीनों पर अधिकारों तथा रियायतों की घोषणा की गई थी। आरक्षित वनों के बाहर सामाजिक वानिकी भी इसमें शामिल है। हालांकि, कृषि व वस्तुओं का उत्पादन करने वाली जमीनों के वनों में उपयोग को हतोत्साहित किया गया था क्योंकि खाद्यान्न उत्पादन की आवश्यकता बढ़ रही थी। लेकिन इसके साथ राजस्व स्रोत के रूप में वनों पर भी जोर दिया गया। इससे खासकर छोटे व सीमान्त किसानों को अपनी छोटी या खराब भूमि वाली जोतों पर जंगली प्रजातियां उगाने को प्रोत्साहित किया गया जिनका उपयोग उद्योगों में होता है। इस नीति में कहा गया कि किसानों को वनाधारित उद्योगों से निवेश सहायता मिलनी चाहिए जिसमें कर्ज, निरंतर तकनीकी सलाह, फसल काटने व परिवहन की सेवायें तथा बेहतर उपज के लिए शोध-आधारित व्यवस्था मजबूत करना शामिल है। वन नीति में कहा गया कि वनों के प्रत्यक्ष आर्थिक लाभों को पर्यावरण स्थायित्व तथा परिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए फसल उत्पादन तथा मानव जाति को बनाए रखने वाली परिस्थितिकी सेवाओं को महत्व देना जरूरी है। कृषि व्यवस्थाओं को उपयुक्त विविधीकरण के माध्यम से मजबूत करने तथा देश व अर्थव्यवस्था की बढ़ती आवश्यकतायें पूरी करने के लिए समग्र प्रयासों की जरूरत है। वन, कृषि की पालक माता की तरह हैं और वे बहुत संवेदनशील ढंग से अपनी भूमिका अदा करते हैं।

भारत की कृषिवानिकी नीति, 2014 में स्वीकार किया गया है कि भौगोलिक क्षेत्र में 33 प्रतिशत वनाच्छादन का लक्ष्य पूरा करने का यह एकमात्र विकल्प है जिसका उल्लेख राष्ट्रीय वन नीति, 1988 में भी किया गया था। इसमें कृषिवानिकी को प्राकृतिक संसाधन आधारित प्रबंधन व्यवस्था बताया गया है जो उत्पादन को बनाए रखती है तथा उसमें कार्बन भंडारण, वनों को होने वाले नुकसान में कमी, जैवविविधता संरक्षण, आदि से परिस्थितिकी सेवाओं में सुधार होता है। इससे कृषि भूमि आत्यन्तिक मौसमी घटनाओं, जैसे, बाढ़, सूखा व जलवायु परिवर्तन झेलने में सक्षम बनती है। कृषिवानिकी पर जोर संभवतः राष्ट्रीय कृषि नीति, 2000 के एक कथन की प्रतिक्रिया के फलस्वरूप भी है। इसमें कहा गया था कि 'कृषि तुलनात्मक रूप से घाटे का सौदा होती जा रही है।' इसमें जोर दिया गया था कि 'किसानों को फार्म-कृषिवानिकी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।'

लेकिन जमीनी स्थितियों से पता चलता है कि आर्थिक कारणों से कृषि का झुकाव बड़े पैमाने पर औद्योगिक कृषि की ओर हुआ है जो अपने वर्तमान शोषक रूप में भावी पीढ़ियों को उन संसाधनों से वंचित कर रही है जिनकी रक्षा की जानी चाहिए। भूजल के दोहन से महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में गन्ने की खेती पर जोर इसका उदाहरण है। कृषिवानिकी इससे पूरी तरह अलग है। दीर्घकालीन टिकाऊपन तथा तुलनात्मक रूप से कम जोखिम वाली भूमि प्रयोग व्यवस्था में अर्थव्यवस्था को समर्थन देने तथा किसानों की बेहतरी सुनिश्चित करने की वह क्षमता है जिसका अब तक उपयोग नहीं किया गया है। विशिष्ट स्थल के अनुरूप ट्रीटमेंट माडलों का विकास स्थानीय विशिष्ट प्रजातियों के सहयोग से किया जा सकता है। इसने व्यापक रूप से एग्री-सिल्वी, एग्री हार्टी तथा एग्री-सिल्वी पास्चर व्यवस्थाओं को जन्म दिया है जिसमें पशुपालन को शामिल किया जा सकता है। इनके पूर्णतः संस्थाबद्धीकरण की जरूरत है।

कृषिवानिकी नीति में अनेक बाधाओं को रेखांकित किया गया है जो देश में कृषिवानिकी के रास्ते में आती हैं। इनमें से कुछ को संबोधित किया गया है, लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है। जमीनी स्तर पर अनेक सबक सीखे गए हैं जिनसे विभिन्न आयामों पर भावी कार्यनीतियों का विकास हो सकता है। जहां तक नियामक ढांचों का सवाल है, जहां नीतिगत संस्तुतियां सरल व्यवस्थाओं व प्रक्रियाओं की मांग करती हैं ताकि कृषिवानिकी उत्पादों की उचित हार्वेस्टिंग व परिवहन किया जा सके। अनेक राज्यों ने पेड़ काटने संबंधी कानूनों में व्यापक संशोधन कर मुख्यतः निजी भूमि पर उगाई प्रजातियों को काटने पर नियंत्रण हटाए हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा तैयार भारत में वनों की स्थिति पर रिपोर्ट, 2021 के अनुसार पंजीकृत वन क्षेत्रों के बाहर वन क्षेत्र-721 वर्ग किलोमीटर ने समुचित योगदान किया है। इससे कुल वन क्षेत्र 2,261 वर्ग किलोमीटर हुआ है तथा देश का वृक्षाच्छादन क्षेत्र बढ़ा है। हालांकि भारतीय वन कानून, 1927 से 'बांस' को हटाने का उद्देश्य फार्मों पर उगाए बांसों के परिवहन को नियंत्रण से बाहर रखना था, पर इससे एक सबक मिला है। आरक्षित वन क्षेत्रों में भी बांस काटने को अपराध के दायरे से बाहर रखने के कारण इस रिपोर्ट के अनुसार देश में 10,594 वर्ग किलोमीटर बांस क्षेत्र कम हुआ है।

इसके साथ ही महाराष्ट्र से फार्मों पर उगाए बांस बेचने में कठिनाई की खबरें भी आई हैं क्योंकि नियंत्रण हटाने के कारण वनों से भारी मात्रा में बांस कट कर आ रहा है। ये नियंत्रण वनाधिकार कानून, 2006 के अंतर्गत समुदायों के वनों प अधिकार के नाम पर हटाए गए थे। कहने की आवश्यकता नहीं कि कानूनी हस्तक्षेप से पहले जमीन पर इनके प्रभावों के सभी संभव आंकलन किए जाने चाहिए। बेहतर तथा किसान-हितैषी संस्थाबद्ध कर्ज व बीमा कृषिवानिकी को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है। छोटे किसानों की सहभागिता न होना कृषि उत्पादकता को अधिकतम करने के रास्ते में बाधा है। इसे आजीविका के अवसरों तथा बाजार पहुंच संबंधी मुद्दों से जोड़ा जाना चाहिए। एकफसली व्यवस्थाओं की अधिक उपज की वर्तमान धारणा के स्थान पर बहुफसली आधारित टिकाऊ विकल्पों को कृषिवानिकी के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। आईसीएआर के लगभग 30 शोध केन्द्र कृषिवानिकी शोध से जुड़े हैं। नवीनतम तकनीकों के प्रयोग से ये कृषि विभाग की विस्तार शाखा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। कृषिवानिकी को सस्ता बना कर छोटे किसानों तक ले जाना जरूरी है। झारखंड के पालामऊ जिले में 'चक्रीय विकास योजना' का उदाहरण लीक से हट कर है। इससे किसानों की कृषि संबंधी दिलचस्पी बढ़ी है जिसका अनुसरण किया जाना चाहिए। अनेक क्षेत्रों में उद्योगों से सहायता ली जा सकती है जिनमें आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माता शामिल हैं। वे निवेश सप्लाई में सहायता कर उत्पाद व मार्केटिंग की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। कृषि उत्पादों का प्रमाणीकरण तथा सक्रिय रूप से निर्यात बिंदुओं पर एजेंसियों के सहयोग से कृषिवानिकी उत्पादों के लिए बेहतर बाजार तैयार किया जा सकता है। कृषिवानिकी को रीडू प्लस जैसी पहलों से जोड़ कर भी अच्छा लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

भारत ने ड्राफ्ट ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन रूल्स, 2023 की घोषणा कर बहुत बड़ा कदम उठाया है। देश में ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम में उन गतिविधियों की पहचान की गई है जिससे हरित क्षेत्र का आच्छादन बढ़ेगा। इसे 'ट्री प्लांटेशन बेस्ड ग्रीन क्रेडिट' का नाम दिया गया है। इसके साथ ही एमओईएफसीसी निर्देशों के आधार पर सभी उद्यमों का 'एक्रीडिएटेड कंपेंसेटरी एफारेस्टेशन' के अंतर्गत पंजीकरण किया जाएगा।

यह कार्यक्रम की ग्रीन क्रेडिट पंजीकरण व्यवस्था के अनुरूप है। कार्यक्रम के लिए परिभाषित आठ क्षेत्रों में समन्वय बनाए रखना कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाने के लिए बहुत जरूरी है। कृषिवानिकी में न केवल किसानों की आर्थिक व सामाजिक स्थितियां सुधारने की असीम संभावनायें हैं, बल्कि इससे कृषि क्षेत्र की परिस्थितिकी में भी सुधार होगा तथा वे टिकाऊ व जलवायु परिवर्तन-प्रतिरोधी बन जांएगी। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात किसानों द्वारा कृषिवानिकी माडलों को स्वीकार करना है। इसके लिए सभी स्तरों पर निष्ठा व पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी है ताकि स्थानीय समुदायों को वास्तविक लाभ मिले तथा जैवविविधता संरक्षण की गारंटी हो।

# ईश्वर से रिश्ता जोड़ना है तो उसकी शरण में जाएं

**अगर परमेश्वर के साथ हमारा रिश्ता अच्छा है, तो वह हमें अच्छा इनाम देगा।**



**अजित कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)

हम सब करते हैं। क्योंकि दूसरे लोगों के साथ अच्छे रिश्ते हमें कई तरह से फायदा पहुंचाते हैं। क्या हम सभी को अच्छे अस्तित्व के लिए एक मजबूत समर्थन आधार की आवश्यकता नहीं है? यह अनुमान लगाया गया है कि हमें अच्छी तरह से जीवित रहने के लिए प्रतिदिन लगभग पच्चीस व्यक्तियों की सहायता की आवश्यकता होती है। फिर, हमें अपने परिवार के सदस्यों के साथ अच्छे रिश्ते रखने चाहिए, खासकर जिनके साथ हम रहते हैं। उन्हें वैसे ही स्वीकार किया जाना चाहिए जैसे वे हैं, जैसे हमें अपने कई दोषों के साथ होना चाहिए।

बिना किसी अपवाद के हम सभी में कई दोष हैं; केवल दूसरों में अलग-अलग दोष हो सकते हैं। दुर्भाग्य से हम अपनी गलतियों को नजरअंदाज करने या उन्हें सामान्य मानने की कोशिश करते हैं, जो सही नहीं है।

सभी दोष दोष हैं, और उन पर काम किया जाना चाहिए और उन्हें केवल तभी ठीक किया जा सकता है जब हम व्यक्तिगत रूप से उन पर काम करते हैं, खासकर भगवान की मदद से। क्योंकि हम अपने पिछले जन्मों में किए गए पाप कर्मों के कारण इस तरह से प्रोग्राम किए गए हैं। उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति को बचपन से ही तुरंत गुस्सा आ जाता है।

यह आदत उसके जीवन भर जारी रहने की संभावना है जब तक कि उसमें बदलाव की इच्छा न हो और इसके लिए वह भगवान से मदद मांगे। क्योंकि किसी के स्वभाव में ऐसे परिवर्तन लाना बहुत कठिन होता है; इस परिवर्तन को प्रभावी बनाने के लिए ईश्वर की सहायता महत्वपूर्ण है।

इसके अतिरिक्त, हमें दूसरों के लिए भी सोचना चाहिए, यानी हम उनकी मदद कैसे कर सकते हैं, क्योंकि हां, हम सभी को मदद की ज़रूरत है। कौन हमारी मदद कर सकता है? इसका उत्तर वे हैं जिनके साथ हम घर पर या कार्यस्थल पर मिलते हैं। और सहायता प्राप्त करने के लिए हमें उनका सम्मान करना चाहिए, और उदारतापूर्वक उनकी सराहना करनी चाहिए, जैसे हम ध्यान दिए जाने की लालसा रखते हैं। आप विशेषज्ञों का एक समर्थन आधार कैसे बनाते हैं, जो विश्वसनीय भी हों, उदाहरण के लिए, अच्छे डॉक्टर, वकील, एकाउंटेंट, आदि? उत्तर फिर से वही है: बहुत सम्मानजनक और प्रशंसनीय बनें।



अच्छा स्वास्थ्य काफी हद तक सही समय पर सही सलाह मिलने पर निर्भर करता है। वकीलों के बारे में भी यही सच है. क्या आप जानते हैं कि बेईमान वकील केवल तारीखें लेने में रुचि रखते हैं? वे विरोधी पक्ष के वकीलों से मिलकर इन्हें हासिल कर लेते हैं और मामले खिंचते रहते हैं। अच्छे रिश्ते हमें और भी कई तरह से फायदा पहुंचाते हैं। क्या हम सह-अस्तित्व के लिए बनाए गए सामाजिक प्राणी नहीं हैं? इस प्रकार परिवार की अवधारणा अस्तित्व में आई। क्यों? जैसा कि पहले बताया गया है, हमें कई लोगों की मदद लेनी होगी। क्या हम अपने आप में अधूरे नहीं हैं? क्या पति वह नहीं देता जो पत्नी के पास है और वह वह नहीं दे सकती जो उसके पास है? फिर, हम हमेशा ध्यान, प्रशंसा आदि की तलाश में रहते हैं, क्योंकि हम वास्तव में आत्मनिर्भर नहीं हैं।

सृष्टि इसी प्रकार चलती रहनी चाहिए थी। हमें दूसरों का समर्थन करना चाहिए और दूसरों को भी ऐसा ही करना चाहिए। हम दूसरों को सम्मान दे सकते हैं और वे हमारा सम्मान कर सकते हैं, और दुनिया चल सकती है। क्या हम हर चीज़ में विशेषज्ञ हो सकते हैं? सच तो यह है- हम केवल कुछ ही चीजों में विशेषज्ञ हो सकते हैं, यदि हों भी तो। अन्य लोग हमारी सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेषज्ञता प्रदान करते हैं।

उदाहरण के लिए, एक डॉक्टर हमें चिकित्सा विशेषज्ञता प्रदान करता है और एक अकाउंटेंट उसकी अकाउंटेंसी आवश्यकताओं को पूरा करता है। और हम कम तनाव झेलते हैं क्योंकि ऐसे लोग भी हैं जो हमारी कमी को पूरा करते हैं और उसकी पूर्ति करते हैं। आप भगवान को प्रसन्न करें और जो चाहें प्राप्त करें। क्या ईश्वर हमारे अंदर भी नहीं है और बाहर भी नहीं? यदि हम अच्छी तरह से अस्तित्व में रहना चाहते हैं तो वह हमारे जीवन का एक हिस्सा है और होना भी चाहिए। कॉस्मिक डिज़ाइन इसी प्रकार काम करता है। हमें ईश्वर के साथ एक उत्कृष्ट रिश्ता विकसित करना चाहिए। क्या वह नियंत्रक नहीं है? क्या वह हमारे कृत्यों के परिणाम तय करने वाला नहीं है? क्या वह सर्वज्ञ होने के नाते हमारे सामने आने वाली समस्याओं का सटीक उत्तर नहीं दे सकता है?

हाँ, केवल ईश्वर और वह ही बड़ी तस्वीर देख सकते हैं; यदि हम अधिक प्रयास करें तो हम इसका केवल एक भाग ही देख सकते हैं। एक और महत्वपूर्ण तथ्य है जो हमें जानना चाहिए। भगवान भी जानता है कि हम क्या सोच रहे हैं। इस तरह हमें बुरे विचारों के लिए दंडित किया जाता है। हमें यह जानना चाहिए कि हमारे भाग्य का निर्धारण करने के लिए शरीर, मन और वचन द्वारा किये गये सभी कार्यों को ध्यान में रखा जाता है।

## आप की बात

### चिन्ताजनक स्थिति

**अंतराष्ट्रीय** मामलों के कुछ जानकार लोगों का मानना है कि आज समूचा यूरोपए एक बार फिर उग्र राष्ट्रवाद या धुर दक्षिणपंथ की गिरफ्त में आ रहा है। वैसे केवल यूरोप ही नही, दक्षिण और उत्तर अमेरिका भी इस रूढ़िवादी विचारों से खुद को अलग नहीं कर पा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में ट्रम्प की पूर्व सरकार व ब्राज़ील में बोलसोनारो की पूर्व सरकार भी इसी विचारधारा को प्रोत्साहित कर रही थीं। यूरोप में रूढ़िवादियों का प्रचार व प्रसार अधिक हो रहा है। फ्रांस, ब्रिटेन, इटली, स्वीडन, पोलैंड और जर्मनी जैसे देशों के राजनीतिक गलियारों में उग्र राष्ट्रवादी विचारों से प्रभावित लोगों की चहलपहल पहले से ज्यादा बढ़ गई है। उग्र राष्ट्रवाद का सबसे बड़ा खतरा ये है कि वैश्विक भूमंडलीकरण एवं आप्रवासन को ये वैचारिक रूप से स्वीकार नहीं करता। धार्मिक अल्पसंख्यकों, अश्वेतों व गरीबों को इन रूढ़िवादियों द्वारा घृणा के नज़रिये से देखा जाता है। इससे वहां के समाजों में टकराहट की स्थिति लगातार बनती जा रही है। फ्रांस में पिछले एक सप्ताह से जारी उपद्रव के पीछे भी उग्र-राष्टवादी सोच ही जिम्मेदार है। यह स्थिति लोकतंत्र तथा समानता, बंधुत्व व स्वतंत्रता के जनक समझे जाने वाले देशों के लिए निश्चित रूप से चिन्ताजनक है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### राकांपा में बगावत

**अजित पवार** के नेतृत्व में बगावत न केवल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा प्रमुख शरद पवार बल्कि महाविकास आघाड़ी के लिए भी बड़ा झटका है। महाराष्ट्र में उत्तर प्रदेश के बाद सबसे अधिक लोकसभा सीटें हैं। अजित पवार इसके पहले भी चाचा शरद पवार से विद्रोह करके भाजपा के साथ गए थे और गुपचुप तरीके से उप मुख्यमंत्री पद की शपथ भी ले ली थी, लेकिन वे चंद घंटों के अंदर ही वापस लौट गए थे। इस बार इसके कोई आसार नहीं क्योंकि उनके साथ राकांपा के कई अन्य विधायकों ने भी शिंदे सरकार में मंत्री के रूप में शपथ ले ली है। अजित पवार का दावा है कि वह असली राकांपा हैं और उनके साथ अधिसंख्या विधायक हैं। अजित पवार ने शरद पवार के साथ वही किया जो एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के साथ किया था। भले ही शरद पवार अपनी पार्टी को फिर से खड़ा करने का दम भरें, लेकिन अब इसकी संभावना बहुत क्षीण है। एक तो उनकी उम्र अधिक हो गई है और वे पुत्री मोह से ग्रस्त हैं। राकांपा में फूट कोई अनोखी बात नहीं है क्योंकि परिवारवादी दलों में ऐसा होता रहता है। इससे भाजपा को बेहतरीन मौका मिल गया है।

-**सदन जी,** पटना

### शालीन वेशभूषा

**मंदिरों** में दर्शनार्थी मर्यादित कपड़ों से ही प्रवेश करें। आजकल पर्यटन, धर्म स्थल, मंदिर और तीर्थ आदि स्थलों पर सामान्य ड्रेस या रोजाना पहनने वाले कपड़ों में पर्यटक प्रवेश और दर्शन कर रहे हैं। स्थान के अनुकूल कपड़े पहनने का महत्व विशेष होता है। कपड़े पहनने की स्वतंत्रता है किंतु यह स्वच्छंदता में नहीं बदलनी चाहिए। कोर्ट, अस्पताल, पुलिस स्टेशन, रेलवे, सेना, एयर सर्विस और स्कूल आदि निजी, शासकीय व अर्धशासकीय विभाग और संस्थाओं में निर्धारित ड्रेस पहनने पर ही प्रवेश मिलता है। मंदिरों में भी मनमर्जी से ड्रेस पहनने की स्वतंत्रता को उचित नहीं कहा जा सकता है क्योंकि मंदिरों में जाने की भावना तथा पर्यटन स्थल जाने की भावना में अंतर होता है। पर्यटन स्थल पर मनमाफिक कपड़े पहने जा सकते हैं, किंतु मंदिर का महत्व और तीर्थ का तीर्थत्व कायम रखने हेतु यदि ड्रेस कोड लागू होता है तो उसका पालन भी सहर्ष होना चाहिए। पूजा, आराधना, साधना, योग,ध्यान, पाठ, यज्ञ व हवन आदि की संपन्नता हेतु भी ड्रेस कोड निर्धारित है। प्रत्येक मंदिर और तीर्थ के प्रवेश द्वार पर इस संबंध में सूचना पटल लगे होने चाहिए।

-**बी एल शर्मा,** उज्जैन

### एक देश-एक कानून

**समान नागरिक संहिता** को लेकर मोदी के बयान के बाद देशभर में इस मुद्दे पर चर्चा शुरू हुई है। राजनीतिक दलों में भी कुछ इसके पक्ष में है और कुछ इसके पक्ष में नहीं है। समान नागरिक संहिता लागू करने वाला गोवा देश का पहला राज्य है, जहां आजादी के बाद से ही समान नागरिक संहिता लागू है। लॉ कमीशन ने इस विषय पर आम जनता से राय मांगी है। इंटरनेट सुविधा के चलते बड़ी संख्या में लोगों ने इसके पक्ष में अपने विचार व्यक्त करके इस विचार का समर्थन किया है। संविधान निर्माताओं की मंशा देश में समान कानून लागू करने की थी, मगर राजनीतिक कारणों के चलते इसे अब तक टाला जाता रहा है। अब समय आ गया है कि एक देश एक कानून को यथाशीघ्र लागू किया जाए। विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला हमारा देश अलग-अलग जातियों व धर्मों के लिए अलग-अलग पर्सनल कानून के चलते कानून व्यवस्था पर भारी बोझ डाल रहा है। एक राष्ट्र एक कानून होने से न्यायालयों पर बोझ घटेगा तथा सभी नागरिक एक कानून के चलते सौहार्दपूर्ण रह सकेंगे।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# कर्ता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन ही सनातन धर्म की पहचानः योगी

- गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री
- कर्म करने का ज्ञान देने के साथ अहंकार से बचने की भी सीख दी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**गोरक्षपीठाधीश्वर** एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन ही सत्य एवं शाश्वत है। कर्ता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन ही सनातन धर्म की पहचान है। गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की इसी पहचान से जुड़ा पावन पर्व है। गोरक्षपीठाधीश्वर गुरु पूर्णिमा पर्व पर सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को गुरु की तरह जीवन का व्यावहारिक आशीर्ज्ञान देते हुए सीएम योगी ने आदि गुरु वेदव्यास को नमन करते हुए कहा कि महर्षि वेदव्यास की जयंती ही गुरु पूर्णिमा के रूप में प्रतिष्ठित है। हमारे वैदिक व धार्मिक ज्ञान को लिपिबद्ध कर कर सर्वसुलभ बनाने में कृष्ण द्वैपायन वेदव्यास का अनिर्वचनीय योगदान है। वेदव्यास जी के साथ ही गुरु गोरक्षनाथ, आदि शंकराचार्य, संत रामानंद, स्वामी निम्बाचार्य, गोस्वामी तुलसीदास आदि का स्मरण करते हुए कहा कि हमारे संतों, महर्षियों ने गुरु की भूमिका निभाते हुए अलग अलग कालखंड में समाज को विकृतियों से बचाकर समूची मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। भारत के संतों की यह परंपरा हमें सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

सीएम योगी ने कहा कि न सिर्फ गुरु पूर्णिमा पर बल्कि कृतज्ञता ज्ञापन की अपनी संस्कृति से हम आश्विन माह में भी जुड़ते हैं। इस माह में पूरा एक पक्ष हम तर्पण के माध्यम से अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। बादशाह शाहजहां को जब उसके पुत्र ने कैद कर लिया तब उसने कहा था, सबसे अच्छे तो सनातनी लोग हैं, जो जीते जी अपने माता-पिता की सेवा तो करते ही हैंए उनकी मृत्यु के बाद भी तर्पण से उनके प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करते हैं। योगी ने कहा कि सनातन संस्कृति में गुरु की पांच श्रेणियां हैं। ऋषि परंपरा के गुरु, माता-पिता, बड़े भाई, शिक्षा गुरु व दीक्षा गुरु। ये सभी किसी न किसी रूप में हमारा मार्गदर्शन कर हमें जीवन पथ पर



आगे बढ़ाते हैं। इनके प्रति सदैव सम्मान व कृतज्ञता का भाव होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीयता की संस्कृति से भारत की पहचान अक्षुण्ण है। यहां अनेक जातियां हो सकती हैं, वेशभूषा, रहन-सहन अलग हो सकता है लेकिन देश के प्रति सबकी भाव भंगिमा एक है। भारत के बारे में जो सोच गोरखपुर के लोग रखते हैं, वही सोच तमिलनाडु और कश्मीर के लोग भी रखते हैं। भारत मजबूत हो, यही सोच हर भारतीय की रहती है और यही सोच हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है। भारतीयों की इसी सोच से वे लोग गफलत का शिकार हो गए जो आजादी के बाद भारत के कई टुकड़ों में बंटने की कल्पना करते थे। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीयता की भावना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में भारत ने लंबी छलांग लगाई है। आजादी के अमृत महोत्सव में जब हर घर पर शान से तिरंगा लहरा रहा था तब भारत ने इस पर 200 साल शासन करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उपलब्धि भी हासिल कर ली। गौरव की बात यह भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भारत दुनिया के 20 बड़े देशों के समूह जी-20 की अगुवाई भी कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति बीज को वृक्ष के रूप में विकसित करने और उसे फलने फूलने योग्य बनाने की प्रेरणा देती है।

हमें विकृति से बचाने को हमारा मार्गदर्शन करती है। पूरे समाज को साथ लेकर चलने का संदेश देती है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार करने में सबको योगदान देना होगा। यह कार्य केवल राजनीतिक नेतृत्व का नहीं है। आम नागरिक का भी यह कार्य होना चाहिए। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में पीएम मोदी द्वारा बताए गए पंच प्रणों से जुड़कर हम यह कार्य कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कर्म करने का ज्ञान देने के साथ अहंकार से बचने की भी सीख दी। सनातन धर्म में जब हम हवन करते हैं तब स्वाहा व स्वधा बोलते हैं। स्वाहा के जरिए हम अहंकार का त्याग करते हैं और स्वधा के जरिए अंत:करण में शुद्धि को धारण करते हैं। भक्ति से रावण ने कैलाश पर्वत को भी उठा लिया लेकिन जब मन में अहंकार आया तो वह अंगद जी के पैर तक नहीं उठा पाया। सनातन धर्म हमें अहंकार त्याग करपूरी प्रतिबद्धता के साथए सात्विक भाव से मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने की प्रेरणा देता है।

## मानवता के कल्याण को समर्पित है नाथपंथ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नाथपंथ साधना पक्ष के ही समानांतर क्रियात्मक पक्ष से मानवता के कल्याण को समर्पित है। गोरखपुर को साधनास्थली बनाने वाले गुरु गोरखनाथ ने शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए क्रियात्मक योग का उपहार दिया। नाथपंथ के सभी मनीषी मानवता के कल्याण के क्रम को आगे बढ़ाते रहे हैं। साधना के जिज्ञासु बाबा गंभीरनाथ के योगदान को जानते हैं। गोरखनाथ मंदिर को यह स्वरूप देने के साथ ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने उस वक्त शिक्षण संस्थानों की स्थापना की जब पूर्वी उत्तर प्रदेश पूरी तरह पिछड़ा हुआ था। उनके बाद गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी ने न केवल श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन का नेतृत्व किया बल्कि समाज के लिए शिक्षण संस्थानों और चिकित्सालय की स्थापना की। यह सभी कार्य मानवता के कल्याणार्थ हैं। गुरु पूर्णिमा उत्सव में संबोधन से पूर्व मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ महाराज व गुरु राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज के चित्र पर पुष्पार्चन किया। इस अवसर पर लोक गायक राकेश श्रीवास्तव व उनके दल की तरफसे गुरु की महिमा के गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति की गई। समारोह में प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, दयाशंकर सिंह, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, देवीपाटन के महंत मिथिलेश नाथ, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति प्रो यूपी सिंह समेत कई गणमान्यजन व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# योगी ने की नाथपंथ के गुरुजन की विशिष्ट पूजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**गुरु पूर्णिमा** के पावन पर्व पर सोमवार को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ एवं नाथपंथ के गुरुजन की विशिष्ट पूजा की। साथ ही मंदिर की गोशाला में गोवंश की सेवा कर उन्हें गुड़ खिलाया। गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा पूजन का अनुष्ठान सुबह 5 बजे से 7 बजे तक चला। सामूहिक आरती के साथ अनुष्ठान की पूर्णता हुई। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं सीएम योगी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी गुरुओं और मंदिर परिसर में मौजूद सभी देव विग्रहों के समक्ष विधि विधान के साथ पूजन किया। साथ ही देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सोमवार सुबह मुख्यमंत्री ने सबसे पहले



नाथपंथ के आदिगुरु भगवान गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनकी पूजा की। वह परिसर में मौजूद सभी देवविग्रहों के पास पहुंचे और उनका पूजन किया। उसके बाद वह बारी-बारी से बाबा गंभीरना, अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ समेत ब्रह्मलीन गुरुओं की समाधि पर गए। सभी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कर आशीर्वाद लिया।

गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने गुरु गोरखनाथ को रोट का महाप्रसाद अर्पित किया। पूजा-अर्चना की आनुष्ठानिक प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद गुरु पूर्णिमा पर होने वाली परंपरागत सामूहिक महाआरती हुई तथा सभी गुरुओं के प्रति आस्था निवेदित की गई। इस अवसर पर सभी नाथ योगियों ने भी गोरक्षपीठाधीश्वर का नाथ परम्परानुसार आशीर्वाद लिया।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा की तरह मंदिर की गोशाला भी गए। यहां उन्होंने गोवंश को उनके नाम से पुकारा और उनके पास आने पर खूब दुलारा। अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। योगी का दुलार पाकर गोवंश भाव विह्वल नजर आए। एक गोवंश योगी से इस कदर खेलने लगा कि मानो वह किसी बात पर रूठ गया हो। उन्होंनेए क्यों नाराज है ए कहकर उसके माथे व गर्दन को सहलाया तो वह स्नेहाभिभूत होकर उनसे लिपटने लगा। सीएम योगी की गोसेवा का दृश्य नयनाभिराम था।

# जनता की समस्याओं पर ध्यान दें अधिकारीः मुख्यमंत्री

- योगी आदित्यनाथ ने जनता दरबार में सुनी 400 लोगों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर

**संस्कृति** पर्व गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु पूजन की नाथ पंथ की विशिष्ट आनुष्ठानिक व्यस्तता के बावजूद मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने जनसेवा की परंपरा में रुकावट नहीं आने दी। गुरु पूर्णिमा पर पूजनोपरांत उन्होंने जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आत्मीय भरोसा दिया। गोरखनाथ मंदिर में सोमवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि बिलकुल चिंता मत करिए। हर समस्या पर हम प्रभावी कार्रवाई



कराएंगे। पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराएं। साथ ही जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। गोरखनाथ मंदिर में दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। उनकी बात इत्मीनान से सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जन स्वास्थ्य की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आये बच्चों को भी मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा। उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और चॉकलेट के साथ खूब पढ़ने, आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

# रोम के सम्राट रहे नीरो सरीखा हो गया है यूपी बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व का हालः अखिलेश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अखिलेश यादव ने कहा है कि 'कहते हैं जब रोम जल रहा था, सम्राट नीरो बांसुरी बजा रहा था।' यही हाल उत्तर प्रदेश में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का है। केन्द्र हो या राज्य डबल इंजन की नजर में तो यह छुपा नहीं होगा कि यूपी में अपराधियों को सत्ता से कैसी खुली छूट मिली हुई है। उन्होंने कहा कि जेल के अन्दर, जेल के गेट पर, कोर्ट रूम में, कोर्ट परिसर में, पुलिस अभिरक्षा में, पुलिस हिरासत में, पुलिस थाने के अंदर कहीं तो कोई सुरक्षित नहीं है। अति सुरक्षित माने जाने वाली जगहों पर लगातार हत्याएं और दुष्कर्म होना आम बात हो गई है। दिनदहाड़े लूट हो रही है। थाने जल्लादघर कैसे हो सकते हैघ् इस सबके बावजूद प्रदेश में कानून व्यवस्था के ठीक होने की चर्चा भाजपाई झूठ की इंतहा नहीं तो और क्या है?

अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में विपक्षियों को बदनाम करने के लिए सीबीआई, ईडी के छापे चल रहे है। हद यह है कि अब विपक्ष की आवाज उठाने वालों पर जानलेवा हमला भी हो रहा है। अपराधी घटना को अंजाम देकर आराम से निकल जाते हैं। ऐसे में आम जनता की सुरक्षा कैसे होगी? अपराधियों को सत्ता का संरक्षण मिलने से उनके हौसले बुलंद हो गए हैं वे अब भाजपा नेताओं को भी कुछ नहीं समझने लगे हैं। राजधानी लखनऊ में कई भाजपा नेताओं को अपमानित किया गया। ताजा घटना गोमती नगर की है जिसमें भाजपा की विद्यार्थी परिषद के लखनऊ महानगर संयोजक की मां की चेन छीनकर लुटेरे भाग गए। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की चुस्त दुरूस्त कानून व्यवस्था का हाल ये है कि अब खुद खाकी वाले ही सरकार की साख पर बट्टा लगाने में संकोच नहीं कर रहे है। नोएडा में एक अंडा का ठेले लगाने वाला का ठेला ही पुलिस वालो ने उलट दिया क्योंकि उसे अंडा सर्व करने में कुछ देर हो गयी थी।

आगरा में तो पुलिस खुद माफिया बन गई। शाहगंज थाने की पुलिस ने पिता-पुत्र-भतीजे को पहले तो अवैध हिरासत में रखकर बेरहमी से पिटाई की फि र एनकाउंटर का भय दिखाकर 4 करोड़ की दुकान का बैनामा करा दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए सबसे शर्मनाक तो यह है कि संस्कार का पाठ पढ़ाने वाली भाजपा सरकार में महिलाओं और बच्चियों को रोजाना दुष्कर्म का शिकार होना पड़ रहा है। मासूम बच्चियों तक को हवस का शिकार बनाया जा रहा है। दुष्कर्मी अपराधियों को न शर्म है न भय। प्रशासन अक्षम है। सीतापुर के रामपुर मथुरा थाने में महिलाओं को कमरे में बंद कर यातनाएं दी गई है।

उन्होंने सवाल किया कि भाजपा राज में उत्तर प्रदेश हत्या प्रदेश नहीं है तो और क्या है? किसी का जीवन सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार केवल झूठ के सहारे लोगों को गुमराह करने का ही काम कर रही है। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने की इन हरकतों से अब जनता भ्रमित नहीं होगी। सन् 2024 के लोकसभा चुनावो में वह भाजपा की फरेबी राजनीति का पर्दाफाश करके रहेगी।

# सब्जियों के दाम कई गुना बढ़ने से टूट गई जनमानस की कमरः खाबरी

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने महंगाई के मुद्दे पर राज्य व केंद्र सरकार पर किया हमला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश कांग्रेस** अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सहित पूरा देश महंगाई की मार बुरी तरह से झेल रहा है, वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी, प्रधानमंत्री मोदी सहित पूरा मंत्रिमंडल लोगों का ध्यान भटकाने में लगा है। लोगों के रसोई में आग लगी हुई है, सरकार आम जनमानस को अन्य मुद्दों पर उलझाकर चुनावी बिसात बिछाने में मशगुल है। खाबरी ने कहा कि सब्जियों के दाम जिस तरह से कई गुना एक सप्ताह के अन्दर बढ़ गए जनमानस की तो कमर ही टूट गई है। जो टमाटर 20-25 रुपए प्रति किलो हुआ करता था वह आज 150 रुपए के आसपास भ्रमण कर रहा है। खीरा



जहां दुगने दाम पर पहुंच गया है वहीं बैंगन, हरी मिर्च और धनिया में भी होड़ लगी है। कोई भी ऐसी सब्जी नहीं है जो दो गुने के आसपास न मडंरा रही हो। सब्जियों के साथ-साथ दालें, चीनीए मसालें एवं सरसों के तेल के दामों में भी बेतहाशा उछाल है। जीरा, लहसुन, हल्दी, लालमिर्च सहित लगभग सभी मसालें आम आदमी की पकड़ से बाहर हैं। सरकार महंगाई के कारणों पर न तो गौर कर रही है और न ही कम करने का कोई ठोस प्रयास कर रही है। बाजार में आ रहे बदलाव पर जहां सरकार को नज़र रखनी चाहिए वहीं केवल झूठ बोलने में व्यस्त है।

# उच्च स्तरीय समिति की बैठक में कई विभागों के प्रस्ताव अनुमोदित

- आने वाले विभागीय प्रस्तावों का पीडब्ल्यूडी विशेष तौर पर परीक्षण करेः मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि कमेटी के अन्तर्गत आने वाले विभागीय प्रस्तावों को पीडब्ल्यूडी विशेष तौर से परीक्षण करे। परियोजना का ईएफसी से मूल्यांकन होने के उपरान्त परामर्शी विभागों का अभिमत प्राप्त किया जाए। आवश्यकतानुसार अन्य संबंधित विभागों से भी अभिमत प्राप्त किया जाए। नगर विकास, लोनिवि के 1-1, चिकित्सा शिक्षा के 2 तथा पर्यटन विभाग के 3 प्रस्तावों को विस्तृत विचार विमर्श के पश्चात अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में नगर विकास विभाग की परियोजना अयोध्या के नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में पथ प्रकाश व्यवस्था से संबंधित कार्य की व्यय वित्त समिति



द्वारा अनुमोदित लागत रुपए 7186.65 लाख में सम्मिलित लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्टयों से उच्च विशिष्टियों के अनुसार कराए जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। लोनिवि की परियोजना रामपुर की तहसील मिलक के अन्तर्गत मिलक पटवाई मार्ग के मध्य मंडी समिति के सामने रेलवे सम्पार संख्या-386 सी का टीवीयू एक लाख से कम होने के कारण रेलवे द्वारा निर्माण लागत में सहभागिता न किए जाने के दृष्टिगत उक्त सम्पार पर 2 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण की व्यय वित्त समिति द्वारा आंकलित लागत रुपए 10800.98 लाख का सम्पूर्ण व्यय-भार राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

पर्यटन विभाग की परियोजना चित्रकूट के ग्राम बगरेही निकट गणेशबाग स्थित श्रीराम वाटिका ईको पार्क के पर्यटन विकास कार्य की पीएफएडी द्वारा मूल्यांकित लागत रुपए 1138.93 लाख में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्यो का अनुमोदन प्रदान किया गया। चित्रकूट तीर्थ विकास परिषद के लिए नवीन कार्यालय-भवन के निर्माण कार्य की पीएफएडी द्वारा मूल्यांकित लागत रुपए 947.65 लाख में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्यों का अनुमोदन प्रदान किया। सरयू नदी के दायें तट पर गुप्तार घाट व राजघाट के मध्य नये पक्के घाटों एवं पूर्व निर्मित घाटों के पुनरोद्धार की परियोजना की पीएफएडी द्वारा मूल्यांकित लागत रुपए 2388.87 लाख में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्यो का अनुमोदन प्रदान किया। मेरठ के लाला लाजपत राय स्मारक राजकीय मेडिकल कालेज मेरठ में 100 एमबीबीएस (यूजी) सीटों की वृद्धि के लिए लेक्चर थियेटर के निर्माण कार्य की पीएफएडी द्वारा मूल्यांकित लागत रुपए 554.05 लाख में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्यो का अनुमोदन प्रदान किया। राजकीय मेडिकल कालेज कानपुर में मानसिक रोग विभाग में एडी साइक्रियाट्री पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए मानसिक रोग विभाग के विस्तारीकरण तथा मानसिक रोग विभाग डी एडिक्शन वार्ड ब्लाक के निर्माण कार्य की पीएफएडी द्वारा मूल्यांकित लागत 2117.35 लाख में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्यों का अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम सहित अन्य संबन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पर्यटन स्थलों के विकास के लिए सांसद व विधायक भी दे सकेंगे प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अतंर्गत चयनित पर्यटन स्थलों के विकास के लिए वित्तीय व्यवस्था का नीति निर्धारण किया गया है। इसके तहत पर्यटन विभाग द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक अथवा एक से अधिक पर्यटन स्थल विकसित करने के लिए परियोजना विकास की न्यूनतम धनराशि 25 लाख रुपए तथा अधिकतम धनराशि 5 करोड़ रुपए तक होगी। पर्यटन विभाग द्वारा विभागीय गाइडलाइन्स/ मार्गदर्शीय सिद्धांत से आच्छादित कार्यों हेतु आकलित परियोजना लागत धनराशि का अधिकतम 50 प्रतिशत (2 करोड़ 50 लाख रुपए तक) वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह नं बताया कि परियोजना लागत के अवशेष 50 प्रतिशत का वित्त पोषण संबंधित क्षेत्र के लोकसभा-राज्य सभा सांसद स्थानीय क्षेत्रीय विकास योजनान्तर्गत विधानसभा-विधान परिषद क्षेत्र के विधायक विधानसभा-विधान परिषद द्वारा अपने विधायक निधि के अंतर्गत मार्गदर्शी सिद्धांत के अनुसार 50 प्रतिशत धनराशि का प्रस्ताव दे सकेंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसके अलावा नगर निकायों, ग्राम पंचायतों द्वारा अपने निधियों के अंतर्गत तथा पौराणिक व धार्मिक स्थलों की प्रबंधन समिति/ ट्रस्ट, जानी मानी स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा अपनी निधियों तथा कारपोरेट फर्म, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अथवा निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा सीएसआर के अंतर्गत कन्वर्जेन्स प्रस्ताव दिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पर्यटन सेक्टर में रोजगार, निवेश तथा राजस्व अर्जन की असीमित संभावनाओं को देखते हुए प्रत्येक जनपद में स्थित विख्यात एवं अल्पविख्यात स्थलों का पर्यटन विकास करके देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए आधारभूत सुविधाएं सुलभ कराने हेतु मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना आई है।

# प्रदेश में एक अक्टूबर से होगी धान की खरीद

- राज्य सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश, सत्र 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीद के लिए 1 जुलाई से रजिस्ट्रेशन शुरू
- किसानों की सहायता के लिए जारी किया 1800 1800 150 टोल फ्री नंबर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने सत्र 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीद के संबंध में गाइडलाइन जारी कर दी है। किसानों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। प्रदेश के किसानों को धान की बिक्री के लिए खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट अथवा विभाग के मोबाइल एप पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। प्रदेश के किसान 31 अगस्त तक विभाग की वेबसाइट और एप पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार रजिस्टर्ड किसान से ही धान की खरीद की जाएगी। वहीं योगी सरकार ने किसानों को कोई प्रॉब्लम न होए उनकी सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1800 1800 150 जारी किया है। इसके साथ ही किसान अपने शहर के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए योगी सरकार ने सत्र 2023-24 में धान का समर्थन मूल्य कॉमन धान के लिए 2183 रुपए प्रति कुंतल एवं ग्रेड ए के धान के लिए 2203 रुपए प्रति कुंतल रखा है।

योगी सरकार ने धान की खरीद के लिए डेट भी जारी कर दी है। योगी सरकार ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं बुंदेलखंड में धान की खरीद के लिए डेट एक अक्टूबर से 31 जनवरी 2024 तक निर्धारित की है, जिसमें लखनऊ संभाग (हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर), बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ और झांसी मंडल शामिल है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में धान की खरीद के लिए डेट एक नवंबर से 29 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गयी है, जिसमें लखनऊ संभाग (लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, चित्रकूट, कानुपर, अयोध्या, देवीपाटन, बस्ती, गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी, मीरजापुर एवं प्रयागराज मंडल शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार धान क्रय केंद्रों की संख्या में इजाफा किया जा रहा है। इस वर्ष खाद्य विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के लगभग चार हजार क्रय केंद्र संचालित करने की योजना तैयार की जा रही है। सभी केंद्र सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक संचालित किए जाएंगे। इतना ही नहीं किसान रजिस्ट्रेशन, भूमि के रकबे का सत्यापन, खरीद व एमएसपी पेमेंट की जानकारी विभाग के मोबाइल एप यूपी किसान मित्र से घर बैठे जान सकेंगे। योगी सरकार ने इस बार किसानों से धान खरीद के पेमेंट के लिए धान के मूल्य का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में कराने की व्यवस्था की है। इसके लिए किसानों का बैंक खाता आधार सीडेड एवं बैंक द्वारा एनपीसीआई पोर्टल पर मैप के साथ सक्रिय होना आवश्यक है। वहीं किसानों की सुविधा के लिए नामिनी की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही इस बार धान की खरीद इलेक्ट्रानिक प्वाइंट ऑफ परचेज (ई पॉप मशीन) से आधार प्रमाणीकरण के आधार पर करायी जाएगी। वहीं खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में गेहूं व धान खरीद के लिए पूर्व में पंजीकरण करा चुके किसानों को धान बिक्री के लिए दोबारा पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हे सिर्फ पंजीकरण को संशोधित कर दोबारा लॉक करना होगा।

पायनियर
नई दिल्ली , मंगलवार, 4 जुलाई 2023



# सावन मेले को लेकर मंथन



● डीएम.एसपी, विधायक ने की श्रावण मास में मार्गों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को सावन (श्रावण) मेले की तैयारियों को लेकर डीएम महेंद्र बहादुर की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। मंगलवार से शुरू हो रहे सावन मेले को पूरी सफलता के साथ आयोजित किया जा सके। इसलिए डीएम एसपी, विधायक अमन गिरि ने चेयरमैन नगर पालिका परिषद विजय कुमार शुक्ला (रिंकू), गोला पालिका प्रशासन के अलावा व्यापारियों, समाजसेवियों के साथ मिलकर साझा रणनीति बनाई गई। सावन माह में पौराणिक शिव मंदिर में भोले भंडारी की पूजा.अर्चना और जलाभिषेक करने के लिए दूर.दराज से लाखों भक्त और कांवड़िये आते हैं। कांवड़ियों को कोई दिक्कत न हो। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहाए विधायक अमन गिरिए चौयरमैन नगर पालिका परिषद विजय कुमार शुक्ला (रिंकू) ने तहसील सभागार में बैठक की। बैठक में श्रावण मासए कावड़ यात्रा के बाबत जरूरी एवं मुकम्मल व्यवस्थाओंए रणनीति पर मंथन किया। बैठक में सभी विभागों से समन्वय बनाया गया। भीड़ वाले मार्गों पर डायवर्जनए बेरिकैटिंग की व्यवस्था, बिजली व फायर सुरक्षाए मार्गों पर लगने वाले पुलिस फोर्स का आकलन सहित गत वर्षों में आने वाली दिक्कतों पर विस्तृत चर्चा हुई। डीएम एसपी ने अफसरों को सभी पहलुओं पर सजग होकर टीमवर्क से गत वर्षो से बेहतर श्रावण मास संपन्न कराने की प्रतिज्ञा दिलाई।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि छोटी काशी गोला में श्रद्धालु गंगाजल कांच की शीशी में कदापि ना लाए। मंदिर परिसर में कांच की शीशी पूर्णतया प्रतिबंधित है। ईओ को अस्थाई शौचालय, पानी टैंकर की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। गोला आने वाले मार्गों पर एंबुलेंस की उपलब्धता के लिए एमओआईसी को निर्देशित किया। मार्गों पर ढीले व लटके वायर को विद्युत महकमा को ठीक कराए। डीएम.एसपी ने छोटी काशी गोला में होने वाली भीड़ को लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए समस्त आवश्यक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए जाने की समस्त व्यवस्थाएं कर ली जाय। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

## जिलाधिकारी, एसपी, विधायक, चेयरमैन ने लिया मंदिर परिसर का जायजा, दिए निर्देश

बैठक खत्म कर डीएम, एसपी, विधायक, चेयरमैन के साथ शिव मंदिर पहुंचे, जहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था परखी। डीएमए एसपी ने मंदिर में विधि विधान से पूजन अर्चन कर जनपद की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की। कावंड़ियों के लिए प्रयोग में लाये जाने वाले जिले के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। दोनों अफसरों ने जन प्रतिनिधियों के साथ लखीमपुर गोला, मोहम्मदी.गोला मार्ग सहित गोला कस्बे के मंदिर तक पहुंचने वाले सभी मार्गों का निरीक्षण किया। बताते चले कि गोला स्थित पौराणिक शिव मंदिर सदियों से आस्था और धार्मिक आस्था का केंद्र रहा है। प्रतिवर्ष यहां सावन के मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने आते हैं। सैकड़ों किमी पैदल यात्रा कर कांवर्थी यहां शिव का जलाभिषेक कर मनौती मनाते हुए सुख समृद्धि की कामना करते रहे हैं। इस दौरान एसडीएम रत्नाकर मिश्र, तहसीलदार विनोद गुप्ता, राजस्व, पुलिस, विद्युत, लोक निर्माण, अग्निशमन, नगरीय निकाय, मंदिर प्रबंधन के लोग मौजूद रहे।

# पांच कुंडीय महायज्ञ सम्पन्न

**शाहजहांपुर।** गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा शाहजहांपुर में 5 कुंडीय महायज्ञ संपन्न हुआ। सर्वप्रथम गुरुपूर्णिमा पर्व पूजन ट्रस्टी जय सिंह सपत्नीक व ट्रस्टी कपिल अग्रवाल सपत्नीक,ट्रस्टी शालीन भैया जी ने किया। जिला समन्वयक सूरज वर्मा ने युगऋषि परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के संपूर्ण व्यक्तित्व और गुरु पूर्णिमा के पर्व पर प्रकाश डाला ।उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु और शिष्य परंपरा का दिन है स गुरु का अर्थ होता है अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला स युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का संपूर्ण व्यक्तित्व इसी पर आधारित रहा। सभी से विचार क्रांति अभियान से जुड़ने का आवाहन के साथ जन-जन के हाथ में संस्कार के साथ व्यक्तित्व परिष्कार का गुण सिखाया स उन्होंने हम सुधरेंगे युग सुधरेगा, हम बदलेंगे युग बदलेगा का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया आज सायं में 6 बजे से शक्तिपीठ पर बाल संस्कारशाला एवं युवा संस्कारशाला की सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं दीपमहायज्ञ संपन्न होगा।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के आवाहन पर वृक्ष गंगा अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण मास के अंतर्गत 3 जुलाई गुरु पूर्णिमा पर्व से 1 अगस्त श्रावण पूर्णिमा तक गयात्री परिवार वृहद वृक्षारोपण चला। कार्यक्रम चलाएगा। आज सभी से एक पौधा गुरुवर के नाम आज जरूर लगाने का आवाहन किया। पौधा वितरित करते समय तरु मित्र तरु पुत्र का संकल्प दिलाते हुए इसे सुरक्षित रखने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मंजू, सविता, गीता, सरिता, शिवानी ने प्रज्ञा गीतों से लोगों को भाव विभोर कर दिया। आज कई संस्कार भी संपन्न कराए गए। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजाराम मौर्य जी ने तरुपूजन किया सभी से वृक्ष गंगा अभियान से जुड़ने का आवाहन किया। दीपयज्ञ श्रंखला के साथ वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम जारी रहेगा। प्रसाद वितरण के साथ साथ तरु प्रसाद भी वितरण किया गया।

# श्रद्धा के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व




**लखीमपुर खीरी।** गायत्री परिवार द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद ने बताया गोला रोड गायत्री शक्तिपीठ पर गुरु पूर्णिमा का शुभारंभ प्रातः कालीन सामूहिक गायत्री मंत्र जप के साथ हुआ। साथ ही अजय वर्माए सुरेंद्र वर्मा की प्रज्ञा युवा टोली द्वारा चार पालियों में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विभिन्न संस्कार जैसे पुंसवन, नामकरण, जन्मदिन, विवाह दिवस के साथ दीक्षा संस्कार भी सम्पन्न होने के साथ माता भगवती देवी भोजन प्रसाद भी प्राप्त किया। युवा प्रकोष्ठ के कुलदीप वर्मा ने वृक्षगंगा अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया जिसमें छायादार, फलदार, पौधे लगाए गए। इसी क्रम में शाम पांच बजे नारी सशक्तिकरण दीप महायज्ञ का आयोजन भी हुआ। जिसमें सभी परिजनों दीपकों को जलाकर अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने की प्रेरणा पायी। इस कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में केके तिवारी, मधु तिवारी, आनन्द शुक्ला, उदय सिंह, यज्ञदेव वर्मा, मुन्नी देवी, दीपक वर्मा, सर्वेश वर्मा ने सहयोग किया। गायत्री परिजन राजेश वर्मा, निधी वर्मा, दीक्षा वर्मा, दीपा वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, एस के वर्मा, राधेश्याम वर्मा, शिरोमणि शुक्ला, प्रिंश रंजन सहित तमाम श्रद्धालु सक्रिय रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस

**शाहजहाँपुर।** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के उपलक्ष्य में जनजागरण अभियान का आयोजन हुआ जिसका बैंक परिसर से नगर आयुक्त संतोष शर्मा व सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती ने बैंक में आमंत्रित वेंडर्स को कपड़े के निशुल्क बैग वितरित करके किया उद्धघाटन से पूर्व बैंक के शाखा प्रबंधक ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। नगर आयुक्त ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रयास को समस्त जनता सहित विक्रेताओं को अमल में लाने से ही देश को हम पॉलिथीन मुक्त कर पर्यावरण को संरक्षित कर सकते है सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि हमें इस महत्वपूर्ण अभियान को निचले स्तर तक ले जाकर जागरूकता का प्रयास करना होगा। अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के प्रारंभ हुए जनजागरण अभियान सदर बाजार, बहादुरगंज किराना मार्केट में दुकानदारों व मार्ग के ठेले वाले वेंडर्स सहित सब्जी मंडी के दुकानदारों से संपर्क कर कपड़े के बैग्स बांट कर अनुरोध किया।

# कावड़ यात्रा के लिए बनाई गईं पुलिस टीमें: अरविंद वर्मा



**मोहम्मदी।** सावन माह और कावड यात्रा को लेकर पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार बर्मा से बात की गयीएजिसमे उन्होंने बताया कि सावन मे निकलने बाली कावण यात्रा को सकुशल समपन्न कराने के लिऐ, शाशन से मिली गाइड लाइन के अनुसार मोहम्मदी, पसगवा, ऊचौलिया और हैदराबाद थाना अध्यक्षो को अवगत करा दिया गया है, शाहजहांपुर से गोला गोकर्ण नाथ शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए जाने वाले कावड़ यात्रा भक्तों के लिए चौकी महमूद पुर ताज पुर से रेहरिया चौकी इचार्ज को उचित दिशानिर्देश दिये जा रहे है, वही पसगवा के बरबर चौकी इचार्ज को भी रूट डायवर्जन के निर्देश दिए गए हैं बड़े वाहनो का प्रवेश नगर में न हो इसके लिए शंकरपुर बर्बर चौराहा और गोमती मोड़ पर बड़े वाहनों के लिए रूट डायवर्जन भी किया जाएगा, पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि हर 5 किलोमीटर पर पुलिस पिकट रहेगी, धार्मिक स्थलों पर जहां पर भक्तों की ज्यादा भीड़ होती हैए वहां पर भी महिला और पुरुष आरक्षियों की तैनाती की जाएगी, आवागमन बाधित न हो और सकुंलता के साथ कावड़ यात्रा संपन्न हो एउसके लिए भी तैयारियां की जा रही हैं एडायल 112 को भी इसी कावड़ यात्रा में लगाया जा रहा हैए महाशिवरात्रि के बाद पुलिस सफलता के साथ यह कार्य संपन्न कराने में लगाई जाएगी ए24 घंटे कावड़ यात्रा ले जा रहे भक्तों को कोई दिक्कत का सामना न हो इसके लिऐ पुलिस प्रशासन के अधिकारी बना रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली।** मानसिक रूप से तनावग्रस्त चल रही नाबालिग लड़की ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बिशारतगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली नाबालिग लड़की की लाश आज सुबह अपने घर में ही छत के कुंडे से बंधी साड़ी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई, लड़की लगभग 3 वर्ष पूर्व गांव के ही रहने वाले दूसरे समुदाय के युवक के साथ फरार हो गई थी उसके घरवालों ने युवक और उसके दो अन्य दोस्तों पर मुकदमा दर्ज कराया तब पुलिस ने लड़की को बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा तब से लड़की मानसिक रूप से परेशान चल रही थी और आज सुबह जब उसके पिता खेत पर गए थे मां और छोटा भाई घर में ही थे लेकिन छोटे भाई को शौच कराने के लिए मां जंगल में लेकर चली गई उसके जाने के बाद किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मां जब घर वापस लौटी तो उसने बेटी की लाश को फांसी पर लटके देखा और घटना की जानकारी खेत पर मौजूद अपने पति को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे पति ने पुलिस को सूचना दे दी।

### सांप के काटने से महिला की मौत

**बरेली।** घर में झाड़ू लगाते समय एक महिला को जहरीले सांप ने काट लिया इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय उसकी मौत हो गई अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव मनकरी निवासी 45 वर्षीय कलावती पत्नी रामस्वरूप कि आज सुबह तड़के घर में सांप काटने से मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतका के पति रामस्वरूप ने बताया कि कलावती आज सुबह तड़के रोजाना की तरह सो कर उठने के बाद घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थी इसी दौरान छुप कर बैठे एक सांप ने उसे काट दिया जिससे कुछ देर बाद ही कलावती की हालत बिगड़ने लगी पता चलने पर पति उसे पहले स्वास्थ्य केंद्र ले गया जहां से हालत नाजुक देखकर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### खेत जोत रहे किसान को सांप ने डंसा

**बरेली।** ट्रैक्टर पर बैठकर खेत जोत रहे किसान को ट्रैक्टर की सीट के नीचे छुप कर बैठे सांप ने काट लिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव खरसैनी निवासी गंगाधर पुत्र लीलाधर को बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि गंगाधर कल दोपहर में ट्रैक्टर लेकर मजदूरी पर पास में ही एक खेत को जोतने के लिए गया था लेकिन उसके ट्रैक्टर की सीट के नीचे एक जहरीला सांप छुप कर बैठा था जैसे ही गंगाधर ने ट्रैक्टर को स्टार्ट किया सांप ने उसको काट लिया और भाग गया पता चलते ही गंगाधर में पास मौजूद खेत के मालिक को घटना की जानकारी दी और कुछ देर बाद अपने घर वालों को मौके पर ही बुला लिया जो उसे अस्पताल ले गए और फिर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत, पति हिरासत में

**बरेली।** संदिग्ध उपस्थिति में जहरीला पदार्थ खाने से एक महिला की मौत के बाद मायके वालों ने पति पर दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया। बहेडी थाने के गांव ज्वालापुर निवासी जाहिद की 23 वर्षीय पत्नी गुलब्शा की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी मृतका के मायके वालों दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि गुलब्शा का विवाह 5 वर्ष पूर्व राजमिस्त्री का काम करने वाले जाहिद से हुआ था विवाह के बाद से ही पति और उसके घर वाले गुलब्शा पर मायके से रकम और सामान लाने का दावा डालते थे और पिछले कुछ दिनों से उस पर फिर से रकम लाने का दबाव डाल रहा था इंकार करने पर उसके साथ अक्सर मारपीट करता था जिसके चलते 2 दिन पहले उसने पुलिस से खूब मारपीट कर बेहोश कर दिया और जहरीला पदार्थ खिला दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई लेकिन मायके वालों को बिना सूचना दिए ही उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गांव में रहने रिश्तेदारों ने उसके मायके वालों को सूचना दी जो अस्पताल पहुंचे लेकिन उनकी बात गुलब्शा से नहीं हो सकी इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### पड़ोसियों ने पति-पत्नी के साथ की मारपीट

**बरेली।** मामूली विवाद के बाद पड़ोसियों ने पति पत्नी को पीटकर घायल कर दिया उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के करेली निवासी रियाजुद्दीन और उसकी पत्नी रुखसार को बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रियाजुद्दीन ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला साजिद उसकी पत्नी के साथ अक्सर गाली गलौज करता है जिसके चलते कल उसने शाम को भी गाली गलौज की और विरोध करने पर उसने उसकी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी जब वह बचाने पहुंचा तो साजिद ने अपने भाई नन्हे अरमान आदि के साथ मिलकर उसे और उसकी पत्नी को जमकर पीटा जिससे वह घायल हो गये।

# हरदोई पत्रकार एसोसिएशन की संडीला इकाई का हुआ गठन



संडीला(हरदोई)। हरदोई पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुधांशू मिश्रा ने संडीला इकाई के गठन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि पत्रकारिता एक पुनीत कार्य है। पत्रकारों को संगभीरता, ईमानदारी, निष्पक्षता और निर्भीखता के साथ अपने दायित्व का निर्वाहन करना चाहिए। संघ पत्रकारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ है। दायित्व निर्वाहन करने में किसी प्रकार के उत्पीड़न को हम बर्दाशत नहीं करेंगे। नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित बैठक जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार वसीम अहमद सिद्दीकी ने की। इस बैठक में तहसील इकाई का विधिवत गठन किया गया। वसीम अहमद सिद्दीकी, अनुराग अस्थाना, शिवाकांत तिवारी, उदयप्रताप चौरसिया तथा हरि अमोल सिंह को संरक्षक, मुईज़ सागरी को अध्यक्ष, अमित कुमार मौर्य, लाल चन्द्र चौरसिया, रजनीकांत, पीडी गुप्ता और अजय सिंह को उपाध्यक्ष। प्रभात अस्थाना को संगठन मंत्री। हिमांशू गुप्ता को महामंत्री। रितेश सिंह लकी, मो0 आरिफ, रवि मिश्रा, अनुराग शरण तथा रोहित वर्मा को मंत्री। अनिल राठौर को कोषाध्यक्ष। गंगाराम को सलाहकार। मो0 शहाब सिद्दीक, रामानुज यादव, यासिर कासमी, तौहीद अहमद, अभिषेक सोनी, मो0 हस्सान तथा मो0 अमान सिद्दीकी को सदस्य मनोनीत किया गया। इसके अलावा राजशंकर आजाद को कछौना, बुद्धसेन सोनी को कोथांवा, रतन सिंह को बेंहदर, विवेक मिश्रा को भरावन, ब्लाकअध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिलाउपाध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि हमारे संगठन का उद्देश्य भीड़ बढ़ाना नहीं है बल्कि पत्रकारों के साथ हो रहे उत्पीड़न पर हर समय उनकी सहायता के लिए तत्पर रहना है। महामंत्री अरविंद तिवारी ने कहा कि किसी भी पत्रकार के साथ उत्पीड़न की घटनाओं को बर्दाशत नहीं किया जाएगा तथा पीड़ित पत्रकारों की हर संभव सहायता की जाएगी। मुख्य अतिथि सुधांशू मिश्रा ने कहा कि सभी पत्रकार साथी हमारे इस संगठन की पहचान हैं और समय पड़ने पर किसी भी साथी, किसी भी परिस्थिति में सहायता करना संगठन का धर्म है।

## गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूम-धाम से मनाया

**बरेली।** शिरडी साई सर्बदेव मंदिर श्यामगंज मे गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूम-धाम से मनाया गया मंदिर महंत पंडित सुशील पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कार्यक्रम की शुरुआत काकंड और मंगला आरती प्रातः 06.00 बजे उसके गणेश गायत्री दत्तात्रेय साईनाथ पूजन हवन और महाभिषेक के साथ साथ खाटूश्याम का अद्भुत श्रंगार किया गया दोपहर साढे बारह बजे मध्यान्ह आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे हजारो साई श्याम भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया इस अबसर पर डाक्टर के एम अरोडा देवेन्द्र जोशी अरुण कश्यप अमरीश कटेरिया प्रबीन भारद्वाज संजय आयलानी अशोक कुमार सक्सेना अनुपम टीबडेबाल उत्कर्ष अग्रवाल राम बहादुर प्रजापति अन्नू जयशबाल नन्दकिशोरण देबनानी प्रदीप राजानी गौरब अरोरा मनोज मूलचंदानी बिक्की अरोरा अंकिता जी इन्द्रेश जी निक्कू सिंह अनेक गणमान्य भक्त लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

# डीएम ने विद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण



**शाहजहाँपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने उच्च प्राथमिक विद्यालय रौजा बल्लिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय में तैनात अध्यापकों का विवरण तथा उनकी उपस्थिति, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, स्वच्छता व्यवस्था, शिक्षण व्यवस्था, प्रयोगशाला, पुस्तकालाय आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने विद्यालय में बनी विज्ञान प्रयोगशाला के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि सभी बच्चों को विज्ञान के प्रयोग अवश्यक रूप से करावाए जाये। विद्यालय में साफ-सफाई का उचित प्रबन्ध न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्रा का जवाब तलब करने के निर्देश दिये।

उच्च प्राथमिक विद्यालय रौजा बल्लिया के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में संचालित सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया। कक्षाओं में कम संख्या में बच्चे उपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने बच्चों को विद्यालय आने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि बच्चों के अभिभावकों से भी सम्पर्क किया जाये। डीएम ने कक्षाओं में उपस्थित बच्चों से अंग्रेजी की पुस्तके पढ़वाकर देखी। सभी छात्र, छात्राओं को प्रेरित करते हुये कहा कि पूर्ण मनोयोग से अध्ययन कर अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करें तथा शिक्षको द्वारा पढ़ाये गये विषयों को अच्छे से पढ़े। जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापिका को कड़े निर्देश दिये कि सभी छात्र, छात्रायें निर्धारित ड्रेस में ही विद्यालय में प्रतिदिन उपस्थित हो, यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने मिड-डे मील तथा पुस्तकों का वितरण आदि के विषय में भी जानकारी ली। उन्होने शिक्षकों को निर्देशित करते हुये कहा कि विद्यालय में आने वाले बच्चों को पूर्ण मनोयोग से निर्धारित समय तक पढ़ायें। डीएम ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है, बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी दशा में बर्दाश्त नही किया जायेगा। उनकी शिक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही है। शिक्षा को लेकर सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासो को पूर्ण रूप से धरातल पर लाया जाये एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# मोदी सरकार बिजली के दाम रात में दुगने करने जा रही है, युवाओं को रोजगार नहीं मिला: संजय सिंह



**बरेली।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के बरेली पहुंचने पर उनके द्वारा पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया गया इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मोदी सरकार बिजली के दाम रात में दुगने करने जा रही है योगी सरकार का मुफ्त बिजली देने का वादा ठंडा बस्ते में चला गया। हिंदू मुसलमान भेदभाव पैदा करने का काम कर रही है भाजपा सरकार में युवाओं को रोजगार नहीं है सब विज्ञापन मात्र ही काम किया जा रहा है आदिवासियों का शोषण दिया जा रहा है प्रदेश सरकार केंद्र सरकार के कार्यक्लापो से जनता ऊब चुकी है जहां-जहां हमारी आम आदमी पार्टी की सरकार है वहां पर बिजली मुफ्त दी जा रही है अपराधियों का बोलबाला है किसी भी आदमी को सुख चौन नहीं है ना तो किसानों की आय दुगनी हुई है नहीं युवाओं को रोजगार मिला भाजपा सरकार की कथनों करनी में फर्क दिखाई दे रहा है यह सिर्फ धार्मिक उन्माद पैदा करके सत्ता पर काबिज होते आए हैं और आगे भी यह चाहते हैं कि हिंदुत्व के आधार पर लोगों को गुमराह करके सत्ता हासिल करें आज पीलीभीत में आम आदमी पार्टी का अधिवेशन होने जा रहा है आम आदमी पार्टी सबको साथ लेकर चल रही है केंद्र सरकार आम आदमी पार्टी के विचारधारा से भयभीत होकर नेताओं को जेल में भेजने का काम कर रही है संजय सिंह ने कहा कि 2 दिन पूर्व पीएम मोदी ने कहा बेईमानो पर कारवाही करेगे , आज महाराष्ट्र में बेईमानो को शामिल करके सरकार बना ली, पटना में हुई मीटिंग के बाद पीएम मोदी बैखलाकर विपक्ष को गाली दे रहे, पीएम से पूछता हु अडानी को फायदा पहुंचा तो किसको वोट दे। भाजपा का चरित्र जनता जान चुकी यह झगड़ा पार्टी है 24 गठबंधन हराएगा, कांग्रेस दिल्ली के काले अध्यादेश पर स्टेंड स्पष्ट नही करेगी।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

**बरेली।** तेजी से आ रहे एक ट्रक में मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे पति के साथ मोटरसाइकिल पर बैठी महिला की मौत हो गई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया ।देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव पुरैना ताल निवासी निवासी कारपेंटर एहसान अहमद की 30 वर्षीय पत्नी सोनम की आज दोपहर बहेड़ी के गांव ब्यूलिया के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि सोनम अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से एक रिश्तेदार के घर जाने के लिए अपने घर से चली थी लेकिन वहब्यूलिया गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक पर पीछे बैठी सोनम जमीन पर गिर गई और ट्रक उसको कुचलता हुआ आगे बढ़ गया जिससे सोनम की मौके पर ही मौत हो गई मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक को रोकने की कोशिश की तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**बरेली।** बड़े भाई से मिलने के बाद उसके घर से वापस अपने घर ट्रेन से लौट रहे युवक की रास्ते में ही ट्रेन से नीचे गिर कर मौत हो गई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव फर्रुख पुर निवासी दिनेश पुत्र रामपाल की आज दोपहर फरीदपुर के गांव हरेली के पास ट्रेन से गिरकर मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि दिनेश कल रामपुर के तिलहर निवासी बड़े भाई प्रदीप से मिलने के लिए उसके घर गया था जहां से आज सुबह वह वापस अपने घर लौटने के लिए ट्रेन पर सवार हुआ था लेकिन घर से कुछ ही पहले हरेली गांव के पास वह बोगी के दरवाजे पर खड़ा था ताकि रेलवे स्टेशन आते ही वह ट्रेन से नीचे उतर सके लेकिन हरेली गांव के पास अचानक पीछे से लगे धक्के के के कारण वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई, मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दे दी मौके पर पहुंचे घर वालों ने शव की शिनाख्त की।

## बिना सूचना के हटाई गई होर्डिंग्स पर सपाइयों में आक्रोश

**सीतापुर।** सीतापुर शहर में सपा के होर्डिंग्स को हटाए जाने को लेकर सपाई गरम हो गए है। पार्टी के नेताओं ने रालोद के साथ सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह को ज्ञापन सौंप कर भविष्य में इस प्रकार की पुर्नावृत्ति न होने की मांग की है। डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन में सपा और रालोद ने मांग की है कि शहर में सपा के नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के होर्डिंग्स लगाए गए थे, जिनमें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जनपद के नेताओं के भी फोटो थे, होर्डिंग्स में राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन की बधाई व राष्ट्रीय पर्व के बधाई संदेश थे, वह सभी नगर पालिका प्रशासन द्वारा बिना सूचना के हटा दी गई, जबकि भाजपा की सभी होर्डिंग्स यथावत लगी है। सपाईयों ने ज्ञापन में कहा राजनैतिक द्वेश भावना से कृत्य किया गया है जो बहुत निदंनीय है, इसका सपा घोर निंदा करती है और मांग करती है कि ऐसा कृत्य दोबारा भविष्य में न हो। ज्ञापन देने वालों में सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव, रालोद नेता आर पी सिंह चौहान, विधायक अनिल वर्मा व अन्य लोग थे।

# जॉब ऑफर लेटर पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

**सीतापुर।** सोमवार का दिन श्री कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के छात्र-छात्राओं के लिए बेहद खास रहा क्योंकि उन्हें कॉलेज में ही नौकरी का ऑफर लेटर भी मिल गया। सीतापुर के अहमद नगर स्थित श्री कृष्णा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के साथ विज्ञान व वाणिज्य संकाय के छात्र/छात्राओं के लिए रोजगार परक शिक्षा हेतु कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया गया। देश की प्रतिष्ठित मैकलाइड फार्मास्युटिकल्स कम्पनी द्वारा बच्चों का प्लेसमेन्ट किया गया। कम्पनी के डिप्टी मैनेजर कृष्णा चन्द्र व एक्जिक्यूटिव मैनेजर निश्चय द्वारा पहले छात्र/छात्राओं की लिखित परीक्षा उसके बाद इंटरव्यू लिया गया। कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव में महाविद्यालय के 165 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें 70 बच्चों का चयन करके उसी दिन जॉब ऑफर लेटर भी प्रशासक हरिनाम सिंह द्वारा दिए गए। जॉब ऑफर लेटर पाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान तैर गयी। कैम्पस प्लेसमेन्ट के दौरान कम्पनी के दोनो प्रतिनिधियों ने कहा कि कॉलेज का वातावरण पढ़ाई के लिए बेहद अनुकूल है और बच्चों की प्रतिभा व मनोभाव देखकर ऐसा महसूस हो रहा है कि उन्हें अपने विषयों व पाठ्यक्रमों का सारगर्भित ज्ञान है। इससे पूर्व संस्था के प्रबंधक विवेक अग्रवाल ने कम्पनी के दोनो प्रतिनिधियों का स्वागत किया और जॉब ऑफर लेटर पाने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी। विवेक अग्रवाल ने कहा कि रोजगार की दृष्टि से वह निरंतर प्रयासरत हैं और आगे भी नई-नई कम्पनियों को जोड़कर इसी तरह के कॉलेज प्लेसमेन्ट कार्यक्रम चलाये जाते रहेंगे। आपको बता दें कि कुछ दिन पूर्व इंटास फार्मास्युटिकल्स में बी फार्म के चार बच्चों का चयन हो चुका है। इस अवसर पर अंकुर पाण्डेय, रंजना वैश्य, अनुराग मिश्रा सहित फार्मेसी, वाणिज्य व विज्ञान संकाय के प्रवक्तागण मौजूद रहे।

# बैंक ग्राहकों को निशाना बनाने वाला शातिर लुटेरा पुलिस के शिकंजे में

● आरोपी पर दर्ज हैं संगीन धाराओं में दो दर्जन से अधिक मुकदमे

● रूरा थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**बैंकों** से रुपये निकालने वाले ग्राहकों की रेकी कर रास्ते में झपट्टा मारकर लूट करने वाले शातिर लुटेरे को प्रभारी निरीक्षक समर बहादुर यादव के नेतृत्व में रूरा पुलिस ने गिरफ्तार कर बडी सफलता दर्ज की है। पकड़े गये आरोपी पर जनपद ही नहीं अपितु अन्य जनपदों के विभिन्न थानों पर संगीन अपराधों के दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

बीती रविवार की रात्रि को रूरा थानाध्यक्ष समर बहादुर यादव के निर्देश पर रूरा थाने में तैनात एसआई जसवीर सिंह, राहुल कुमार व रूरा पुलिस बल इन्जुआरामपुर रेलवे अण्डर पास परे संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

उसी समय मॅगलपुर थाना क्षेत्र के बान कन्चौसी निवासी प्रमोद कुमार उर्फ बुद्धे वहॉ से संदिग्ध अवस्था में मोटरसाइकिल से गुजरा, पुलिस को सन्देह होने पर उसकी जामा तलाशी ली गयी, तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी अवैध तमॅचा 315 बोर का, 2 जिन्दा कारतूस, एक किलो दो सौ ग्राम गांजा, लूट के 51,320 रूपये व लूट के रूपयों से खरीदी गयी मोटरसाइकिल बरामद हुयी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गैंग के अपने साथियों के साथ बैंक के आसपास दो-तीन मोटरसाइकिल से घूमते थे, बैंक के अन्दर व बाहर आ जाकर बैंक ग्राहकों की रेकी करते थे, रास्ते में मौका मिलने पर बैंक ग्राहकों पर झपट्टा मार रुपये छीन कर भाग जाते थे।

एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने जानकारी देते हुये बताया कि अभियुक्त के खिलाफ जनपद के थानों सहित, औरैया व कन्नौज जनपद के विभिन्न थानों में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट हत्या के प्रयास, बलवा, गैंगस्टर, आबकारी अधिनियम की संगीन धाराओं में करीब दो दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।

# समारोह में विविध क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**बीते** लंबे समय से विविध क्षेत्र की प्रतिभाओं को तलाशने और उन्हें तरासने की दिशा में जुटी जनपद की अग्रणी साहित्यिक संस्था संवेदना साहित्य समिति ने रविवार को नगर के सिटी स्कूल में एक शाम वतन के नाम काव्य गोष्ठी और सम्मान समारोह आयोजित कर जहां एक और विविध क्षेत्र से जुड़ी हुई प्रतिभाओं को सम्मानित किया तो वहीं इस मौके पर देर शाम तक चली काव्य गोष्ठी में कभी उन्हें एक से बढ़कर एक सुंदर रचनाएं पढ़ी कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार पंडित यज्ञदत्त त्रिपाठी ने वह मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा जी ने किया। कार्यक्रम का संचालन संवेदना साहित्य समिति की अध्यक्ष डॉ माया सिंह माया ने किया। वरिष्ठ समाज सेविका एवं कवित्री श्रीमती शशि सोमेंद्र वरिष्ठ कवि रामनरेश रमन मोठ कल अर्पण के महामंत्री ज्ञानेंद्र कवियत्री अमृता सक्सेना एवं वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के उपरांत आयोजित का काव्य गोष्ठी में एक शाम वतन के नाम विषय पर रचना पाठ हुआ तत्पश्चात कवियों ने अपने-अपने श्रेष्ठ गीतों से उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिता पर्व

● जगह-जगह हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

● कृतज्ञ शिष्यों ने गुरुओं से लिया आशीर्वाद

**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर देहात



**सोमवार** को भोगनीपुर क्षेत्र में गुरु पूर्णिमा पूर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शिष्यों ने अपने-अपने गुरुओं से आशीर्वाद प्राप्त कर सुख समृद्धि की कामना की। जगह-जगह भंडारे आयोजित किए गए।

गायत्री परिवार एवं निरंकारी मिशन की ओर से गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं मूसानगर स्थित अच्युतानंद परमधाम में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति की ओर से एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। हमीरपुर, फतेहपुर, कानपुर देहात एवं कानपुर नगर के अलावा दूर-दूर से आए उनके शिष्यों ने महामंडलेश्वर की आरती उतारकर गुरुदक्षिणा दी और आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री एवं महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि संसार में देने वाले को देवता माना जाता है। चाहे वह सूर्य हो या चंद्रमा हो सभी हमें नि:शुल्क रूप से रोशनी और शीतलता प्रदान करते हैं। इसी तरह गुरु हमें बिना स्वार्थ के सिर्फ देते हैं।

अच्युतानंद परमधाम आश्रम में विशाल कन्याभोज और भण्डारा भी आयोजित किया गया। महामंडलेश्वर ने कन्याओं के तिलक करके दान दिया।

## आषाढ़ी पूर्णिमा पर भक्तों ने की पूजा-अर्चना

**जालौन, उरई।** गुरू पूर्णिमा के मौके पर मंदिरों, घरों एवं गुरूओं की समाधि स्थलों पर धार्मिक आयोजन आयोजित किए गए। नगर के मंदिरों में भक्तों ने पूजा-पाठ किया। जगह जगह प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित अरविंद बाजपेई बताते हैं कि गुरू शिष्य परंपरा के सम्मान और संस्कार व्यक्त करने का पवित्र दिवस गुरू पूर्णिमा है। यह पर्व शिष्यों का आध्यात्मिक सौभाग्य जगाने का दिवस है।

## गुरु पूर्णिमा पर तीर्थक्षेत्र में भक्तों का लगा तांता

**चित्रकूट।** तपोभूमि चित्रकूट में गुरु पूर्णिमा पर देश भर से लाखों शिष्यों का जमावड़ा लगा। सोमवार को गुरु पूर्णिमा पर पतित पावनी मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन कर शिष्य अपने गुरुओं का पूजन कर आर्शीवाद ले रहे हैं। सोमवार को गुरु पूर्णिमा पर यूपी-एमपी प्रशासन ने तीर्थक्षेत्र के साधु-संतों और महात्माओं के मठ-मंदिरों और देवालयों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

# एसडीआरएफके सिपाहियों ने बताए बाढ़ से बचाव के उपाय



**पुखरायां,** कानपुर देहात। बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से बचने की तैयारियों को लेकर सोमवार को स्थानीय तहसील कार्यालय के सभागार में एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें राज्य आपदा मोचन दल की टीम के सिपाहियों ने गोताखोरों और नाविकों को बाढ़ से पीड़ितों को राहत देने एवं बचाने के उपाय बताए।

एसडीआरएफ कानपुर देहात के इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर ने बताया कि बारिश के दिनों बाढ़ से पूर्व हमें पूरी तैयारी कर लेना चाहिए। यदि रात के वक्त अचानक बाढ़ आ जाए व पानी घरों में घुसने लगे तो सबसे पहले जान माल वा सामान की रक्षा करना है। नदियों का पानी जब अचानक गांव के अंदर पहुंच जाए तभी हमें सुरक्षित स्थान पर शरण लेनी चाहिए। यदि रात में अचानक बाढ़ का पानी घर के अंदर घुस जाए तो सबसे पहले घर में खाली पड़ी प्लास्टिक की छह बोतलें रस्सी से बांधकर ढक्कन नीचे की करके शरीर में बांधना लेना चाहिए। जिससे कोई व्यक्ति पानी में नहीं डूबता है। व्यक्ति बोतलों के सहारे में तैरता रहता है। यदि अधिक मात्रा में पानी आ जाए तो घर के एलमुनियम या स्टील के बर्तनों में रस्सी बांधकर बैठकर बाढ़ से बचाया जा सकता है। बताया कि बाढ़ अचानक आती है तो कभी-कभी नदी का पानी धीरे-धीरे बढ़ता है ऐसे में कई तरीकों से बचा जा सकता है।

## सीमेंट व्यापारी की मनमानी बन रही बच्चों व वृद्धों के लिए भारी मुसीबत

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक शिकायती पत्र सर्वोदय नगर निवासी वकील राजेंद्र सिंह परिहार ने भेज कर अवगत कराया है कि जिला प्रशासन की रोक के बावजूद एक दबंग सीमेंट माफिया आदेशों की अवहेलना करने में लगा है। शिवहरे ट्रेडर्स जनता के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मुक्ति सीमेंट की धूल छोटे-छोटे बच्चों और बूढ़े बुजुर्गों के फेफड़ों में जमकर दमा श्वास की बीमारी पैदा कर रही है। लोगों के नोटिस के बावजूद शिवहरे ट्रेडर्स ने कलरात्रि 2:00 सीमेंट का ट्रक लेबर द्वारा लगभग 1000 बोरी कोणार्क सीमेंट खाली कराया है। जबकि विकास प्राधिकरण व प्रदूषण विभाग ने इस बड़े गोडाउन को बस्ती से कहीं अन्य यंत्र हटाने की बात कही है लेकिन हठवादी मालिक इस कार्य को करने को तैयार नहीं है। अर्थात आदेश और नोटिस को ताक में रखकर अपनी मनमानी चला रहा है और मोहल्ले वासियों को सीमेंट डस्ट से परेशान कर रहा है। इसकी पूर्व में भी शिकायत अधिकारियों तक की गई लेकिन कोई ठोस कदम अभी तक नहीं उठाया गया। इसके पास तो रखी सीमेंट है वह 50प्रतिशत बगैर जीएसटी के मिनी प्लांट की आती है जिसका कोई मानक नहीं है कब दीवाल टूट जाए फिर भी जनता को ज्यादा रेट पर उपलब्ध है डुप्लीकेट। प्रशासन चाहे तो इसे सेल टैक्स विभाग को भेजकर जांच करवा लो तथा जो वर्कर है मजदूर उसको ना मास्क ना जूते ना दस्ताने उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं।

# प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएशन आवासहीन पत्रकारों को दिलाएगा आवास



**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

● खाली पड़ी भूमि के आवंटन के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

● पत्रकार से मारपीट के मामले में एसपी से मिले एसोसिएशन के सदस्य

**प्रिंट** एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के द्वारा बीते दिन हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आज एसोसिएशन के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर सैकड़ों पत्रकारों ने एकत्रित होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में ग्राम समाज की खाली पड़ी भूमि को आवास हीन पत्रकारों के लिए भूमि आवंटन हेतु डीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत कुटरा विकास खंड बढ़पुर मे गाटा सं - 631 ग्राम समाज की भूमि खाली पड़ी है। जिसे आवास हीन पत्रकारों को भूमि आवंटित किये जाने की मांग की। जिलाधिकारी ने एसोसिएशन के इस कदम की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि मामले की जानकारी कर एसोसिएशन की मांग को पूरा किया जाएगा। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह कुशवाह व पदाधिकारियों ने नवांगत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार का पुलिस लाइन पहुंचकर फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। साथ ही साथ एसोसिएशन के सदस्य के साथ हुई मारपीट के संबंध में अवगत कराया। आदेश शर्मा पत्रकार पुत्र देवेंद्र कुमार शर्मा निवासी बिढ़ेल थाना जहानगंज का विवाद गांव के ही कगू पत्र उधम सिंह, अंकुर पुत्र अरविंद, मोहित पुत्र रामदास, लक्ष्मण पुत्र अरविंद से मामूली बात पर हो गया था।

एसपी ने एसोसिएशन को पत्रकार के साथ हुई घटना के संबंध में कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## क्विक न्यूज

### संगठन के पदाधिकारियों ने पीड़ित के घर पहुंच सांत्वना दी

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बा निवासी बांदा जनपद में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी ने शनिवार को अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक पंचायत अधिकारी विभागीय संगठन के पदाधिकारियों ने उनके आवास पर सांत्वना दी व न्याय मांग करने की बात कही। बांदा जनपद के जसपुरा ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अनुज माथुर ने अपने घर पर फांसी लगा ली थी जिस पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी मौदहा स्थित आवास पर आज ग्राम पंचायत संगठन के प्रांतीय प्रतिनिधि रमेश कुमार उदैनिया प्रदेश महामंत्री ,सुरेश निषाद जनपद जालौन के अध्यक्ष प्रमोद दुवेदी,रमेश चंद कुशवाहा ,सहित दर्जनों अधिकारी पहुंच व मृतक के साथी की मां को सांत्वना दें तथा उनके पुत्र की मृत्यु अधिकारियों की प्रताड़ना से हुई है वह उनके साथ उच्च अधिकारियों से शिकायत कर न्याय दिलाने की मांग की।

### खंडेह ग्राम प्रधान की पावर हाईकोर्ट ने किया बहाल

मौदहा, हमीरपुर। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद विकासखंड के बड़ी आबादी वाले गांव की अनुसूचित जाति महिला प्रधान के कार्य भार को बहाल कर दिया गया है एक वर्ष पूर्व मनरेगा जॉब कार्ड के द्वारा फर्जी भुगतान को लेकर प्रधानी निरस्त करते हुए समिति गठित की गई थी। खड़ेह गांव कई सालों से भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा में रहा है। एक वर्ष पूर्व मनरेगा जॉब कार्ड दो के द्वारा मृतकों से मनरेगा में काम करवाने के बाद पैसा निकाल लिया गया था जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से की इसी मामले को संज्ञान लेते हुए जिला अधिकारी के आदेश के बाद ग्राम प्रधान बसंती के पावर निरस्त करते हुए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी गई थी जब पर प्रधान में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद प्रशासन का आदेश निरस्त कर प्रधान को कार्यभार सौंप दिया गया है। समिति के सदस्यों ने कुछ फर्जी भुगतान करा लिया है।

### पारिवारिक ड्रामा का जश्न

लखनऊ। कलर्स के शो सुहागन ने बिंदिया की दिलचस्प कहानी से दर्शकों को मुग्ध करते आ रहे हैं। इस पारिवारिक ड्रामा को मिली अभूतपूर्व प्रतिक्रिया का जश्न मनाने के लिए मुख्य कलाकार अभिनेता राघव ठाकुर कृष्णा की भूमिका निभा रहे हैं और अंशुला धवन पायल की भूमिका निभा रहे हैं नवाबों के शहर लखनऊ आए। लीप के बाद की कहानी के बारे में प्रचार करते हुए कलाकारों ने न केवल शहर के प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों की यात्रा की बल्कि कुछ लोकप्रिय व्यंजनों का स्वाद भी लिया। शो का प्रचार करने पर अपने विचार साझा करते हुए अंशुला धवन कहती हैं मैं लखनऊ के लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने हमें इतना प्यार दिखाया है, जहां हमने लीप के बाद सुहागन की कहानी की झलक दिखाई। यह इस शहर की मेरी पहली यात्रा थी, लेकिन मुझे लगता है कि यह मेरी आखिरी यात्रा नहीं होगी। राघव ठाकुर कहते हैं कि लखनऊ घूमना और सुहागन के बारे में प्रचार करना अद्भुत था। मुझे अपनी विरासत और अपनी संस्कृति में निहित कहानियों को संजोने वाले इस शहर के साथ तुरंत जुड़ाव महसूस हुआ।

### प्रदेश अध्यक्ष ने एसपी से मांगी सुरक्षा

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के हरीरामपुर गांव निवासी रामबरन सिंह राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्होंने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि, गाजीपुर के बनारसी आयाह शाह शाह में उनकी दो बीघे खेत हैं। जिसमें बीते 26 जून को रामबरन खेतों को जोतवाने ने गए थे। आरोप है कि इस दौरान रामकुमार पुत्र प्रभु निवासी हरियापुर थाना ललौली सहित सात-आठ लोग असलहा लेकर पहुंचे और खेत जोतने से रोक दिया। इससे भयभीत पीड़ित सोमवार को एसपी की चौखट में पहुंचकर अपनी जानमाल की सुरक्षा के साथ सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराए जाने की मांग की है।

### दबंगों का कहर, दो महिलाओं सहित चार गंभीर

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के कोराई गांव निवासी बुद्धू और सहदेव के साथ महिला सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीण सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में बताया कि गांव के पूर्व प्रधानपति जितेंद्र सिंह, शुभम, शिवम, सत्यम, नीरज मौर्य, पुत्तन मौर्य व चुन्नू आपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं। आरोप है कि यह लोग शाम करीब सात बजे गिरोह बनाकर बुद्धू रैदास के घर जा धमके और गाली गलौज करने लगे। इतने से दबंगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ तो घर के सामने बंधे मवेशियों को खोल कर जानवर बांधने वाले खूंटों को भी उखाड़ कर फेंक दिया। विरोध करने पर उक्त दबंगों ने राधा देवी पुत्री दिनेश, बुधुलिया पत्नी बुद्धू, सहदेव पुत्र सवानी, दिनेश पुत्र बुद्धू के साथ मारपीट की। मारपीट में चारों लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

# जिलाधिकारी ने की आश्रम पद्धति विद्यालयों के शिक्षण कार्य की समीक्षा

● मानिकपुर आश्रम पद्धति विद्यालय प्रधानाचार्य को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

● सीडीओ के साथ किया पुस्तकालय-कोचिंग सेंटर का निरीक्षण

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सरधुवा, कलचिहा व मानिकपुर के संचालन एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग संचालन की बाबत बैठक में कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि मानिकपुर प्रधानाचार्य को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाये। सोमवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के शिक्षण कार्य की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राजकीय आश्रम पद्धति मानिकपुर में शिक्षा की गुणवत्ता ठीक नहीं है। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रधानाचार्य को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाए। इनके शिक्षा में सुधार न करने पर शासन को पत्र लिखा जाए।

सभी प्रधानाध्यापकों से कहा कि जिन विद्यालयों में प्रवेश को बच्चे नहीं आ रहे, उसमें बेटिंग के बच्चों को प्रवेश दिलायें। भोजन एवं नाश्ता की व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त रखें। सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करें। छात्र-छात्राओं को उप्र कौशल विकास मिशन से कौशल प्रशिक्षण दिलाने की बाबत प्रधानाचार्य आईटीआई से संपर्क करें।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने जिला राजकीय पुस्तकालय में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग सेंटर संचालन तैयारी का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने परिसर में पड़े कूड़ा आदि सामग्री को तत्काल हटाने के निर्देश ईओ नगर पालिका परिषद कर्वी को दिए।

## पावन श्रावण मास प्रारंभ सजाये गये शिव मंदिर

**कोंच**, जालौन। हिन्दू धर्म में पावन श्रावण मास का विशेष स्थान है। श्रावण मास के सभी दिन खासकर सोमवार को भगवान शिव की विशेष आराधना की जाती है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा के अगले दिन यानि कि आज 4 जुलाई से प्रारंभ श्रावण मास में नगर में स्थित शिव मंदिरों में शिवभक्तों द्वारा किये जाने वाले अभिषेक आदि अन्य धार्मिक अनुष्ठान हेतु मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। मंदिरों के व्यवस्थापकों द्वारा श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए मंदिरों में विशेष प्रबंध भी किये जा रहे हैं। चंदकुआ स्थित प्रसिद्ध भूतेश्वर मंदिर, प्राचीन बख्शेश्वर मंदिर, रेलवे क्रॉसिंग के समीप सिद्ध स्थल महाकालेश्वर (नायक मठ) मंदिर, नझायी स्थित हाटकेश्वर मंदिर, मारकंडेश्वर मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर, स्टेट बैंक के समीप स्थित शिव मंदिर, चौबे की गली स्थित शिव मंदिर, सर्राफा बाजार स्थित शिव मंदिर, प्राचीन पठेश्वर मंदिर सहित नगर के अन्य सभी शिव मंदिरों में सजावट की गई।

# परमहंस बद्रीदास आश्रम जाकर शिष्यों ने श्रीविग्रह के किए दर्शन



**कोंच,** जालौन। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को यहां विभिन्न गुरुद्वारों में शिष्यों की भारी भीड़ रही, शिष्यों ने गुरुपाद पूजन कर आशीर्वाद ग्रहण किया। देवगांव के बद्रीदास आश्रम में प्रतिष्ठित परमहंस बद्रीदास जी महाराज के हजारों शिष्यों ने दूरस्थ क्षेत्रों से आकर उनके भव्य श्रीविग्रह का दर्शन कर आशीर्वाद लिया और दक्षिणा अर्पित की। वहीं आश्रम समिति ने विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

तहसील मुख्यालय से 12 किमी दूर देवगांव के बद्रीदास आश्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े और परमहंस बद्रीदास जी महाराज की भव्य प्रतिमा का दर्शन कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। गोलोकधाम से शिष्यों पर कृपा बरसा रहे श्रेष्ठ संत परमहंस बद्रीदास महाराज के दिल्ली, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि प्रांतों से आए सैकड़ों शिष्यों ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपादित कराए। आश्रम प्रबंध समिति के तत्वाधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# पेज एक का शेष

## प्रफुल्ल पटेल...

**पवार** ने आरोप लगाया कि उनकी जानकारी और सहमति के बगैर नौ विधायकों का बगावत में साथ दिया गया। उन्होंने बाद में कहा, अजित और पार्टी के निर्देश का उल्लंघन कर मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले आठ अन्य विधायकों का समर्थन करने का आपका कृत्य पार्टी विरोधी गतिविधि के समान है। पवार ने कहा, आपके कृत्यों के मद्देनजर मैं पार्टी सदस्यों की पंजी से आपका नाम हटा रहा हूं। इससे पहले, राकांपा प्रमुख को लिखी चिट्ठी में बारामती से लोकसभा सदस्य सुले ने कहा, मैं आपको यह सूचित करने के लिए यह पत्र लिख रही हूं कि राकांपा के दो सांसदों-प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने हमारे पार्टी संविधान और नियम का उल्लंघन किया है और महाराष्ट्र सरकार में नौ विधायकों को शपथ दिलाने में मदद कर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। राकांपा ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के समक्ष एक याचिका दायर कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले अजित पवार और मंत्री पद की शपथ लेने वाले पार्टी के आठ अन्य विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, जितेंद्र आव्हाड ने रविवार देर रात नार्वेकर के आवास पर याचिका भेजी थी। अजित पवार के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने के बाद राकांपा ने आव्हाड को महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया है। नार्वेकर के कार्यालय ने याचिका मिलने की पुष्टि की। वहीं मुंबई अजित पवार ने कहा कि पार्टी और विधायक उनके साथ हैं और उनके तथा आठ नए शपथ लेने वाले मंत्रियों के खिलाफ अयोग्यता का नोटिस निरर्थक है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिह्न (घड़ी) भी उनके पास है। उन्होंने कहा, हम जो भी कर रहे हैं वह पार्टी के हित में है। हम अपनी पार्टी को और मजबूत करेंगे। यह पूछे जाने पर कि राकांपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन है, अजित पवार ने कहा, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार हैं। क्या आप भूल गए हैं? उन्होंने कहा कि विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति किसी पार्टी पदाधिकारी द्वारा नहीं बल्कि सदन के अध्यक्ष द्वारा की जाती है। पटेल द्वारा रूपाली चाकनकर को राकांपा की राज्य महिला शाखा का प्रमुख नियुक्त किया गया है, जबकि विधान परिषद सदस्य अमोल मितकारी और आनंद परांजपे प्रवक्ता होंगे। वहीं, सूरज चव्हाण को महाराष्ट्र में पार्टी की युवा शाखा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## शिंदे को...

**मुखपत्र** में कहा गया, शिंदे को (पिछले साल जून में मुख्यमंत्री के रूप में) लाते समय भाजपा ने मराठा कार्ड खेला था। अब उनके पास अजित पवार के रूप में बेहतर मराठा नेता है। वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक प्रकाश अकोलकर ने पीटीआई-भाषा से कहा कि राज्य के ताजा राजनीतिक घटनाक्रम से लगता है कि शिंदे को दरकिनार किया जा रहा है क्योंकि देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार दोनों ही मौजूदा मुख्यमंत्री की तुलना में मुखर, आक्रामक और बेहतर प्रशासक हैं। हालांकि, भाजपा के वरिष्ठ नेता माधव भंडारी ने कहा कि ये सारी बातें हवाबाजी के अलावा और कुछ नहीं हैं। उन्होंने कहा, सबसे पहली बात तो यह है कि विधानसभा अध्यक्ष के पास लंबित अयोग्यता याचिका हमारे खिलाफ नहीं जाएगी। अगर ऐसा होता भी है तो इसका असर सरकार पर नहीं पड़ेगा क्योंकि हमारे पास पर्याप्त संख्या है। कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने कहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को मुख्यमंत्री शिंदे सहित शिवसेना के 16 विधायकों की अयोग्यता पर 11 अगस्त तक निर्णय लेना है।

## शरद पवार...

**कांग्रेस** छोड़ने के बाद 1999 में राकांपा का गठन करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अपनी पार्टी में दलबदल होने पर कहा, महाराष्ट्र और देश में सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने की कोशिश की जा रही है। हमें उन ताकतों से लड़ने की जरूरत है, जो शांतिप्रिय नागरिकों के बीच भय उत्पन्न करती हैं। पवार ने कहा, हमें अपने देश में लोकतंत्र को बचाने की जरूरत है। राकांपा प्रमुख ने कहा कि एक गलत प्रवृत्ति उभर रही है और उसने ही राज्य में पार्टी को तोड़ने की कोशिश की। उन्होंने कहा, इसके पीछे का मकसद इन साम्प्रदायिक विचारधाराओं के जरिए देश के मुद्दों को आगे ले जाना है और इस प्रवृत्ति ने राज्य में उथल-पुथल करने में यही रुख अपनाया है। दुर्भाग्य से, हमारे कुछ सहकर्मी इन तरकीबों का शिकार हो गए। उन्होंने कहा कि साहू महाराज, (ज्योतिबा) फुले और (डॉ भीमराव) आंबेडकर की धरती, महाराष्ट्र के लोग अन्य दलों को तोड़ने में भूमिका निभाने वाली इन प्रवृत्तियों को उनकी सही जगह दिखाएंगे। उन्होंने कहा, अगले कुछ महीनों में, हमें लोगों के पास जाने का मौका मिलेगा और उनकी मदद से, हम इन प्रवृत्तियों को दरकिनार कर देंगे तथा एक बार फिर हम एक ऐसी व्यवस्था तैयार करेंगे, जो आम लोगों के हित में काम करेगी। शरद पवार ने शिवसेना में 2022 में हुई बगावत का जिक्र करते हुए कहा कि 2019 में वह उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के तहत एकजुट हुए और सरकार बनाई, लेकिन कुछ लोगों ने पिछले साल सरकार गिरा दी। उन्होंने कहा, यह केवल महाराष्ट्र में नहीं हो रहा, बल्कि अन्य राज्यों में भी किया जा रहा है। (कांग्रेस नेता) कमलनाथ-नीत मध्य प्रदेश सरकार इसी तरीके से गिरा दी गई और साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देने वाली सरकार सत्ता में आई। शरद पवार ने कहा कि एमवीए का घटक दल कांग्रेस द्वारा महाराष्ट्र में नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए दावा करना तर्कसंगत है। शिंदे सरकार में शामिल होने से पहले अजित पवार इस पद पर थे। राकांपा प्रमुख ने कहा कि महाराष्ट्र में विपक्षी खेमे में अभी सबसे अधिक सीट कांग्रेस के पास है और नेता प्रतिपक्ष के लिए उसका दावा तर्कसंगत है। उन्होंने कहा, जहां तक मुझे पता है, (राकांपा और उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना गुट की तुलना में) कांग्रेस के अधिक विधायक हैं, इसलिए नेता प्रतिपक्ष पद की उसकी मांग सही है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि उनकी पार्टी को नेता प्रतिपक्ष पद के लिए दावा करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस बाबत फैसला मंगलवार को होने वाली कांग्रेस विधायक दल की बैठक में किया जाएगा। राकांपा प्रमुख के भतीजे अजित पवार के नेतृत्व में पार्टी में हुई टूट के एक दिन बाद, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शरद पवार (82) का दिवंगत चव्हाण के स्मारक प्रीतिसंगम का दौरा करने को शक्ति प्रदर्शित करने के तौर पर देखा जा रहा है।

## आदिवासियों को...

**वहीं,** द्रमुक सांसद एवं समिति के एक अन्य सदस्य पी विल्सन ने अपने ट्वीट में कहा कि आज विधि एवं न्याय पर संसदीय समिति की बैठक से पहले मैंने समिति के अध्यक्ष सुशील मोदी को समान नागरिक संहिता पर विधि आयोग के आगे लोक विचार-विमर्श करने को लेकर पत्र सौंपा। भाजपा के महेश जेठमलानी ने हालांकि यूसीसी की पुरजोर वकालत की और संविधान सभा में इस विषय पर हुई चर्चा का हवाला दिया। सूत्रों ने बताया कि विधि से संबंधित संसदीय समिति के प्रमुख सुशील मोदी ने पूर्वोत्तर और अन्य क्षेत्रों के आदिवासियों को किसी भी प्रस्तावित समान नागरिक संहिता के दायरे से बाहर रखने की हिमायत की। समिति की बैठक में इस ओर ध्यान दिलाया गया था कि कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में बिना उनकी सहमति के केंद्रीय कानून लागू नहीं होते हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में 31 सदस्यीय समिति के 17 सदस्य मौजूद थे। विधि आयोग के अधिकारियों ने कहा कि 13 जून के बाद से अब तक विचार- विमर्श के दौरान 19 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट...

क्योंकि यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है। इसमें पिछले वित्तीय वर्षों का ब्योरा दिया जाए। शीर्ष अदालत ने पहले एनसीटीडी सरकार को दिल्ली को मेरठ से जोड़ने वाले आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए पर्यावरण मुआवजा शुल्क (ईसीसी) निधि से 500 करोड़ रुपए का योगदान देने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने मार्च 2019 के अपने आदेश में कहा था कि दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर परियोजना के लिए भारत सरकार का योगदान 5,687 करोड़ रुपए, उत्तर प्रदेश का 5,828 करोड़ रुपए और दिल्ली का 1,138 करोड़ रुपए है। अदालत ने उस समय अपने आदेश में दिल्ली सरकार को 10 दिनों के भीतर ईसीसी फंड से 265 करोड़ रुपए का योगदान देने का निर्देश दिया था, जिसमें कर देनदारी भी शामिल थी। इसने कहा था कि कर घटक वापसी योग्य है और वापस (रिफंड) इसे ईसीसी फंड में जमा किया जाएगा। कुल 82.15 किमी लंबे गलियारे में से दिल्ली में लगभग 13 किमी के खंड पर सराय काले खां, न्यू अशोक नगर और आनंद विहार स्टेशन होंगे। केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसी साल फरवरी में राज्यसभा को बताया था कि राष्ट्रीय राजधानी सरकार दिल्ली-शाहजहांपुर-नीमराना-बहरोड़ और दिल्ली-पानीपत क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने पर सहमत नहीं हुई है।

# इजराइल ने उग्रवादियों के गढ़ में ड्रोन हमले किए

## वेस्ट बैंक में आठ फलस्तीनियों की मौत

**भाषा।** यरूशलम



**इजराइली** सेना ने सोमवार सुबह वेस्ट बैंक में उग्रवादियों के गढ़ में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए और सैकड़ों सैनिकों को तैनात किया। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इन हमलों में कम से कम आठ फलस्तीनी मारे गए। ए हमले दो दशक पूर्व दूसरे फलस्तीनी विद्रोह के दौरान बड़े पैमाने पर किए गए सैन्य हमलों की याद दिलाते हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि कम से कम आठ फलस्तीनियों की मौत हुई है और दर्जनों अन्य जख्मी हुए हैं। इजराइली सैनिक सोमवार सुबह जेनिन शरणार्थी शिविर में घुसे और इलाके में बीते एक साल का सबसे बड़ा अभियान चलाया। यह हमला ऐसे वक्त में किया गया है, जब इजराइली बस्तियों पर सिलसिलेवार हमलों के जवाब में कड़ी प्रतिक्रिया देने के लिए देश सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। पिछले सप्ताह इजराइली बस्तियों पर किए गए हमलों में चार लोगों की मौत हो गई थी। शिविर की भीड़-भाड़ वाली गलियों से काला धुआं निकलता हुआ दिखा। इसी के साथ गोलीबारी होने और ड्रोन उड़ने की आवाजें भी सुनाई दीं। स्थानीय निवासियों ने कहा कि कुछ इलाकों में बत्ती गुल हो गई और सेना के एक बुलडोजर को संकरी गलियों से गुजरते हुए देखा गया। फलस्तीन और पड़ोसी देश जॉर्डन ने हिंसा की निंदा की है। इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि अभियान योजना के मुताबिक बढ़ रहा है और इजराइल ने स्थानीय उग्रवादी समूहों पर कड़ा प्रहार किया है। सेना के एक प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल रिचर्ड हेच ने बताया कि हमलों की योजना बनाने के लिए उग्रवादियों द्वारा इस्तेमाल की जा रही एक इमारत पर हवाई हमले के साथ देर रात एक बजे अभियान शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ठिकाने को नष्ट करना और हथियार जब्त करना है। लेफ्टिनेंट कर्नल हेच के मुताबिक, तकरीबन 2,000 सैनिक इस अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। फलस्तीनी क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र मानवीय समन्वयक लीन हैस्टिंग ने ट्विटर पर कहा कि इजराइली बल जिस स्तर पर यह अभियान चला रहे हैं, उससे वह चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि घनी आबादी वाले शरणार्थी शिविर में हवाई हमले किए गए हैं और संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता जुटाने के प्रयासों में जुटा है। फलस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी वफा के अनुसार, सेना ने शिविर के भीतर सड़कों को अवरुद्ध कर दिया, मकानों और इमारतों पर कब्जा जमा लिया तथा छतों पर स्नाइपर तैनात कर दिए। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को कम से कम आठ फलस्तीनियों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से 10 की हालत गंभीर है। मंत्रालय के मुताबिक, एक अलग घटना में वेस्ट बैंक के रामल्ला शहर के पास इजराइल की गोलीबारी में 21 वर्षीय फलस्तीनी नागरिक की मौत हो गई। फलस्तीन के राष्ट्रपति के प्रवक्ता नबील अबू रुदीनाह ने एक बयान में कहा, फलस्तीनी लोग झुकेंगे नहीं, आत्मसमर्पण नहीं करेंगे और इस क्रूर आक्रमण के खिलाफ अपनी सरजमीं पर डटे रहेंगे। जॉर्डन ने इजराइल से वेस्ट बैंक में हमले रोकने का आह्वान किया। इजराइल के विदेश मंत्री अली कोहेन ने विदेशी पत्रकारों को दिए संबोधन के दौरान सेना के प्रयासों की प्रशंसा की और चिर प्रतिद्वंद्वी ईरान को फलस्तीनी चरमपंथी समूहों द्वारा वित्त पोषित हिंसा का जिम्मेदार बताया। गौरतलब है कि इजराइल ने 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध में वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पट्टी पर कब्जा जमा लिया था। फलस्तीनी अपने लिए अलग देश की मांग करते हैं और इन क्षेत्रों को वापस हासिल करना चाहते हैं।

## नाटो ने रूस को लेकर सैन्य योजना तैयार की

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन में जारी जंग में रूस के बलों को नुकसान हो रहा है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें पटखनी दे दी गई है। नाटो के अधिकारी ने शीतयुद्ध के बाद संगठन की सैन्य योजनाओं में सबसे बड़ा फेरबदल पेश किया है। नाटो की सैन्य समिति के प्रमुख रोब बॉयर ने पत्रकारों से कहा कि वे भले ही 11 फुट लंबे नहीं है लेकिन वे निश्चित रूप से दो फुट के नहीं है, लिहाज़ा हमें रूसियों और पलटवार करने की उनकी क्षमता को कम नहीं आंकना चाहिए।

## शिकारियों व पर्यटन के लिए द.अफ्रीका में शेरों का पालन-पोषण नहीं किया जाना चाहिए

**भाषा।** मैनचेस्टराऑक्सफोर्ड (यूके)

**23** जून 2023 को दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ओआर टैम्बो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक व्यक्ति को उसके सामान में पाँच शेरों के अवशेष मिलने पर गिरफ्तार किया गया। वह वियतनाम के लिए उड़ान भरने वाला था, जहां पारंपरिक दवाओं में शेर की हड्डियों का उपयोग किया जाता है।यह जब्ती अपने आप में सराहनीय है लेकिन यह घटना कैद में शेरों के प्रजनन के दक्षिण अफ्रीका के विवादास्पद कानूनी उद्योग पर प्रकाश डालती है। वन्यजीव शोधकर्ता नील डी क्रूज़ और जेन्ना ग्रीन, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका में शेर पालन का अध्ययन किया है, उद्योग में अपनी अंतर्दृष्टि साझा करते हैं और बताते हैं कि इसे क्यों बंद किया जाना चाहिए।शेरों को क्यों पाला जा रहा है?1

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Rani Devi and Mr. Balvir Singh are the owners of D-31, Gali No -2, area measuring 96 Sq. Yds., out of Khasra No. 227, Situated in the abadi of Khajuri Khas, Illaqa Shahdra, Delhi, in the area of Village Seelampur, Illaqa Shahdara, Delhi, vide GPA, ATS & Will dated 15.12.1988. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **We, SANJAY SABHARWAL, S/D/W/O RK SABHARWAL, A-1/37, PASCHIM VIHAR PEERA GARHI, NEW DELHI-110063.** The original documents i.e. **REGISTERED SALE DEED No–7183, ADDL BOOK NO–1, VOL NO-282, PAGE NO 132 TO 136, DATED-11/11/2005/ 17/11/2005 REGISTERED WITH SUB REGISTRAR SUB DIV. NO –VI© SARASWATI VIHAR, NEW DELHI. SALE DEED** have been lost. An FIR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch in vide S.O.No. 430/2014 LR No 597921/2023 dated 27.06.2023. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No.9891394990 within 07 days from the date of publication of this notice.

**LOST & FOUND**

BE IT KNOWN TO ALL THAT I MRS. DIVVYA ANGEL BHASIN ALIAS DIVVYA A BHASIN W/O SHRI RANJIT CHOWDHRY AND D/O OF SHRI LALIT BHASIN, BEING THE OWNER OF SHOP NO. 12, ON GROUND FLOOR, HAVING AN AREA OF ABOUT 130 SQ FT (12.077 SQ. MTRS.) IN THE BUILDING KNOWN AS "ARCHNA" SITUATED AT ARCHANA SHOPPING COMPLEX, GREATER KAILASH PART-I, NEW DELHI. THE I HAVE LOST THE ORIGINAL AGREEMENT FOR SALE DATED 02.06.1980, ENDORSEMENT IN FAVOR OF LATE MRS. MADHU BHASIN ON 20.10.1980 AND ENDORSEMENT LETTER DATED 16.04.1991, ISSUED BY M/S A.R. CHADHA & COMPANY INDIA PVT LTD, FOR WHICH I HAD ALSO LODGED NCR WITH CRIME BRANCH, DELHI, BEARING LR NO. 580684/2023, DATED 22.06.2023. FINDER OF THE ORIGINAL DOCUMENTS MAY PLEASE CONTACT THE UNDERSIGNED. DIVVYA ANGEL BHASIN 9810034892

## आतंकी हमले में सेना के दो अधिकारियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर हमला किया, जिसमें सेना के कर्नल रैंक के एक अधिकारी और एक जवान की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर ने एक बयान में कहा कि यह मुठभेड़ रविवार को प्रांत के बलोर क्षेत्र में उस वक्त हुई जब सुरक्षा बलों को एक आतंकवादी समूह की गतिविधि के बारे में खुफिया जानकारी मिली। बयान में कहा गया है कि इस सूमह के आतंकवादी होशाब क्षेत्र में आईईडी लगाने के अलावा सुरक्षा बलो और नागरिको पर गोलीबारी की कई घटनाओं में संलिप्त थे। इसमें कहा गया कि आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना के कर्नल रैंक के एक अधिकारी और एक जवान की मौत हो गई, जबकि एक अन्य जवान घायल हुआ है। रविवार के हमले की जिम्मेदारी तत्काल किसी संगठन ने नही ली है।

## तोक्यो में एक इमारत में विस्फोट, चार लोग घायल

तोक्यो। तोक्यो के शिंबाशी जिले में सोमवार को एक इमारत में विस्फोट होने से चार लोग घायल हो गए। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। विस्फोट इतना तेज था कि इमारत की खिड़कियां टूट गईं और इमारत से धुआं भी निकलता देखा गया। समाचार एजेंसी क्योदो की खबर के अनुसार, विस्फोट की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच जारी है।

## इंडोनेशिया के पापुआ में भूकंप का झटका, कोई हताहत नहीं

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे पूर्वी प्रांत में सोमवार को भूकंप का झटका महसूस किए गए लेकिन इसमें बड़े नुकसान और किसी के हताहत होने की कोई सूचना नही है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने कहा कि रिक्टर पैमाने पर 5.4 तीव्रता वाले भूकंप का केंद्र पापुआ प्रांत की राजधानी जयापुरा के एक उपजिले अबेपुरा से 135 किलोमीटर दूर दक्षिण पश्चिम में 13 किलोमीटर की गहराई में था।

# चीन की यात्रा योजना पर पुनर्विचार करें अमेरिकी : अमेरिका

**भाषा।** बीजिंग

**मनमाने तरीके** से कानून को लागू करने, निकास प्रतिबंधों और गलत तरीके से हिरासत में लिए जाने के जोखिम के मद्देनजर अमेरिका ने अपने नागरिकों को चीन की यात्रा पर पुनर्विचार करने का परामर्श जारी किया है। किसी खास मामले का हवाला तो नहीं दिया गया लेकिन यह सलाह मई में जासूसी के आरोप में 78 वर्षीय अमेरिकी नागरिक को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद आई है। यह पिछले सप्ताह (चीन के) व्यापक विदेशी संबंध कानून के पारित होने के बाद आया है जो चीन के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ जवाबी कदम उठाने की धमकी देता है।चीन ने हाल ही में व्यापक रूप से लिखित जासूसीरोधी एक कानून भी पारित किया है जिसके तहत कार्यालयों पर छापे मारे गए हैं। इससे विदेशी व्यापार समुदाय में खलबली मची हुई है। इसके साथ ही विदेशी आलोचकों पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून भी बनाया गया है।अमेरिकी परामर्श में कहा गया, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) सरकार कानून के तहत निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के बिना, मनमाने ढंग से स्थानीय कानूनों को लागू करती है, जिसमें अमेरिकी नागरिकों और अन्य देशों के नागरिकों पर निकास प्रतिबंध जारी करना शामिल है। परामर्श में कहा गया, पीआरसी में यात्रा करने वाले या रहने वाले अमेरिकी नागरिकों को अमेरिकी दूतावासीय सेवाओं तक पहुंच के बगैर या उनके कथित अपराध के बारे में जानकारी के बिना हिरासत में लिया जा सकता है।

## अमेरिका की वित्त मंत्री एलेन इस सप्ताह जाएंगी चीन यात्रा पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट एलेन अमेरिका-चीन संबंधों को बेहतर बनाने के लिए चल रहे प्रयासो के तहत बृहस्पतिवार को बीजिंग की यात्रा करेंगी। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एलेन ने चीन से आर्थिक संबंध तोड़ने की धारणा को विनाशकारी करार दिया है और पिछले वर्ष कई बार उन्होंने कहा था कि वह चीन की यात्रा करना चाहती है। उनका कहना है कि भू-राजनीति तथा आर्थिक विकास को लेकर अपने तनावपूर्ण संबंधो के बावजूद दोनो देश एक साथ रहने का रास्ता ढूंढ सकते है और उन्हें (ऐसे रास्तों को) तलाशने की जरूरत है। नाम उजागर न करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि एलेन इस सप्ताह चीन के अधिकारियो, चीन मे व्यापार करने वाली अमेरिकी कंपनियो और चीन के लोगों के साथ मुलाकात करेंगी। नौ जुलाई तक वह वहां रहेंगी। अधिकारी ने बताया कि उनकी यात्रा का मकसद अमेरिका और चीन के बीच संवाद बढ़ाना है। हालांकि साझा हित के क्षेत्र स्पष्ट है जिनपर एलेन बात कर सकती है। कई मुद्दो पर असहमतियां भी है जिनका समाधान एक यात्रा से नही होगा। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी हाल ही में चीन की दो दिवसीय यात्रा पर गए थे। दोनों देशों के बीच कई मुद्दो को लेकर असहमति और संभावित टकराव है। इसमे ताइवान के साथ व्यापार, चीन तथा हांगकांग मे मानवाधिकार की स्थिति से लेकर दक्षिण चीन सागर मे चीन की सैन्य मौजूदगी और यूक्रेन-रूस युद्ध जैसे मुद्दे शामिल है।

## नेपाल में चावल रोपने के साथ ही किसानों ने मनाया वार्षिक धान उत्सव

**काठमांडू।** नेपाल में हजारों किसानों और उनके परिवारों ने चावल की रोपाई कर विशेष दावत का आयोजन किया और वार्षिक धान उत्सव मनाया। किसानों के साथ ग्रामीण, शहरों से आए पर्यटक तथा हिमालई राष्ट्र का दौरा करने वाले लोग भी इस उत्सव में शामिल हुए। चावल लाखों नेपालियों का मुख्य आहार माना जाता है। इसकी फसल आम तौर पर साल में एक बार जुलाई में बोई जाती है और लगभग चार महीने बाद काटी जाती है। किसानों और उनके परिवारों ने चावल उगाने के लिए जरूरी वर्षा का स्वागत करने के लिए पारंपरिक गीत गाए और समय पर वर्षा करने के लिए देवताओं को धन्यवाद दिया। किसानों ने चावल को कतारों में रोपने के बाद, कीचड़ भरे खेतों में छींटे मारे, एक-दूसरे पर मिट्टी तथा रेत लगाई, नृत्य किया और दावत के साथ उत्सव का समापन किया। इस दिन को दही चिवड़ा (दही और पीटा चावल) भी कहा जाता है, जो दावत के दौरान खाए जाने वाले मुख्य व्यंजनों में से एक है। देश में अन्य स्थानों पर अक्सर लोग इस दिन घर में आम और केले के साथ दही तथा चिवड़ा खाते हैं।

# संरा प्रमुख ने समुद्री राष्ट्रों से जहाजरानी उद्योग में उत्सर्जन कटौती की नीति बनाने की अपील की




**भाषा।** लंदन

**संयुक्त राष्ट्र** महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने जलवायु को नुकसान पहुंचाने वाले उत्सर्जन को घटाकर शून्य तक ले जाने के लिए समुद्री राष्ट्रों से जहाजरानी उद्योग के वास्ते एक नीति पर सहमत होने की सोमवार को अपील की। गुतारेस लंदन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन की बैठक में शामिल होने आए हैं। इस बैठक को ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के अंतरराष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में मदद के लिए एक कदम के तौर पर देखा जा रहा है। जहाजरानी, तीन प्रतिशत वैश्विक उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने बैठक में भाग ले रहे प्रतिनिधियों से जहाजरानी के लिए एक नई ग्रीनहाउस गैस रणनीति पर सहमत होने का अनुरोध किया, जिसमें 2030 में शुरू हो रहे महत्वाकांक्षी विज्ञान आधारित लक्ष्य भी शामिल है। संगठन ने जहाजरानी उद्योग के लिए इसके उत्सर्जन में 2050 तक कम से कम आधी कटौती करने का लक्ष्य रखा है।

# फ्रांस में किशोर की हत्या के छह दिन बाद कम हो रहा है तनाव



**भाषा।** पेरिस

**पुलिस द्वारा** 17 वर्षीय एक किशोर की गोली मारकर हत्या किए जाने से फ्रांस में फैली अशांति छह दिन बाद कम होती दिख रही है। गृह मंत्रालय के अनुसार, रात भर में 157 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले 30 जून को हुई हिंसा के दौरान रात भर में 3880 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। नैनटेरे के उपनगर में पुलिस की गोलीबारी में मारे गए 17 वर्षीय नाहेल की हत्या कर दी गई थी। नाहेल अल्जीरियाई मूल का था। गृह मंत्री गेराल्ड डर्मानिन ने बताया कि 45,000 पुलिस अधिकारियों को पूर्व फ्रेंच कॉलोनियों से जुड़े और कम आय वर्ग वाले इलाकों में रहने वाले लोगों के खिलाफ भेदभाव को लेकर आक्रोश से निपटने के लिए तैनात किया गया है। फ्रांस में रातभर में 297 वाहनों और 34 इमारतों में आगजनी की गई। इससे पहले राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने रविवार रात को विशेष सुरक्षा समीक्षा बैठक की और उनकी सोमवार को संसद के दोनों सदनों के प्रमुख तथा मंगलवार को प्रदर्शनों से प्रभावित 220 शहरों के मेयर के साथ बैठक करने की योजना है। बैठक में शामिल एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर यह जानकारी दी। वहीं नाहेल की नानी नादिया ने फ्रांस के समाचार प्रसारक बीएफएम टीवी को टेलीफोन पर दिए साक्षात्कार में कहा, खिड़कियों, बसों...स्कूलों में तोड़फोड़ मत करिए। हम हालात को शांत करना चाहते हैं।

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

**I, Rajwati Yadav W/o Shri** Hakim Singh Yadav R/o A-15, Sangam Vihar, New Delhi - 110080, declare that my name wrongly Mention in My Policy document Cur-NC-10737-001-0000929-B as Rajawati my correct name is Rajwati Yadav Hence Rajawati and Rajawati Yadav Both are same and one Person.
PD(089)C

**I, Hakim Singh Yadav S/o** Shree Sone Lal R/o A-15, Sangam Vihar New Delhi-110080 Declare that my name wrongly mentioned in my policy ducument CUR-NC-10737-001-0000929-A as Hakim Singh my correct name is Hakim Singh Yadav henec Hakim Singh and Hakim Singh Yadav are same and one person.
PD(090)C

**I, Amrita Priyamvada wife of** Ravi Narayan Pandey, Resident of E-14 Dayal Bagh Colony, Faridabad Declare that I have Changed my name as Amrita Priyamvada in place of my previous name i.e Amrita Pandey, Now I Shall be known by new name i.e Amrita Priyamvada in future for all purposes.
PD(086)A

प्रपत्र – 'जी'
अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
पाला डेकोर प्राइवेट लिमिटेड
319, सेक्टर–22, गुरूग्राम, हरियाणा–122015 में
अन्य टेक्सटाइल के विनिर्माण तथा निर्यात में प्रचालनरत
[दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन]

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम पैन/सीआईएन/एलएलपी नंबर सहित | पाला डेकोर प्राइवेट लिमिटेड सीआईएन – यू17200एचआर2013पीटीसी049962 पीएएन : एएएचसीपी2888डी |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | 319, सेक्टर–22, गुरूग्राम, हरियाणा–122015 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | www.pala.in |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल आस्तियां अवस्थित हैं | 778, उद्योग विहार, फेज 5, गुरूग्राम |
| 5. | प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की संस्थापित क्षमता | उपलब्ध नहीं |
| 6. | अंतिम वित्तीय वर्ष में बेचे गए प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की प्रमात्रा और मूल्य | उपलब्ध नहीं |
| 7. | कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या | 1 |
| 8. | अतिरिक्त विवरण, जिसमें दो वर्ष के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों सहित), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की अनुवर्ती घटनाओं की सम्बद्ध तिथियां सहित ......... पर उपलब्ध है : | ग्राह्य समाधान आवेदक अपना अनुरोध मेल द्वारा समाधान प्रोफेशनल को cirp.paladecor@gmail.com पर भेज सकते हैं |
| 9. | संहिता की धारा 25 (2)(एच) के अधीन समाधान आवेदकों हेतु ग्राह्यता ......... पर उपलब्ध है : | न्यूनतम शुद्ध मूल्य रू. 1,00,00,000 (रू. एक करोड़) होना चाहिए। रू. 5,00,000 (रू. पांच लाख मात्र) की प्रतिदेय ईएमडी। ग्राह्यता मानदंडों हेतु नियम एवं शर्तें/विस्तृत जानकारी cirp.paladecor@gmail.com पर अनुरोध पर उपलब्ध कराई जाएगी। |
| 10. | अभिरुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 19–07–2023 |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 29–07–2023 |
| 12. | अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 03–08–2023 |
| 13. | ईओआई जमा करने हेतु प्रक्रिया ई–मेल आईडी | cirp.paladecor@gmail.com |

हस्ता./–
निशा मालपानी
मैसर्स पाला डेकोर प्राइवेट लिमिटेड हेतु समाधान प्रोफेशनल
रजिस्ट्रेशन नंबर : IBBI/IPA-001/IP-P00058/2017-2018/10136
तिथि : 04–07–2023 रीगस, लेवल 9, स्पेस–आई–टेक पार्क, ए–1, टावर,
स्थान : गुरूग्राम सेक्टर–49, सोहना रोड, गुरूग्राम, हरियाणा–122018

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201–बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर बी–3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थाने (वेस्ट)–400604

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विहार श्रीधर ओव्हाल, साधना प्रकाश चावन एवं विद्या सचिन आलिंग – (एलबीएयूआर00005108992) – एफ 52 रूम नंबर 20, हरकेश नगर, ओखला, मडाला मेडिकल, नॉर्थ दिल्ली, दिल्ली–110020 | प्लॉट नंबर 42 एवं 43, सर्वे नंबर –32/2, सायन लोया नगर, बृजवाड़ी, औरंगाबाद–431001 | 30–05–2023 रू. 14,71,416.00/– | 29–03–2023 |

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।
तिथि : 04 जुलाई, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201–बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर बी 3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थाने (पश्चिम)–40060

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुलदीप सिंह/बलजीत कौर/ (LBBD00005513058) एवं लैट नंबर एच–102, देव कैसल, निकट रत्न दीप सोसायटी, जय माला बस स्टॉप, इसानपुर, अहमदाबाद–382443 | फ्लैट नंबर 503, 5वां तल, ब्लॉक–एच, देव कैसल, निकट टोपाज होटल, इसानपुर, दानीलिम्डा, मणिनगर, सर्वे नंबर 73 और 74, सब–प्लॉट नंबर 1, एफ.पी. नंबर 27 और 28, टी.पी. स्कीम नंबर 37, अहमदाबाद–382443 | 19–05–2023 रू. 34,57,960.00/– | 29.03.2023 |

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।
तिथि : 04 जुलाई, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुलदीप कुमार, बी–207, आईएनए कालोनी, नई दिल्ली, दिल्ली, दिल्ली–110023. खाता संख्या :– LBFDB00005214694, LBFDB00006107397 | आवासीय प्लॉट नंबर 1686 (पुराना प्लॉट नंबर एनए–38), भू तल, सेक्टर–ए, आवासीय कालोनी "ग्रीनफील्ड्स" के नाम से ज्ञात, ग्राम सराय ख्वाजा, तहसील बड़खल, जिला फरीदाबाद–121002 | 13–05–2023 रू. 36,72,169/– रू. 16,95,503/– | 02.02.2023 |
| 2. | राजेश सिंह, राकेश सिंह, 177, तृतीय तल, ब्लॉक बी–2, सफदरजंग एन्क्लेव, साउथ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली, दिल्ली–110029. खाता संख्या :– LBDEL00004983795, LBDEL00004983816 | सम्पत्ति सं. 117, ब्लॉक–बी–2, द्वितीय तल (सम्पूर्ण द्वितीय तल के ऊपर सम्पूर्ण टेरेस आकाश तक), सफदरजंग डेवलपमेंट रेजीडेंशियल स्कीम सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली, दिल्ली–110029 (उक्त प्लॉट के नीचे भूमि में 25 प्रतिशत अविभाजित, अविभाज्य एवं अवियोजनीय स्वामित्व अधिकार तथा सामान्य सुविधाओं एवं सुख–सुविधाओं में सभी अधिकारों के साथ) | 24–05–2023 रू. 1,81,02,889/– रू. 7,89,014/– | 01.03.2023 |
| 3. | शुबीर वाल्टर अब्राहम, शुमीर ओलिवर अब्राहम, एडना अब्राहम, फ्लैट नंबर 1136, सेक्टर–डी, पाकेट 1, वसंत कुंज, नई दिल्ली, दिल्ली, दिल्ली–110070. खाता संख्या :– LBDEL00005394144, LBDEL00005394146 | डीडीए फ्लैट नंबर 1136, तृतीय तल, पाकेट 1, सेक्टर–डी, एसएफएस कैटेगिरी–II, स्कूटर गैराज सहित, वसंत कुंज, नई दिल्ली, दिल्ली–110070. | 24–05–2023 रू. 1,31,08,804/– रू. 10,09,832/– | 06.03.2023 |
| 4. | अनीता शौकीन, आकाश शौकीन, बी 1, प्लॉट नंबर 9, शमन विहार सीजीएचएस, सेक्टर–23, द्वारका, साउथ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली–110075. खाता संख्या :– LBDEL00005164135, LBDEL00005331625 | फ्लैट नंबर बी 1, भू तल, शमन विहार सीजीएचएस लिमिटेड, प्लॉट नंबर 9, सेक्टर–23, द्वारका, फेज–1, दिल्ली–110078 (भूमि में यथानुपात अविभाजित, लीजहोल्ड स्वामित्व तथा सोसायटी की सामान्य सुविधाओं एवं सुख–सुविधाओं के उपयोग के सभी अधिकारों के साथ) | 24–05–2023 रू. 97,10,342/– रू. 22,60,069/– | 04.03.2023 |
| 5. | अशोक कुमार सिंह, सीमा अशोक सिंह, मकान नंबर 35 बीएसएफ ब्लॉक बी, सेक्टर–52, गुरूग्राम आरडी सिटी, गुरूग्राम, गुरूग्राम–122003 खाता संख्या :– LBDEL00004045102, LBDEL00004045108, LBDEL00004045101, LBDEL00005335544 | फ्लैट नंबर बी 35, द्वितीय तल, ब्लॉक बी, ग्राम वजीराबाद, बिंदापुर, प्लैटीनम डीलक्स फ्लोर, आरडी सिटी, सेक्टर–52, गुरूग्राम, हरियाणा | 29–05–2023 रू. 23,15,038/– रू. 25,09,708/– रू. 71,70,870/– रू. 17,24,973/– | 11.01.2021 |
| 6. | सरिता जैन, सतीश कुमार जैन, 377, गोल्डन जुबली फ्लैट्स एसएफएस, सेक्टर–11, रोहिणी, दिल्ली–110085. खाता संख्या :– LBDEL00002419810, LBDEL00005311963 | फ्लैट नंबर 377, भू तल, कैटेगिरी –II, पाकेट–10, सेक्टर–11 एक्सटेंशन, रोहिणी, दिल्ली–110085. | 29–05–2023 रू. 50,47,405/– रू. 7,77,056/– | 06.03.2023 |
| 7. | हरि कृष्ण, 222–ए न्याय खंड–2, इंदिरापुरम 222 आईई साहिबाब यूपी गाजियाबाद–201010 खाता संख्या :– LBGHZ00005671331, LBGHZ 00005822693 | मकान नंबर ए.ई. 012, भू तल एवं प्रथम तल, अवंतिका कालोनी, ग्राम मेहरौली रजापुर तथा हरसांव, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद–201002 | 30–05–2023 रू. 79,72,910/– रू. 1,29,668/– | 03.09.2022 |
| 8. | राहुल गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता, ई 28 बीटा 1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, नोएडा–201310 खाता संख्या :– LBGHZ00004308675, LBGHZ 00005389938 | यूनिट नंबर 30 (दुकान), भू तल, कावेरी सिटी सेंटर, स्थित प्लॉट नंबर सी 06, सेक्टर–डेल्टा–1, यूपी ग्रेटर नोएडा–201307 | 30–05–2023 रू. 35,78,069/– रू. 6,57,493/– | 04.07.2022 |
| 9. | भरत लाल मीणा, केसांति देवी, मुकेश कुमार मीणा, अजय कुमार मीणा, राम स्वरूप मीणा, राजौर, बालघाट, करौली, राजस्थान, करौली–322238 खाता संख्या :– LBGNC00005499372, LBGUR00006423825, LBGNC00006299579 | प्लॉट नंबर (पट्टा नंबर 2713), स्थित ग्राम पंचायत मंडारी, खसरा नंबर 53, अंदरूनी पंचायत समिति, तहसील तोड़ाभीम, गंगापुर सिटी, करौली, राजस्थान–322201 | 31–05–2023 रू. 29,90,804/– रू. 11,36,355/– रू. 11,29,319/– | 13.03.2023 |
| 10. | सुजल खंडेलवाल, मीनाक्षी गुप्ता, जीएफ–1, थर्ड ए 200/17, रचना सेक्टर–3, वैशाली, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 खाता संख्या :– LBNOD00004375098, LBNOD00004375102 | प्लॉट नंबर 179, भू तल (छत के अधिकार नहीं) स्थित प्लॉट नंबर 179, सेक्टर–2, आदित्य वर्ल्ड सिटी, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद–201001 | 24–05–2023 रू. 32,41,077/– रू. 5,37,215/– | 06.03.2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।
तिथि : 04 जुलाई, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 4 जुलाई, 2023



# 51 साल बाद महाराष्ट्र विधान सभा में बना इतिहास

● विभिन्न दलों के 200 से अधिक विधायक सरकार के समर्थन में



भाषा। मुंबई

**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार के महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद 51 वर्षों में पहली बार एक विशिष्ट परिदृश्य बन रहा है जब सरकार का समर्थन करने वाले विभिन्न दलों से विधायकों की संख्या 200 से अधिक हो गई है। राज्य विधानसभा के एक पूर्व अधिकारी ने सोमवार को इस आंकड़े को साझा करते हुए बताया कि पिछली बार 1972 में 200 से अधिक विधायक राज्य सरकार का हिस्सा थे लेकिन उस वक्त सभी 222 विधायक कांग्रेस से थे। उन्होंने कहा कि उस वक्त सदन में सदस्यों की संख्या 270 थी। अजित पवार का समर्थन करने वाले विधायकों की वास्तविक संख्या अभी ज्ञात नहीं है। पवार ने रविवार को राज्य के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। हालांकि, अजित पवार के विश्वासपात्र एवं विधान पार्षद (एमएलसी) अमोल मिटकरी ने 36 (53 में से) विधायकों के समर्थन का दावा किया है। मिटकरी ने दावा किया, अजित पवार को और अधिक विधायक समर्थन दे रहे हैं। हम अब भी राकांपा का हिस्सा हैं। हमने दल-बदल नहीं किया है। अगर 36 विधायकों के समर्थन के बारे में मिटकरी के दावे को सही माना जाए, तो राज्य सरकार को समर्थन देने वाले शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सहित विधायकों की कुल संख्या 181 हो जाती है। राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 105 विधायक हैं और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 40 विधायक हैं। शिंदे-देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार को बहुजन विकास आघाड़ी के तीन विधायकों, प्रहार जनशक्ति पार्टी के दो, 13 निर्दलीय विधायकों और राष्ट्रीय समाज पार्टी तथा जन सुराज्य शक्ति पार्टी के एक-एक विधायक का भी समर्थन प्राप्त है। इस तरह, सरकार का समर्थन करने वाले विधायकों की संख्या कुल 201 है। महाराष्ट्र विधान भवन के पूर्व प्रमुख सचिव अनंत कलसे ने कहा, 1990 के बाद से कोई भी राजनीतिक दल 288 सदस्यीय विधानसभा में 145 सीट (बहुमत का आंकड़ा) जीतने में कामयाब नहीं हुआ है। 1972 में कांग्रेस ने तब 222 सीट जीती थीं।

## राकांपा को तोड़ने की भाजपा की मंशा से वाकिफ थे पार्टी नेता, अजित पवार के कदम से नहीं : रोहित पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार के पोते एवं विधायक रोहित पवार ने सोमवार को दावा किया कि राकांपा के वरिष्ठ नेताओं को पार्टी को तोड़ने की भाजपा की मंशा का अंदाजा था, लेकिन उन्हें अजित पवार के इस तरह सत्तारूढ़ गठबंधन से हाथ मिलाने के कदम की कोई जानकारी नही थी। महाराष्ट्र के पुणे मे पत्रकारों से बातचीत में रोहित ने कहा कि वह पूरी तरह से राकांपा प्रमुख शरद पवार के साथ है। राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने रविवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार मे उपमुख्यमंत्री पद की, जबकि पार्टी के आठ अन्य नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली थी। इसे राकांपा प्रमुख शरद पवार के लिए एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है, जिन्होंने 24 साल पहले पार्टी की स्थापना की थी। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए शरद पवार के बड़े भाई अप्पासाहेब पवार के पोते रोहित पवार ने कहा, हमें अजित पवार के भाजपा से हाथ मिलने की कोई भनक तक नही थी, लेकिन इस बात का अंदाजा जरूर था कि भाजपा, राकांपा को तोड़ने पर उतारू है। उन्होंने कहा, हालांकि, इन सब चीजों को देखते हुए, मै सोचता हूं कि क्या मेरे जैसे लोगों ने राजनीति मे कदम रखकर गलती कर दी। अजित पवार के कदम के बारे मे पूछे जाने पर रोहित ने कहा कि वह उनके प्रति भावनात्मक लगाव रखते है, क्योकि वह उनके चाचा है। उन्होंने कहा, अजित पवार ने व्यक्तिगत स्तर पर भी मेरी मदद की है। हालांकि, राजनीतिक रूप से हम पार्टी प्रमुख शरद पवार के साथ है। रोहित ने यह भी कहा कि शक्ति परीक्षण की बारी आएगी तो शरद पवार को जनता के नेता के रूप मे ज्यादा स्वीकार्यता हासिल होगी। अजित पवार सहित नौ राकांपा नेताओं के शिंदे नीत सरकार मे शामिल होने के घटनाक्रम और भविष्य की रणनीति पर चर्चा के लिए शरद पवार ने पांच जुलाई को मुंबई मे एक बैठक बुलाई है। रोहित पवार ने कहा, राज्य का संघर्ष और दृढ़ता से उसका सामना करने का इतिहास रहा है। हम ऐसा करना जारी रखेंगे। बाद मे सतारा मे संवाददाताओं से बातचीत मे रोहित ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार मे शामिल होने वाले राकांपा विधायक पहले मुख्यमंत्री शिंदे की आलोचना करते नही थकते थे।

# सरकार 4.5 लाख करोड़ के निवेश से नई एक्सप्रेसवे परियोजनाओं का कर रही है निर्माण: गडकरी

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय सड़क** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार 4.5 लाख करोड़ रुपए के निवेश से कुल 10,000 किलोमीटर की नए एक्सप्रेसवे परियोजनाओं का निर्माण कर रही है। गडकरी ने कहा कि इन सड़कों का निर्माण भारतमाला परियोजना के तहत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्तपोषण के विभिन्न साधनों के जरिए 70,000 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इस राशि का उपयोग राजमार्ग परियोजनाओं के लिए किया जाएगा। गडकरी ने भारतीय प्रबंध संस्थान-कोझिकोड (आईआईएम कोझिकोड) के बुनियादी ढांचा वित्तपोषण को लेकर प्रबंधन विकास कार्यक्रम पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, सरकार ने देशभर में 65,000 किलोमीटर राजमार्ग विकास को लेकर भारतमाला परियोजना की परिकल्पना की है। पहले चरण में सड़क नेटवर्क 34,800 किलोमीटर है... हम 4.5 लाख करोड़ रुपए की लागत से 10,000 किलोमीटर के नए एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि देश में कुल राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क 2014 में 91,000 किलोमीटर था जो अब बढ़कर 1.45 लाख किलोमीटर हो गया है। गडकरी ने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचा पाइपलाइन और पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के जरिए अर्थव्यवस्था को गति दे रही है। इन कार्यक्रमों से देश में एकीकृत और समग्र विकास सुनिश्चित होगा। साथ ही लागत और समय की बचत होगी क्योंकि ए बुनियादी ढांचा परियोजनाएं दूरदराज के क्षेत्रों को जोड़ेंगी।

## क्विक न्यूज

### इसरो ने सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का परीक्षण बीच में ही समाप्त किया

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने टरबाइन दबाव में अप्रत्याशित वृद्धि और उसके पश्चात टरबाइन की गति में कमी के बाद सेमी-क्रायोजेनिक इंजन के इंटरमीडिएट कॉन्फिग्रेशन पर पहला हॉट टेस्ट बीच मे ही समाप्त कर दिया। सेमी-क्रायोजेनिक इंजन के इंटरमीडिएट कॉन्फिग्रेशन को पॉवर हेड टेस्ट पार्टिकल (पीएचटीए) भी कहा जाता है।अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो नोदन परिसर (आईपीआरसी) में भविष्य के प्रक्षेपण यानों के बूस्टर चरणों को शक्ति प्रदान करने के लिए 2,000 केएन (किलोन्यूटन) थ्रस्ट सेमी-क्रायोजेनिक इंजन विकसित करने के वास्ते एक जुलाई को परीक्षण कवायद की गई थी। इसरो के मुताबिक, परीक्षण का उद्देश्य 4.5 सेकंड की लघु अवधि के लिए हॉट-फायरिंग के जरिए गैस जनरेटर, टर्बो पंप, प्री-बर्नर और नियंत्रण घटकों जैसी महत्वपूर्ण उप प्रणालियों के एकीकृत प्रदर्शन का आकलन करना था। इसने कहा कि ईंधन और ऑक्सीडाइज़र पंपों के परिचालन से संबंधित मुख्य टरबाइन को चलाने वाले प्री-बर्नर कक्ष के भीतर गर्म गैस के प्रज्वलन और उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किया गया। बयान में कहा गया, परीक्षण 1.9 सेकंड तक उम्मीद के अनुरूप चला, जिसमें प्रज्वलन और उसके बाद के पीएचटीए (पॉवर हेड टेस्ट आर्टिकल) का प्रदर्शन सफल रहा, लेकिन 2.0 सेकंड पर, टर्बाइन दबाव में अप्रत्याशित वृद्धि और इसके बाद टर्बाइन-गति में कमी दिखी। एहतियाती कदम के तौर पर परीक्षण समाप्त कर दिया गया। इसका विश्लेषण दीर्घावधि के लिए आगे के हॉट टेस्ट से पहले और अधिक समझ प्रदान करने में मदद करेगा।

### वाइस एडमिरल अतुल आनंद सैन्य मामलों के विभाग में अपर सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल अतुल आनंद ने सोमवार को सैन्य मामलों के विभाग में अपर सचिव पद का कार्यभार संभला। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि पूर्व में इस पद पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी पदस्थ थे, जो 28 फरवरी 2023 को सेवानिवृत्त हो गए थे। बयान के मुताबिक, वाइस एडमिरल आनंद को एक जनवरी 1988 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी इकाई मे कमीशन मिला। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (71वां कोर्स, डेल्टा स्क्वॉड्रन), बांग्लादेश के मीरपुर स्थित डिफेंस सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज और दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय से पढ़ाई कर चुके हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वाइस एडमिरल आनंद अति विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किए जा चुके हुए है। वह अपने सेवाकाल के दौरान टॉरपीडो रिक्वरी पोत आईएनटीआरवी ए72, मिसाइल नौका आईएनएस चेतक, लड़ाकू पोत आईएनएस खुखरी और मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मुंबई की कमान संभालने के साथ ही सहित कई अहम जिम्मेदारी निभा चुके है।

### कांग्रेस ने स्कूल शिक्षक भर्ती में अधिवास नीति को वापस लेने के बिहार सरकार के फैसले का समर्थन किया

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस ने राज्य मे स्कूलों मे शिक्षकों की नई भर्ती के लिए अधिवास नीति को वापस लेने के बिहार सरकार के फैसले का समर्थन किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार ने 27 जून को घोषणा की थी कि शिक्षकों की भर्ती के लिए अधिवास नीति नही अपनाई जाएगी। इसका विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ-साथ महागठबंधन सरकार का बाहर से समर्थन कर रहे वाम दलो ने भी विरोध किया है। बिहार विधानसभा मे कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने पीटीआई-भाषा से बातचीत के दौरान कहा, राज्य सरकार ने उचित विचार-विमर्श के बाद शिक्षकों की नई भर्ती के लिए प्रदेश का निवासी होने की अनिवार्यता को वापस लेने का निर्णय लिया होगा। यह एक जटिल मुद्दा है और इसे समग्रता मे समझा जाना चाहिए। कांग्रेस प्रदेश की महागठबंधन सरकार का हिस्सा है और नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल मे उसके दो मंत्री है। राज्य सरकार के फैसले को सही ठहराते हुए खान ने कहा, डोमिसाइल की शर्त को वापस लेने के सरकार के फैसले मे कुछ भी गलत नही है। यदि हम राज्य मे स्कूल शिक्षकों की नई भर्ती के लिए डोमिसाइल की शर्त को वापस नही लेते है, तो हमारे पास अन्य राज्यों मे नौकरी चाहने वाले बिहार के उम्मीदवारो पर हमलो की निंदा करने का कोई नैतिक अधिकार नही होगा। यदि हम सभी भारत के नागरिक है तो डोमिसाइल का प्रश्न कहां से आता है। उन्होने कहा, राज्य सरकार ने अच्छा निर्णय लिया है। हमे इसकी सराहना करनी चाहिए। हालांकि कांग्रेस नेता ने राज्य सरकार को नौकरी इच्छुक उम्मीदवारो से वार्ता करने और उनकी शंका दूर करने की सलाह देते हुए कहा, सरकार को नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारो के साथ बातचीत करनी चाहिए जो इस फैसले का विरोध कर रहे है और नए नियम से संबंधित उनकी आशंकाओं को स्पष्ट करना चाहिए। अन्य राज्यो के निवासियो को शिक्षक की नौकरी के लिए आवेदन करने की अनुमति देने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ शनिवार को सैकड़ों युवा बिहार की राजधानी मे सड़को पर उतर आए थे जिसके बाद पुलिस ने कार्वाई की।

# उच्चतम न्यायालय कक्ष हुआ कागज रहित

प्रधान न्यायाधीश ने न्यायालय में निःशुल्क वाईफाई सुविधा की घोषणा की



भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** के पहले पांच अदालत कक्ष अब वाई-फाई से लैस हो गए हैं। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को देश की शीर्ष अदालत में डिजिटलीकरण की दिशा में इस अहम कदम की घोषणा की।न्यायालय ने सभी वकीलों, वादियों और मीडियाकर्मियों के साथ परिसर में आने वाले अन्य लोगों के लिए निशुल्क वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराई है। यह कदम ई-पहल के तहत उठाया गया है और एससीआई वाईफाई पर लॉगइन कर इस सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। सीजेआई ने नवीनीकृत अदालत कक्ष में दिन की कार्यवाही की शुरुआत में कहा, हमने पहले से पांचवें अदालत कक्ष को वाईफाई से लैस कर दिया है। बार के कमरे वाईफाई से लैस हैं। अदालत के सभी कक्ष ऐसे ही होंगे, कोई किताब और कागजात नहीं होंगे - इसका यह मतलब नहीं है कि हमें किताबों और कागजात की जरूरत नहीं पड़ेगी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, कृपया मुझे फीडबैक दीजिए कि क्या सब कुछ अच्छी तरह काम कर रहा है। शीर्ष अदालत ने छह सप्ताह के ग्रीष्मावकाश के बाद सोमवार को फिर से काम शुरू किया। उच्चतम न्यायालय के एक अधिकारी ने बताया कि वाई-फाई की सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए उपयोगकर्ताओं को अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा, जिस पर उन्हें वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) आएगा और वे इस ओटीपी को सत्यापन के लिए इस्तेमाल करेंगे। न्यायालय ने एक परिपत्र में कहा, भारत के उच्चतम न्यायालय में ई-पहल के तहत वकीलों, वादियों, मीडियाकर्मियों और शीर्ष अदालत आने वाले अन्य लोगों के लिए निःशुल्क वाईफाई की सुविधा उपलब्ध है। परिपत्र में कहा गया है, फिलहाल यह सुविधा प्रधान न्यायाधीश की अदालत, गलियारों और प्लाजा तथा प्रेस लाउंज समेत अदालत संख्या दो से पांच में उपलब्ध होगी। बाद में शीर्ष अदालत ने एक बयान में कहा कि उसने न्याय प्रदान करने की प्रणाली में प्रौद्योगिकी के अधिक से अधिक इस्तेमाल के लिए हरित पहल के तहत इस भविष्योन्मुखी उन्नयन की शुरुआत की है। बयान में कहा गया है, न्याय प्रणाली में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बढ़ाने के माननीय प्रधान न्यायाधीश डॉ. धनंजय वाई. चंद्रचूड़ के प्रगतिशील दृष्टिकोण के तहत उच्चतम न्यायालय में अदालत संख्या एक से तीन में कई भविष्योन्मुखी उन्नयन किए गए हैं। अदालत कक्ष में जो सुविधाएं बढ़ाई गई हैं उनमें प्रभावी संचार एवं सहयोग के लिए अत्याधुनिक डिजिटल वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) सिस्टम लगाए गए हैं।

## पवन हंस की रणनीतिक बिक्री की प्रक्रिया तीसरी बार निरस्त

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने हेलिकॉप्टर सेवा प्रदाता पवन हंस के रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया सफल बोली लगाने वाले गठजोड़ में शामिल एक कंपनी के अयोग्य घोषित होने की वजह से सोमवार को निरस्त कर दी। यह तीसरा मौका है जब पवन हंस की रणनीतिक बिक्री की सरकार की कोशिश सफल नहीं हो पाई है। पवन हंस सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी का एक संयुक्त उद्यम है। इसमें सरकार के पास 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि बाकी हिस्सा ओएनजीसी के पास है। सरकार ने पवन हंस में अपनी हिस्सेदारी के अलावा ओएनजीसी का हिस्सा भी बेचने के लिए दिसंबर, 2020 में रुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए थे।

## अदालत ने 2000 के नोट वापस लेने के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज की

भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दो हजार रुपए के नोट को चलन से वापस लेने के फैसले को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायाधीश सुब्रमण्यम प्रसाद ने याचिका खारिज कर दी। इससे पहले, याचिका पर 30 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया गया था।याचिकाकर्ता रजनीश भास्कर गुप्ता ने दलील दी थी कि आरबीआई के पास दो हजार रुपए के नोट को चलन से वापस लेने की कोई शक्ति नहीं है और इस संदर्भ में केवल केंद्र सरकार ही फैसला कर सकती है। उन्होंने अपनी याचिका में कहा था कि आरबीआई के पास किसी भी मूल्य के बैंक नोट को बंद करने का निर्देश देने की कोई स्वतंत्र शक्ति नहीं है। यह शक्ति केवल वर्ष 1934 के आरबीआई अधिनियम की धारा 24 (2) के तहत केंद्र सरकार के पास निहित है।याचिका का आरबीआई ने यह कहते हुए विरोध किया था कि दो हजार रुपए के नोट को चलन से वापस लेना मुद्रा प्रबंधन अभियान का हिस्सा है और यह आर्थिक योजना से जुड़ा मामला है।आरबीआई ने 19 मई को दो हजार रुपए के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी और कहा था कि मौजूदा नोट को 30 सितंबर तक बैंक खातों में जमा किया जा सकता है या बदला जा सकता है।

# चरमपंथी, अतिवादी खालिस्तानी विचारधारा भारत या सहयोगी देशों के लिए ठीक नहीं है : जयशंकर



भाषा। नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि चरमपंथी, अतिवादी खालिस्तानी सोच भारत या अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे सहयोगी देशों के लिए ठीक नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के जनसम्पर्क अभियान कार्यक्रम से इतर जयशंकर ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार कनाडा में हाल में एक रैली के दौरान खालिस्तान समर्थक पोस्टर प्रदर्शित किए जाने का मुद्दा उस देश की सरकार के समक्ष उठाएगी। विदेश मंत्री ने कहा, हमने कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसे हमारे सहयोगी देशों, जहां खालिस्तानी गतिविधियां हुई हैं, उनसे आग्रह किया है कि वे खालिस्तानियों को तवज्जो नहीं दें, क्योंकि उनकी (खालिस्तानियों की) चरमपंथी, अतिवादी सोच न तो हमारे लिए, न ही उनके लिए और न ही उनसे (उन देशों से) हमारे संबंधों के लिए ठीक है। उन्होंने कहा, हम पोस्टर के मुद्दे को वहां की (कनाडा की) सरकार के साथ उठाएंगे। मेरा मानना है कि अब तक ऐसा (कनाडा की सरकार के समक्ष मुद्दे को उठाने का काम) पहले ही किया जा चुका होगा।

# माकपा केरल में यूसीसी को हिंदू-मुस्लिम मुद्दे के रूप में बदलने की कोशिश कर रही : कांग्रेस

भाषा। कन्नूर

**समान** नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में केरल की सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) द्वारा कांग्रेस के प्रमुख सहयोगी आईयूएमएल को दिए जाने वाले प्रस्ताव से परेशान कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि वामपंथी दल राजनीतिक लाभ के लिए यूसीसी को हिंदू-मुस्लिम मुद्दे के रूप में बदलने की कोशिश कर रहा है। यूसीसी पर चर्चा के लिए माकपा के राज्य सचिव एम.वी. गोविंदन के इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) समेत अन्य मुस्लिम संगठनों के पास पहुंचने के एक दिन बाद कांग्रेस ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कांग्रेस ने दावा किया कि वामपंथी दल ठीक उसी रास्ते पर चल रहा है जिस पर भाजपा चल रही है जो यूसीसी पर अमल का दबाव बनाकर कथित तौर पर लोगों को बांटने और सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न करने की कोशिश कर रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा क उनकी पार्टी वर्ष 2018 में विधि आयोग के उस निष्कर्ष से सहमत है कि यूसीसी अनावश्यक और अवांछनीय है। उन्होंने, हालांकि, हमारे राज्य (केरल) में कुछ लोग इसे हिंदू बनाम मुस्लिम मुद्दा के रूप में बदलने की कोशिश कर रहे हैं और माकपा इस तरह के प्रयासों में अव्वल रही है। वे इसे हिंदू-मुस्लिम मुद्दा करार दे रहे हैं। यह कोई ऐसी चीज नहीं है जो केवल एक विशेष धर्म को प्रभावित करेगी, यह पूरे देश को प्रभावित करेगी। राज्यसभा सदस्य वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस आगामी संसद सत्र में यूसीसी पर अपना रुख स्पष्ट करेगी। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी. डी. सतीशन ने कहा, भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए इसे हिंदू-मुस्लिम मुद्दे के रूप में बदलकर सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न करना चाहती है और माकपा भी केरल में ठीक उसी की राह पर चल रही है। माकपा की ओर से यूसीसी के विरोध में प्रदर्शन के आह्वान के जवाब में सतीशन ने आगाह किया है। सतीशन ने कहा कि वाम दल ने अभी तक राज्य में सीएए विरोधी प्रदर्शनों में भाग लेने वालों के खिलाफ दर्ज कथित झूठे मामलों को वापस नहीं लिया है। सतीशन ने कहा कि कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाले विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने विधानसभा में कई मौकों पर मांग की थी कि सीएए प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामले वापस लिए जाएं और सरकार ने आश्वासन दिया था कि वह ऐसा करेगी। उन्होंने कहा, आज तक एक भी मामला वापस नहीं लिया गया है और इसमें शामिल लोग अदालतों के चक्कर लगा रहे हैं। इसलिए मैं माकपा से अनुरोध करूंगा कि यूसीसी के खिलाफ कोई भी प्रदर्शन या आंदोलन शुरू करने से पहले उन मामलों को वापस लिया जाए।

## ईडी के समक्ष पेश हुए अनिल अंबानी

**मुंबई।** रिलायंस एडीए समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन से जुड़ी जांच के सिलसिले में सोमवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए और अपना बयान दर्ज कराया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि अंबानी (64) ने दक्षिण मुंबई स्थित संघीय एजेंसी के कार्यालय मे अपना बयान दर्ज कराया। सूत्रों ने बताया कि फेमा की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक नए मामले मे अंबानी का बयान दर्ज किया गया है। अनिल अंबानी एस बैंक के प्रवर्तक राणा कपूर और अन्य के खिलाफ धनशोधन मामले मे 2020 में ईडी के समक्ष पेश हुए थे। पिछले साल अगस्त में, आयकर विभाग ने स्विस बैंक के दो खातो मे रखे गए 814 करोड़ रुपए से अधिक अघोषित धन पर 420 करोड़ रुपए की कर चोरी करने को लेकर काला धन रोधी कानून के तहत अंबानी को एक नोटिस जारी किया था। बंबई उच्च न्यायालय ने मार्च में, आयकर विभाग के इस कारण बताओ नोटिस पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था।

## दो हजार के 76% नोट बैंकों में वापस आए

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि चलन में मौजूद 2,000 रुपए के नोट वापस लेने के निर्णय के बाद से 76 प्रतिशत नोट यानी 2.72 लाख करोड़ रुपए के नोट बैंकों में वापस आ गए है। इनमें से ज्यादातर नोट लोगो ने अपने बैंक खाते मे जमा कराए है। केंद्रीय बैंक ने 19 मई, 2023 को अचानक से 2,000 रुपए के नोट को वापस लेने का निर्णय किया था। लोगो से बैंक जाकर 30 सितंबर तक 2,000 रुपए के नोट अपने खातो मे जमा करने या दूसरे मूल्य के नोट से बदलने को कहा गया है। रिजर्व बैंक के अनुसार, मूल्य के हिसाब से मार्च, 2023 मे कुल 3.62 लाख करोड़ रुपए के नोट 2,000 रुपए के थे। यह 19 मई, 2023 को कारोबारी समय खत्म होने के बाद घटकर 3.56 लाख करोड़ रुपए रह गया था। रिजर्व बैंक ने बयान मे कहा, बैंको से प्राप्त आंकड़ो के अनुसार, 19 मई को 2,000 रुपए के नोट चलन से हटाने के निर्णय के बाद से 30 जून, 2023 तक 76 प्रतिशत यानी 2.72 लाख करोड़ रुपए के नोट वापस आ गए है। बयान के अनुसार, इसके परिणामस्वरूप 30 जून को कारोबारी समय समाप्त होने के बाद चलन मे 84 हजार करोड़ रुपए के 2,000 के नोट रह गए थे। विभिन्न बैंको से प्राप्त आंकड़ो के अनुसार 2,000 रुपए के जो नोट वापस आए है, उसमे से करीब 87 प्रतिशत लोगो ने अपने बैंक खातों मे जमा किए है, जबकि 13 प्रतिशत अन्य मूल्य के नोट से बदले गए है।

# फुरफुरा शरीफ : क्या है बंगाल में अल्पसंख्यक वोट का समीकरण

भाषा। फुरफुरा शरीफ (प. बंगाल)

**पश्चिम** बंगाल के हावड़ा और हुगली जिलों के विशाल खेतों की हरियाली को पीछे छोड़ते राज्य राजमार्ग पर वाहन धूल उड़ाते हुए एक गांव से गुजरते हैं, तो यहां की पहचान फुरफुरा शरीफ के पीर की मजार पर नजर जरूर ठहरती है, जिनके नाम पर इस गांव का नाम पड़ा है। करीब 7000 की आबादी वाला यह गांव फुरफुरा के पहले पीर मुहम्मद अबु बक्र सिद्दीकी की मजार के आसपास से ही बढ़ा है। फुरफुरा शरीफ को बहुत से लोग अजमेर की दरगाह शरीफ के बाद दूसरा सबसे पवित्र सूफी तीर्थस्थान मानते हैं। यह गांव अब इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) नामक पार्टी का केंद्र है। पार्टी की स्थापना पीर के वंशजों द्वारा दो साल पहले की गई थी। पश्चिम बंगाल में 2021 में हुए विधानसभा चुनावों में आईएसएफ को महज 1.35 प्रतिशत वोट और एक सीट हासिल हुई थी, लेकिन इसके बावजूद इसे राज्य के 27 प्रतिशत मुस्लिम मतों में हिस्सेदारी के लिए मुख्यधारा की तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस, माकपा और भाजपा के लिए खतरे के रूप में देखा जाता है, क्योंकि गरीब बंगाली मुस्लिम किसानों के बीच फुरफुरा शरीफ दरगाह की लोकप्रियता है। आईएसएफ के एक मात्र विधायक और फुरफुरा शरीफ मजार के पीरजादा नौशाद सिद्दीकी (30) ने हा, हम चक्रवातों के दौरान गांवों में एनजीओ का काम करते थे... लेकिन हमें एहसास हुआ कि अकेले धर्मार्थ कार्य से लोगों की मदद नहीं होगी। परिवर्तन लाने में सक्षम होने के लिए हमें सत्ता में आना होगा। पश्चिम बंगाल में अगले शनिवार को होने वाले पंचायत चुनावों की तैयारियों में जुटे सिद्दीकी आईएसएफ के धर्म निरपेक्ष होने और ग्रामीण बंगाल में सभी कमजोर वर्गों के लिए काम करने का दावा करते हैं, लेकिन इसके अधिकांश नेता और पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बंगाली मुसलमान हैं। नौशाद के बड़े भाई अब्बास सिद्दीकी ने 2021 में पार्टी की स्थापना की थी और विधानसभा चुनाव से पहले वाम दलों के साथ सीट साझा करने का समझौता करने में कामयाब रहे, जो बाद टूट गया। राजनीतिक विश्लेषक और विचारक संस्था कलकत्ता रिसर्च ग्रुप के सलाहकार रजत रॉय ने बताया, 2021 का चुनाव एक द्विआधारी (बाइनरी) चुनाव बन गया... भाजपा के बढ़ते प्रभाव से सावधान मुसलमानों ने सबसे मजबूत पार्टी- टीएमसी को वोट देने का फैसला किया। इस प्रक्रिया में रैलियों में भारी संख्या में लोगों को आकर्षित कर रहे आईएसएफ का उदय रुक गया और औद्योगिक तथा उत्तरी बंगाल में क्रमशः वामपंथियों और कांग्रेस का उनके पारंपरिक गढ़ में सफाया हो गया।

# महिलाओं की सफलता भारत में हो रहे बदलाव की झलक

● सिविल सेवा परीक्षा में लड़कियों के प्रदर्शन पर बोली राष्ट्रपति मुर्मू



कर्नाटक पहुंचने पर राष्ट्रपति का स्वागत करते सीएम सिद्धारमैया

भाषा। बेंगलुरु

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई तरक्की भारत में हो रहे बदलाव की झलक पेश करती है।

इस साल सिविल सेवा परीक्षा में महिलाओं के शीर्ष चार स्थान हासिल करने का खासतौर पर जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि समान अवसर दिए जाने पर बेटियां लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। कर्नाटक के चिक्काबल्लापुरा जिले के मुद्देनाहल्ली में श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सीलेंस के दूसरे दीक्षांत समारोह में मुर्मू ने कहा, मैं बेहद खुश हूं कि इस साल की सिविल सेवा परीक्षा में हमारी बेटियों ने शीर्ष चार स्थान हासिल किए। यह दर्शाता है कि जब भी समान अवसर दिए जाते हैं, हमारी बेटियां लड़कों से बेहतर प्रदर्शन करती हैं। उन्होंने कहा, यह भारत में हो रहे बदलाव और हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य की झलक है। राष्ट्रपति ने एक प्रसिद्ध हिंदी फिल्म का संवाद बोलते हुए कहा, यह तो ट्रेलर है। पिक्चर अभी बाकी है। उनकी इस टिप्पणी पर पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मुर्मू ने इस बात को रेखांकित किया कि एसएसएसयूएचई में छात्रों की कुल संख्या में लड़कियों की हिस्सेदारी 66 फीसदी है और संस्थान के 17 स्वर्ण पदक विजेताओं में 11 लड़कियां शामिल हैं। उन्होंने याद किया कि पहले झारखंड की राज्यपाल के तौर पर और अब राष्ट्रपति के रूप में वह कई दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं, जिस दौरान उन्होंने देखा कि महिलाएं विश्वविद्यालयों में बेहद शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। एसएसएसयूएचई की तारीफ करते हुए मुर्मू ने कहा कि इस निजी विश्वविद्यालय के 50 फीसदी छात्र उन्हीं (मुर्मू) की तरह डिग्री स्तर की शिक्षा हासिल करने वाले अपने परिवार के पहले सदस्य हैं।

# सैफ फुटबॉल : भारत की नजरें नौवें खिताब पर

## ● कुवैत के खिलाफ आज फाइनल मुकाबला

**भाषा।** बेंगलुरू

**गत चैम्पियन** भारत सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के फाइनल में मंगलवार को कुवैत के खिलाफ उतरेगा तो उसकी नजरें अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखकर नौवां खिताब जीतने पर लगी होंगी। भारत ने सेमीफाइनल में लेबनान को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया जबकि कुवैत ने बांग्लादेश पर।- 0 से जीत दर्ज की। भारतीय टीम दूसरी बार कुवैत से खेलेगी। इससे पहले ग्रुप ए में दोनों का मैच।-। से ड्रॉ रहा था। भारत को अपने घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा लेकिन पिछले दो मैचों में काफी संघर्ष के बाद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाना भारत के लिए आसान नहीं होगा। टीम के



सहायक कोच महेश गवली ने हालांकि इन आशंकाओं को निर्मूल बताते हुए कहा , मैं इतना ही कहूंगा कि एक सप्ताह का ही समय हो तो आप कुछ नहीं कर सकते। एक महीना या अधिक मिलने पर ही आप फिटनेस पर और काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा , हमारे पास 50 दिन का समय था। हमारे दमखम और अनुकूलन कोच लुका रेडमैन ने शानदार काम किया है। हमने अपने खिलाड़ियों की फिटनेस का स्तर बेहतर करने की कोशिश की है। फाइनल में भारत के अनुभवी डिफेंडर संदेश झींगन की वापसी होगी। पाकिस्तान और कुवैत के खिलाफ पीले कार्ड मिलने के बाद वह लेबनान के खिलाफ सेमीफाइनल से बाहर थे। अनवर अली ने उनकी जगह खेला था। मुख्य कोच इगोर स्टिमक इस मैच से बाहर रहेंगे जिन पर फीफा की अनुशासन समिति ने दो मैच का प्रतिबंध लगाया है। स्टिमक को कुवैत के खिलाफ दूसरा लालकार्ड मिला था। उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ पहला लालकार्ड दिखाया गया था। भारत के लिए अच्छी बात कप्तान सुनील छेत्री का फॉर्म है जो लगातार तीन मैचों में गोल कर चुके हैं। सेमीफाइनल में वह गोल नहीं कर सके लेकिन पेनल्टी शूटआउट में गोल दागा था।

### झिंगन को कुवैत के खिलाफ जीत का भरोसा

**बेंगलुरू।** कुवैत की मजबूत टीम की अनदेखी किए बिना भारत के डिफेंडर संदेश झिगन ने सोमवार को कहा कि मेजबान टीम को मंगलवार को यहां सैफ फुटबॉल चैंपियन जीतने का भरोसा है। झिंगन ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, हमारा ध्यान अब कुवैत पर है, यह कड़ा मुकाबला होने वाला है। उनकी टीम काफी अच्छी है। उनके पास अनुभवी कोच है। हम इसे लेकर उत्सुक है। हमने एकसाथ अच्छा प्रदर्शन किया है और इस टीम के लिए कोई सीमा नही है। उनके पास तकनीकी रूप से मजबूत खिलाड़ी है और व्यक्तिगत रूप से भी वे काफी अच्छे है। उनकी फीफा रैंकिंग (141) के बारे में कहूं तो सभी को पता है कि वे वहां नही है जहां उन्हें होने चाहिए। अगर आप 10 सेकेंड भी ढिलाई दिखाओगे तो वे गोल कर देंगे। पाकिस्तान और कुवैत के खिलाफ ग्रुप मुकाबलो मे दो पीले कार्ड मिलने के कारण लेबनान के खिलाफ सेमीफाइनल से बाहर रहने के बाद झिगिन मैदान पर उतरने के लिए और इंतजार नही कर सकते। किसी भी अन्य फुटबॉलर की तरह मुझे मैदान पर नही उतर पाने (लेबनान के खिलाफ) की कमी खली। मै बड़े मुकाबलो से बाहर नही रहना चाहता। लेकिन टीम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया और मुझे नही लगता कि मेरी काफी कमी खली। मेहताब सिंह ने अच्छा किया और अनवर अली ने भी अच्छा किया। पूरी रक्षा पंक्ति ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस अनुभवी डिफेंडर ने अनवर की भी सराहना की जिन्होंने लेबनान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

## ओमान को हराकर नीदरलैंड ने विश्व कप क्वालीफिकेशन के लिए बरकरार रखी उम्मीदें

**भाषा।** हरारे

**नीदरलैंड** ने एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर के सुपर सिक्स चरण में ओमान को डकवर्थ लुईस पद्धति से 74 रन से शिकस्त देकर भारत में पांच अक्टूबर से खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए अपनी उम्मीदें बरकरार रखी है। नीदरलैंड ने बारिश से प्रभावित मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 48 ओवर में सात विकेट पर 362 रन बनाए। खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने के समय ओमान ने 44 ओवर में छह विकेट पर 246 रन बनाए थे। विश्व कप क्वालीफिकेशन की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके ओमान की टीम इस समय डकवर्थ पद्धति से लक्ष्य से 75 रन पीछे थी। सलामी बल्लेबाजी विक्रमजीत सिंह ने 109 गेंद में 11 चौके और दो छक्के की मदद से 110 रन बनाकर बड़े स्कोर की नींव रखी।

## बेयरस्टो स्टंपिंग विवाद पर मैकुलम की प्रतिक्रिया से ऑस्ट्रेलिया के कोच मैक्डोनल्ड निराश

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनल्ड को जॉनी बेयरस्टो की विवादास्पद स्टंपिंग को लेकर इंग्लैंड के कोच ब्रैंडन मैकुलम की टिप्पणियों से निराश हुई है। एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच के पांचवे दिन ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर 43 रन की रोमांचक जीत दर्ज कर श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। मैकुलम मे मैच के बाद बेयरस्टो की स्टंपिंग को लेकर हुए विवाद पर कहा कि इससे दोनों टीमों के संबंधों पर असर पड़ेगा। लंच से आधे घंटे पहले कैमरून ग्रीन बाउंसर पर झुक गए और दूसरे छोर पर कप्तान बेन स्टोक्स से मिलने के लिए क्रीज से बाहर आ गए। उन्हें लगा कि गेंद डेड हो गई है। विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने हालांकि गेंद विकेटों पर मार दी और ऑस्ट्रेलिया जश्न मनाने लगा। तीसरे अंपायर ने बेयरस्टो को आउट दिया गया। उन्होंने 10 रन बनाए। इसमें कोई संदेह नही कि नियमों के तहत बेयरस्टो आउट थे लेकिन मैकुलम और स्टोक्स का मानना है कि उनका आउट होना खेल भावना के तहत नही था। इस घटना के बाद स्टेडियम में मौजूद दर्शक ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए चीटर-चीटर (बेईमान) का नारा लगाने लगे तो वही लंच के समय पवेलियन जाने के रास्ते में मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के कुछ सदस्य लॉन्ग रूम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों के साथ बहस करने लगे।

### लियोन पिंडली की चोट के कारण एशेज से बाहर

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन दाएं पैर की पिडली की चोट के कारण सोमवार को बाकी बची एशेज श्रृंखला से बाहर हो गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए लगातार 100वां टेस्ट खेल रहे 36 साल के ऑफ स्पिनर लियोन को दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन क्षेत्ररक्षण के दौरान पिडली में चोट लगी थी। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट 43 रन से जीतकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। चोट के बाद लियोन तुरंत मैच से चले गए और उन्होंने इसके बाद गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण नही किया। वह हालांकि ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी मे बल्लेबाजी के लिए उतरे और अंतिम विकेट के लिए 15 रन की साझेदारी की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने किसी विकल्प की घोषणा नही की है और ऐसे में साथी ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी के तीसरे टेस्ट में उनकी जगह लेने की उम्मीद है। लियोन सुनिश्चित नही है कि वह रिहैबिलिटेशन के लिए ऑस्ट्रेलिया लौटेंगे या इग्लैंड मे ही रहेंगे। इस अनुभवी स्पिनर ने कहा कि वह मर्फी का मार्गदर्शन करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। यहां अंतिम सत्र के दौरान (चौथे दिन) मै टॉड के साथ बैठा और स्पिन गेंदबाजी के बारे में बात की जैसे हम करते है। मुझे टॉड पर काफी भरोसा है। वह शानदार खिलाड़ी है। वह सीखने के लिए तैयार रहता है। मैने उसे कहा है कि मै ड्रेसिंग रूम मे उसके साथ रहूं या बेड पर बैठकर टीवी देख रहा हूं, मै फोन पर हमेशा उपलब्ध रहूंगा।

### ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के साथ लॉन्ग रूम की घटना के बाद एमसीसी ने तीन सदस्यों को निलंबित किया

**लंदन।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने दूसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट के अंतिम दिन जॉनी बेयरस्टो की विवादास्पद स्टंपिंग के बाद लार्ड्स के लॉन्ग रूम में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ बहस के बाद तीन सदस्यों को निलंबित किया है। एमसीसी ने इससे पहले अपने कुछ सदस्यों के बर्ताव के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से बिना शर्त माफी मांगी थी जिन्होने रविवार को लंच के लिए ड्रेसिंग रूम मे जाने के दौरान मेहमान टीम के कई खिलाड़ियों को कथित तौर पर अपशब्द कहे थे। टेलीविजन फुटेज में दिखा कि सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और डेविड वार्नर की लॉन्ग रूम मे दर्शकों के साथ तीखी बहस हुई। स्टेडियम का यह हिस्सा एमसीसी सदस्यो और उनके मेहमानो के लिए आरक्षित होता है। ख्वाजा को सुरक्षाकर्मियों ने पीछे हटाया। वार्नर को भी कुछ सदस्यो पर टिप्पणी करते हुए देखा गया जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने मामले के शांत कराया। एमसीसी ने रविवार देर रात जारी बयान मे कहा, एमसीसी पुष्टि कर सकता है कि उसने आज की घटना को देखते हुए तीन सदस्यो की पहचान करके उन्हे निलंबित किया है। जांच चलने तक उन्हें लॉर्ड्स मे वापस आने की अनुमति नही दी जाएगी और एमसीसी के मुख्य कार्यकारी गाय लैवेंडर ने आज शाम इसकी जानकारी दी। लंच से आधे घंटे पहले बेयरस्टो के आउट होने के बाद यह घटना हुई। बेयरस्टो धीमी बाउंसर पर झुक गए और दूसरे छोर पर कप्तान बेन स्टोक्स से मिलने के लिए क्रीज से बाहर आ गए। उन्हें लगा कि गेंद डेड हो गई है। हालांकि विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने गेंद स्टंप्स पर मार दी और ऑस्ट्रेलिया जश्न मनाने लगा। रिव्यू के बाद बेयरस्टो को आउट दिया गया। उन्होंने 10 रन बनाए। इसमें कोई संदेह नही कि नियमों के तहत बेयरस्टो आउट थे लेकिन इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम और स्टोक्स का मानना है कि उनका आउट होना खेल भावना के तहत नही था।

### गुजरात के आर्यन ने एक और राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**हैदराबाद।** एशियाई खेलों की तैयारियो में लगे तैराक आर्यन नेहरा ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय तैराकी चैपियनशिप मे पुरुषो की 800 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता।आर्यन ने आठ मिनट 01.81 सेकेंड का समय लेकर इस साल दूसरी बार एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग मानक को हासिल किया।रविवार की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा की तरह आर्यन ने एक बार फिर राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक दिल्ली के कुशाग्र रावत को पीछे छोड़ा। रावत ने 8:09.25 के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि कर्नाटक के अनीश गौड़ा (8:16.92) तीसरे स्थान पर रहे। आर्यन ने अप्रैल में शिकागो में एक प्रतियोगिता में 800 मीटर फ्रीस्टाइल मे 8:03.15 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके एशियाई खेलो में अपनी जगह पक्की कर ली थी।

### सुनील ने बेंगलुरुएफसी के साथ करार को आगे बढ़ाया

बेंगलुरू। करिश्माई भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम बेंगलुरु एफसी के साथ अपने करार को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। मौजूदा समय में सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने की सूची में तीसरे स्थान पर काबिज छेत्री के पास इस करार को एक और साल के लिए बढ़ाने का विकल्प होगा। छेत्री ने शनिवार को सैफ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में लेबनान पर भारत की जीत के बाद यहां कांतिरावा स्टेडियम में एक बैनर का अनावरण किया, जिसमें उन्होंने उस क्लब में बने रहने के बारे में बताया था। छेत्री 2013 में इस क्लब के अस्तित्व में आने के बाद से इसके कप्तान है।

### भारत ने एशियाई खेलों के लिए 33 सदस्ईय नौकायन टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत ने 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलो के लिए सोमवार को 33 सदस्ईय नौकायन टीम की घोषणा की। टीम का चयन पुणे और हैदराबाद में आर्मी रोइंग नोड (एआरएन) में 27 जून से दो जुलाई के बीच चयन ट्रायल में किया गया। भारतीय नौकायन महासंघ ने एक बयान में कहा कि टीम में 20 पुरुष और 13 महिलाओ को चुना गया है। दोनो टीमों में दो दो स्थानापन्न खिलाड़ियों को रखा गया है। एशियाई खेलों के लिए नौकायन दल : पुरुष : बलराज पंवार (सिंगल स्कल) सतनाम सिंह (डबल स्कल और क्वाड्पल (चार खिलाड़ियों का स्कल) परमिंदर सिंह (डबल स्कल और क्वाड्पल (चार खिलाड़ियों का स्कल) जाकर खान (क्वाड्पल स्कल) सुखमीत सिंह (क्वाड्रसपल स्कल)अरविंद सिंह (लाइटवेट डबल स्कल) अर्जुन लाल जाट (लाइटवेट डबल स्कल), बाबू लाल यादव (कॉक्सलेस पेयर), लेखराम (कॉक्सलेस पेयर), जसविंदर सिंह (कॉक्सलेस फोर और कॉक्स्ड एट), भीम सिंह, पुनीत कुमार, आशीष (कॉक्सलेस फोर और कॉक्स्ड एट),नीरज, नरेश कलवानिया, नीतिश कुमार, चरणजीत सिंह, डी यू पांडे (कॉक्स्ड एट), आशीष गोलियां (स्थानापन्न स्वीप), कुलविंदर सिंह (स्थानापन्न स्कल्स), महिला : किरण , अंशिका भारती (लाइटवेट डबल स्कल), आसावती पी बी , एम नीलेश एस, टी प्रिया देवी, रुक्मणी (कॉक्सलेस फोर और कॉक्स्ड एट), सोनाली स्वेन , एच टी देवी, जी गीतांजलि (कॉक्स्ड एट), रेस एम मेरिल ए (स्थानापन्न), अर्चना अजी (स्थानापन्न)

### यूक्रेन, इस्राइल, स्पेन ने पेरिस ओलंपिक फुटबॉल के लिए क्वालीफाई किया

पेरिस। इस्राइल और स्पेन ने पेरिस ओलंपिक 2024 की पुरुष फुटबॉल स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया क्योकि इंग्लैंड ने अंडर 21 यूरोपीय चैम्पियनशिप क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। यूक्रेन ने फ्रांस को आखिरी क्वार्टर फाइनल में 3-। से हराया। फ्रांस मेजबान होने के नाते ओलंपिक के लिए स्वत: क्वालीफाई कर चुका है। इस्राइल और स्पेन ने अंडर 21 यूरो के जरिए क्वालीफाई किया। इंग्लैंड ने रविवार को पुर्तगाल को।. 0 से हराया था लेकिन ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व नही कर सकेगा। ब्रिटेन की ओलंपिक टीम में उत्तरी आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स भी पुरुष फुटबॉल मे शामिल है।

### मैं शुरू से भारत आना चाहता था : मार्टिनेज

कोलकाता। अर्जेंटीना की फीफा विश्व कप मे तीसरी खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले एमिलियानो मार्टिनेज सोमवार को यहां पहुंचे और फुटबॉल के दीवाने शहर ने उन्हे पलक पांवड़े पर बिठाने में कोई कसर नही छोड़ी। पेले, माराडोना, मेस्सी और काफू जैसे खिलाड़ियों की मेजबानी करने वाला शहर पहली बार एक मौजूदा विश्व कप विजेता की मेजबानी कर रहा है, जिन्होंने पिछले दिसंबर मे फ्रांस के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में शानदार प्रदर्शन करके अर्जेंटीना को 36 वर्षों में अपना पहला विश्व खिताब दिलाया था।

## वेस्टइंडीज के लिए खेलने का गौरव लौटाना होगा , कहा ग्रीनिज और गार्नर ने

**बेंगलुरू ।** वेस्टइंडीज क्रिकेट के सुनहरे दौर के साक्षी रहे पूर्व खिलाड़ियों को टीम का 2023 आईसीसी विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाना बुरी तरह खल रहा है। महान क्रिकेटर गॉर्डन ग्रीनिज और जोएल गार्नर को पता है कि विश्व कप जीतने का अनुभव कैसा होता है। वे 1979 में इंग्लैंड को हराकर लार्डस पर खिताब जीतने वाली कैरेबियाई टीम का हिस्सा थे। पीटीआई के संपर्क करने पर ग्रीनिज ने कहा , आजकल मैं बहुत ज्यादा क्रिकेट नहीं देखता हूं , खासकर सीमित ओवरों का क्रिकेट। पहले वेस्टइंडीज टीम की हार पर बहुत



दुख होता था लेकिन अब नहीं क्योंकि इतने साल में हमारा स्तर काफी गिर गया है। वेस्टइंडीज के बिना विश्व कप की कल्पना हालांकि मुश्किल है। अब टीम में गहराई नहीं रह गई है। हम वह नहीं रह गए हैं जो पहले थे। पहले वेस्टइंडीज के लिए खेलने में खिलाड़ी गर्व महसूस करते थे। यही हमारी प्रेरणा थी। अब युवा खिलाड़ी टी20 लीग को तरजीह देते हैं। उनका कोई दोष नहीं। हर किसी को आर्थिक सुरक्षा चाहिए। हमारी पीढी को इतना पैसा नहीं मिलता था। पैसा काउंटी क्रिकेट से आता था लेकिन आज के क्रिकेटरों के पास कमाई के कई साधन है। उन्हें दोष नहीं दिया जा सकता। वेस्टइंडीज के लिए खेलने का गौरव वापिस लौटाना होगा। वेस्टइंडीज टीम जब 2022 टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में नहीं पहुंच सकी थी, तब क्रिकेट वेस्टइंडीज के तत्कालीन अध्यक्ष रिकी स्केरिट ने पूरी जांच और बदलाव का वादा किया था। उसके बाद से भी हालांकि बहुत कुछ नहीं बदला है और स्केरिट निराश है। वेस्टइंडीज को विश्व कप में जगह नहीं बना पाता देखकर दुख हो रहा है। हमारा इतना गौरवशाली इतिहास रहा है और यह देखना दुखद है। एक सही तंत्र खड़ा करना होगा ताकि युवा खिलाड़ियों का फोकस और प्रेरणा बनी रहे। सभी को यह प्रयास करने होंगे, एक व्यक्ति या वर्ग को नहीं।

## स्वियातेक -जोकोविच दूसरे दौर में

### ● विंवलडन

**भाषा।** विम्बलडन

**दूसरी** वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने पुरुष एकल में सबसे ज्यादा विम्बलडन खिताब जीतने के रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की ओर मजबूत कदम बढ़ते हुए सोमवार को शुरुआती दौर के मुकाबले में अर्जेंटीना के पेड्रो काचिन को शिकस्त दी। सर्बिया के जोकोविच ने बारिश के प्रभावित दो घंटे 12 मिनट तक चले मुकाबले को 6-3, 6-3, 7-6 से अपने नाम किया। रिकॉर्ड 23 ग्रैंड स्लैम जीत चुके जोकोविच ने सात बार विम्बलडन पुरुष एकल का खिताब जीता है। रिकॉर्ड फेडरर के नाम है जो आठ बार इसके चैम्पियन बने है।महिला एकल की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी इगा स्वियातेक के मुकाबले में बारिश ने खलल डाली। उन्होंने पहले दौर के एकतरफा मैच में चीन की झू लीन को शिकस्त दी। ब तक चार ग्रैंड स्लैम जीत चुकी स्वियातेक ने लीन को 6-।, 6-3 से हराकर विम्बलडन में अपना पहला खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ाए। फ्रेंच ओपन की मौजूदा चैम्पियन ने कहा कि वह इस बार घसियाले कोर्ट पर बेहतर तैयारी के साथ पहुंची है। स्वियातेक अब तक विम्बलडन में चौथे दौरे से आगे नहीं बढ़ सकी है। साल 2019 में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली बारबोरा स्ट्राइकोवा इस साल शुरुआती दौर में जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी बनी। उन्होंने मरीना जनेवस्का को 6-।, 7-5 से हराया।अमेरिका के दो खिलाड़ियों के मुकाबले में चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने लौरिन डेविस को दो घंटे 20 मिनट तक चले मैच में 6-2, 6-7, 6-3 से पराजित किया। विम्बलडन में इस बीच रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों की भी वापसी हुई, लेकिन इनके नाम के आगे उनके देश का ध्वज नहीं है।



### फेडरर की सफलता का मनेगा जश्न

**विम्बलडन।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर मंगलवार के विम्बलडन टूर्नामेंट के दौरान सेंटर कोर्ट पर नजर आएंगे जहां इस प्रतियोगिता मे रिकॉर्ड संख्या मे खिताब जीतने पर उनका सम्मान किया जाएगा। पिछले साल संन्यास की घोषणा कर चुके फेडरर ने अपने 20 ग्रैंड स्लैम खिताब में से आठ इस घास के कोर्ट पर जीते है। यह पुरुष एकल का रिकॉर्ड है। सबसे ज्यादा 23 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले नोवाक जोकोविच इस साल फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करने की कोशिश करेंगे।

### कलाई की चोट के कारण हटे किर्गियोस

**विम्बलडन।** पिछले उपविजेता निक किर्गियोस ने कलाई की चोट के कारण विम्बलडन से नाम वापिस ले लिया। विम्बलडन ने रविवार की रात इसकी जानकारी दी और किर्गियोस ने भी सोशल मीडिया पर घोषणा की। उन्हे पुरुष एकल मे 30वीं वरीयता मिली थी और सोमवार को उन्हें डेविड गोफिन से खेलना था। अब उनकी जगह क्वालीफायर मे हारने वाले किसी खिलाड़ी को उतारा जाएगा। किर्गियोस इस सत्र मे एक ही मैच खेल सके है। उन्हे बाएं घुटने की चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से भी नाम वापिस लेना पड़ा था।

## विश्व चैंपियनशिप से पहले शारीरिक और मानसिक फिटनेस पर फोकस : नीरज

### ● 90 मीटर का कोई दबाव नहीं होगा

**भाषा।** नई दिल्ली



**पिछले सप्ताह** लुसाने डायमंड लीग जीतने वाले ओलंपिक भालाफेंक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने सोमवार को कहा कि अगस्त में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले शारीरिक और मानसिक फिटनेस पर फोकस रहेगा लेकिन 90 मीटर की बाधा पार करने का कोई दबाव नहीं है। मांसपेशियों में खिंचाव के कारण तीन शीर्ष स्पर्धाओं में भाग नहीं लेने वाले चोपड़ा ने डायमंड लीग के लुसाने चरण में वापसी करते हुए पिछले सप्ताह 87.66 मीटर की दूरी के साथ लगातार दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने पांच मई को दोहा में अपने करियर के चौथे सर्वश्रेष्ठ 88.67 मीटर के थ्रो के साथ सत्र की शुरुआती डायमंड लीग जीती थी। उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा कराई गई वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , शारीरिक और मानसिक रूप से दोहा की तुलना में लुसाने में काफी कठिन था क्योंकि बीच में चोटिल होने के कारण पूरा फोकस उस पर रह गया था। सत्र के बीच में चोट लग जाने पर रिकवरी पर फोकस चला जाता है। उन्होंने कहा , बीच में मैने तीन कांटिनेंटल गोल्ड स्तर के टूर्नामेंट छोड़े जहां मौसम अच्छा था और मैं 90 मीटर की बाधा पार कर सकता था लेकिन इसका कोई दबाव नहीं है। अभी एशियाई खेल और विश्व चैम्पियनशिप होनी है तो जिस दिन परिस्थितियां बनेंगी, 90 मीटर का थ्रो लग जाएगा। लुसाने के मौसम को देखते हुए प्रदर्शन अच्छा रहा। चोपड़ा ने कहा कि अब उनका ध्यान चोट से बचने पर है।

### नीरज विश्व के शीर्ष पांच एथलीटों में से एक : श्रीशंकर

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी कूद के शीर्ष खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने सोमवार को कहा कि ओलंपिक चैपियन नीरज चोपड़ा हर तरह की परिस्थितियो से आसानी से सामंजस्य बिठाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता के कारण दुनिया के शीर्ष पांच ट्रैक और फील्ड एथलीटो मे शामिल है। श्रीशंकर ने कहा, वह (चोपड़ा) विश्व मे हर तरह की परिस्थितियो से अच्छी तरह तालमेल बिठाता है और कैसी भी परिस्थिति हो उसमे अच्छा परिणाम देता है। वह न सिर्फ भाला फेंक का शीर्ष खिलाड़ी है, बल्कि इस समय दुनिया के शीर्ष पांच ट्रैक और फील्ड एथलीटो मे से एक है।

## मजूमदार होंगे भारतीय महिला क्रिकेट टीम के कोच

### ● सीएसी को 90 मिनट की प्रस्तुति से सबसे ज्यादा प्रभावित किया

**.भाषा। नई दिल्ली**



**पूर्व घरेलू** दिग्गज अमोल मजूमदार का क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) को प्रभावित करने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनना लगभग तय हो गया है। मजूमदार ने सोमवार को मुंबई में चयनित उम्मीदवारों के साक्षात्कार के दौरान अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक की सीएसी को अपनी 90 मिनट की प्रस्तुति से सबसे ज्यादा प्रभावित किया। टीम के कोच के लिए जिन अन्य लोगों ने साक्षात्कार दिया था उसमें डरहम के पूर्व कोच जॉन लुईस और तुषार आरोठे शामिल थे। आरोठे 2018 में इस्तीफा देने से पहले भी भारत के मुख्य कोच के रूप में काम कर चुके हैं। पिछले साल दिसंबर में रमेश पोवार को बर्खास्त किए जाने के बाद से भारतीय महिला टीम बिना मुख्य कोच के है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, सीएसी अमोल की प्रस्तुति से सबसे ज्यादा प्रभावित हुई। वह महिला टीम की योजना को लेकर स्पष्ठ है। अन्य प्रस्तुतियां भी अच्छी थी लेकिन अमोल की प्रस्तुति सर्वश्रेष्ठ रही। उम्मीद है कि इस काम के लिए उनके नाम का ही अनुमोदन होगा। मजूमदार हाल ही में मुंबई रणजी टीम के मुख्य कोच थे। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स और दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम के साथ भी काम कर चुके हैं। वह व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने वाले इकलौते उम्मीदवार थे। मजूमदार को नौ जुलाई से शुरू होने वाली बांग्लादेश दौरे से पहले टीम की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। भारतीय टीम इस दौरे पर मीरपुर में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों की श्रृंखला खेलेगी। भारतीय टीम पिछले पांच वर्षों में बड़े टूर्नामेंटों के अहम मुकाबलों में अच्छी स्थिति में होने के बाद भी जीतने में नाकाम रही है। टीम ने अभी तक आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का कोई खिताब नहीं जीता है। मजूमदार को दो साल का अनुबंध मिलने की संभावना है। उनसे उम्मीद की जाएगी कि वह अगले साल सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में होने वाले टी20 विश्व कप में भारत को पहली बार आईसीसी खिताब दिलाने में अपनी भूमिका निभाए। भारतीय टीम इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में बेहतर स्थिति में होने के बाद भी दबाव के क्षणों में बिखर गई थी। टीम के नए मुख्य कोच का ध्यान खिलाड़ियों की मानसिक मजबूती पर काम करने के अलावा उनकी शारीरिक फिटनेस में सुधार करना होगा। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, महिला टीम के लिए फिटनेस में सुधार एक बड़ा मुद्दा है।

## त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ग्लोबल चेस लीग चैंपियन



**दुबई।** डेनमार्क के ग्रैंडमास्टर योनास जेयर ने सडन डेथ मुकाबले में अपग्रेड मुंबा मास्टर्स के जोवाखीर सिंदारोव को हराकर त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स को पहली ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) का खिताब दिलाया। तीन चरण के टाईब्रेक के जरिए विजेता का फैसला किया। रेपिड बाजी के दो दौर ड्रॉ रहे जबकि इसके बाद ब्लिट्ज बाजी के दो दौर भी बराबरी पर छूटे। चैंपियन का फैसला अंततः सडल डेथ ब्लिट्ज बाजियों की श्रृंखला के साथ हुआ जहां चौथी बाजी में फैसला आया। टूर्नामेंट के सबसे अनुभवहीन खिलाड़ियों में शामिल रहने के अलावा अपने अधिकांश मुकाबले गंवाने वाले जेयर ने हालांकि सबसे महत्वपूर्ण लम्हे पर टीम के लिए जीत दर्ज की। जेयर ने रविवार रात की जीत के बाद कहा, अंतिम बाजी बेहद तनावपूर्ण थी। यह बेहद रोमांचक थी। मैं अब भी कांप रहा हूं। लेवोन अरोनियम (टीम कप्तान) ने मुझे कहा कि आप संघर्ष करो, अगर आप इस बाजी को जीतते हैं तो आप प्रतियोगिता जीत जाओगे। इस महत्वपूर्ण जीत से जेयर ने ना सिर्फ अपनी टीम के लिए खिताब जीता बल्कि पांच लाख डॉलर की इनामी राशि भी टीम को मिला। टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि 10 लाख डॉलर थी।

### एशियाई खेलों के ट्रायल्स में भाग लेगी दीपा कर्माकर

**अगरतला।** ओलंपियन दीपा कर्माकर डोप परीक्षण में विफल रहने के कारण 21 महीने का प्रतिबंध झेलने के बाद वापसी के लिए तैयार हैं और वह भुवनेश्वर में 11 और 12 जुलाई को होने वाले एशियाई खेलों के जिम्नास्टिक चयन ट्रायल में भाग लेंगी। उनके कोच बिश्वेश्वर नंदी ने सोमवार को यह जानकारी दी।ट्रायल्स के लिए नंदी भी दीपा के साथ भुवनेश्वर जाएंगे। एशियाई खेलों के लिए विभिन्न राज्यों के 40 जिमनास्ट ट्रायल्स में भाग लेंगे।नंदी ने पीटीआई से कहा, विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के डोप परीक्षण में नाकाम रहने के कारण पिछले 18 महीनों से खेल से बाहर रहीं दीपा कर्माकर भुवनेश्वर में एशियाई खेलों के ट्रायल्स में भाग लेने के लिए तैयार है। उसका प्रतिबंध 10 जुलाई को पूरा हो जाएगा।

## कनाडा ओपन में लय हासिल करने के इरादे से उतरेंगे सिंधू और लक्ष्य

**भाषा।** कैलगरी

**स्टार भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे कनाडा ओपन विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में लय हासिल करने और मौजूदा ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र में बहुमूल्य रैंकिंग अंक हासिल करने के इरादे से उतरेंगे।दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू चोट के बाद वापसी करते हुए फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही हैं। दुनिया की दूसरे नंबर की पूर्व खिलाड़ी सिंधू की मौजूदा बीडब्ल्यूएफ महिला एकल रैंकिंग 12वीं है और उन्हें पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र (एक मई 2023





से 28 अप्रैल 2024) में उनक टूर्नामेंटों की भरपाई भी करनी है जिनमें वह चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाईं।इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान स्ट्रेस फ्रेक्चर हुआ था और वह अब भी पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए जूझ रही हैं । वह फरवरी में दोहा में बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी लेकिन इस साल कुछ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले पाईं। इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अप्रैल में मैड्रिड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट में रजत पदक जीतना रहा। इसके बाद वे दो टूर्नामेंट के पहले दौर में बाहर हो गईं जबकि एक में उन्हें दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा। सिंधू के लिए यहां ड्रॉ तुलनात्मक रूप से आसान है। उन्हें पहले दौर में स्थानीय दावेदार तालिया एनजी से भिड़ना है।

### भारत की सीनियर टीम में जगह बनाने वाली असम की पहली क्रिक्टर बनी उमा

**गुवाहाटी।** असम के गोलाघाट जिले की 20 साल की उमा छेत्री ने भारतीय क्रिकेट में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। वह भारत की सीनियर क्रिकेट टीम में पूर्वोत्तर क्षेत्र के इस राज्य की पहली खिलाड़ी है। उमा इस महीने बांग्लादेश के दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम का हिस्सा है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए ट्विटर पर लिखा, असम में क्रिकेट एक शानदार नए अध्याय में प्रवेश कर गया है क्योंकि हम गर्व से भारतीय महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में अपना पहला प्रतिनिधित्व देख रहे हैं। उमा छेत्री को उनकी इस उपलब्धि, हमारे राज्य से नीली जर्सी पहनने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए बधाई। हम बांग्लादेश के आगामी दौरे पर उमा और भारतीय टीम का समर्थन करेंगे।